राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 179
लखनऊ, सोमवार 17 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



समूहों की महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी : केशव प्रसाद मौर्य 03

महाकुंभ हमारी परंपराओं की जीवंतता का प्रमाण : नितिन गडकरी 12

सीएम योगी ने प्रयागराज महाकुंभ में जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा

# धरती को अभी से बनाएं हराभरा

▸ हम प्रलय की प्रतीक्षा न करें, यही है कुंभ का संदेश : योगी

समृद्धि न्यूज

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा।

श्री योगी रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं।

कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है।



## जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए चिंतन जरूरी

उन्होंने कहा इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको सोचना होगा की कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण के प्रदूषण का कारण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन का ही कारण है कि धरती माता की धमनियों के रूप में जिन नदियों को अविरल बहना चाहिए था वह सूखती जा रही हैं। अनुमान कीजिए, अगर शरीर की रक्त धमनियां सूख गई तो शरीर की स्थिति क्या होगी। अगर धरती माता की धमनियां सूख गईं या प्रदूषित हो गई तो जिन धमनियों से रक्त का प्रवाह होना चाहिए उसकी क्या स्थिति होगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने संतों से किया संवाद

कथावाचक प्रदीप मिश्र और जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से की मुलाकात

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं।

## रामलला के दर्शन कर भाव-विभोर हुए सांसद अभिषेक सिंघवी

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राज्यसभा सांसद अभिषेक सिंघवी आज रविवार सुबह अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। राम लला के दर्शन को सौभाग्य आत्मा को झकझोरने वाला अनुभव करार दिया। रामलला के दर्शन मंदिर में प्रार्थना अर्पित करने के बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी भावनाएं साझा की।अभिषेक मनु सिंघवी ने एक्स पोस्ट में लिखा, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन करने आज सुबह की आरती के दौरान प्रार्थना करने का दिव्य सौभाग्य प्राप्त हुआ। भगवान श्री राम हमारे देश को शांति, सद्भाव समृद्धि प्रदान करें। जय श्री राम! एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, अयोध्या की पवित्र भूमि पर घूमते हुए मुझे एक अवर्णनीय शांति का अनुभव हुआ। भगवान श्री राम की जन्मभूमि की दिव्य आभा हर कोने को भक्ति शांति से भर देती है। घाट, मंदिर लोगों की अटूट आस्था अयोध्या को एक कालातीत आध्यात्मिक खजाना बनाती है। वास्तव में एक आत्मा को झकझोर देने वाला अनुभव हुआ है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मची भगदड़ में अब तक 18 की मौत

▸ मृतक परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को ढाई व मामूली रूप से घायलों को 1-1 लाख की सहायता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। र

ाष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर दो सदस्यीय समिति ने जांच शुरु की



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार शामिल हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार समिति ने अपनी जांच शुरू कर दी है और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सभी वीडियो फुटेज पूरी तरह सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। हादसे के बाद सुबह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। कल रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संत प्रेमानंद से वृंदावन एनआरआई ग्रीन्स सोसाइटी के अध्यक्ष ने माफी मांगी

**मथुरा।** संत प्रेमानंद महाराज की रात्रिकालीन पदयात्रा का विरोध करने का शायद अब एनआरआई ग्रीन्स आवासीय कॉलोनी के लोगों के मन में पश्चाताप हो रहा है। सोसाइटी के अध्यक्ष आशु शर्मा ने रविवार को संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करके इस बात के संकेत दिए। अब संत प्रेमानंद महाराज की हां के बाद कॉलोनी के लोग संत प्रेमानंद महाराज के पास जाएंगे और संभवत: अपनी गलती के लिए क्षमा याचना करेंगे।एनआरआई ग्रीन्स सोसाइटी के अध्यक्ष आशु शर्मा ने संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर यात्रा के विरोध पर पश्चाताप करते हुए उनसे क्षमा याचना की। अध्यक्ष ने संत प्रेमानंद महाराज से कहा कि सोसाइटी के लोग उनसे मिलना चाहते हैं। इस पर संत ने कहा कि हम किसी से नाराज नहीं हैं, लोग आना चाहते हैं तो आएं।

### पीएम का हर क्षण गांव व गरीबों को समर्पित : स्वतन्त्र

**गोरखपुर।** प्रदेश के जल शक्ति मन्त्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह 2025-26 के लिये प्रस्तुत केन्द्रीय बजट की खूबियों को लेकर सर्किट हाउस के सभागार में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर क्षण गाँव और गरीबों के कल्याण के लिये समर्पित रहा है। इसी नाते इस बार का केन्द्रीय बजट मध्यम वर्ग, महिला, युवा व किसानों के लिए कारगर साबित होने वाला है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि इस बार का केन्द्रीय बजट समाज के सभी वर्गों के लिये वरदान है। सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता और एनेक्सी भवन में संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जल शक्ति मन्त्री ने कहा कि बजट में करदाताओं को राहत प्रदान किया गया है। 12 लाख रुपये तक की आय कर-मुक्त करके सरकार ने मध्यम वर्ग के हित मे ऐतिहासिक काम किया है।

### पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को हराया

**भुवनेश्वर।** भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2024-25 में निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहने के बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से हरा दिया। यहां खेले गये मुकाबले भारत और इंग्लैंड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दोनों टीमों को पहले हॉफ टाईम तक कई बार गोल करने के मौके मिले लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। दोनों ही टीमों ने दूसरे हॉफ में गोल किये। भारत के लिए नवनीत कौर ने (53वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (57वें) मिनट में गोल किये। वहीं इंग्लैंड के लिए पेज गिलोट ने (40वें) मिनट और टेसा हॉवर्ड ने (56वें ) मिनट में गोल दागे। निर्धारित समय में दोनों टीमे 2-2 की बराबरी पर रहा और दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया तथा खेल शूटआउट में चला गया।

# यूपी विधान सभा बजट सत्र से पहले सुरक्षा की समीक्षा बैठक

▸ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की बैठक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। योगी सरकार का 20 फरवरी को बजट पेश होगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। 18 फरवरी को सुबह 11 राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र आरंभ होगा और 5 मार्च तक सदन चलने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के उपरांत औपचारिक कार्य अध्यादेशों अधिसूचनाओं नियमों आदि सदन के पटल पर रखा जाएगा। दूसरे दिन 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। विधाई कार्य भी किए जाएंगे 20 फरवरी को योगी आदित्यनाथ सरकार 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेगी। बजट प्रस्तुत करने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चलेगी। 21 फरवरी को भी राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा एवं विधाई कार्य पूरे किए जाएंगे।

## भाजपा विधायक दल की बैठक टली, अब 19 को तय होगा नया सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए सीएम का नाम तय करने के लिए सोमवार को बुलाई गई विधायक दल की बैठक टल गई है। अब 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी और 20 को नए सीएम का शपथ समारोह होगा। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है। भाजपा 71त्न स्ट्राइक रेट के साथ 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही है। ऐसे में शपथ ग्रहण समारोह एक ग्रैंड इवेंट की तरह हो सकता है। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग आ सकते हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पूरी कैबिनेट समेत पार्टी के बड़े नेता शामिल होंगे।

# ट्रेवलर व खड़ी बस में जोरदार टक्कर, चार श्रद्धालुओं की मौत

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** रविवार की सुबह लखनऊ से अयोध्या के लिए जा रही ट्रेवलर बस ने रोड पर पहले से खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बस में सवार माता पुत्र सहित चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं एवं दो पुरुष शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही लोनीकटरा पुलिस और यूपीडा की टीमें मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

छत्रपति शिवाजी चौक थाना भाग्यनगर नांदेड़ महाराष्ट्र के डेढ़ दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं को लेकर लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अयोध्या आ रही ट्रेवलर बस जब रविवार सुबह लगभग 4 बजे थाना लोनी कटरा के गंगापुर गांव के निकट पहुंची तो पूर्वांचल पर ही खराब होकर खड़ी लग्जरी बस में पीछे से टकरा गई। घटना के बाद बस चालक विट्ठल शिंदे जहां फरार हो गया, वही घायलों के बीच चीख पुकार मच गई। इस बस में सवार 10 पुरुष, 2 बच्चे सहित 19 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे की सूचना यूपीडा के अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को दी गई। जिसके बाद शुरू हुए राहत व बचाव अभियान के तहत कुछ घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज व कुछ को सीएचसी गोसाईगंज लखनऊ में भर्ती कराया गया। त्रिवेदीगंज सीएचसी लाये गये घायलों में शामिल दीपक पुत्र गणेश, सुनील भंडारे पुत्र दिगंबर 43 वर्ष, उनकी माता अनुसूया 60 वर्ष को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, जबकि लखनऊ के गोसाईगंज स्थित अस्पताल पहुंचाएं गये घायलों में से जयश्री पत्नी कुंडली 60 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। चैतन्य राहुल स्वामी पुत्र राहुल 16 वर्ष, शिव शक्ति पत्नी गणेश 60 वर्ष, गणेश पुत्र यरैया गोडगे 60 वर्ष, रंजन पत्नी रमेश मठपती 60 वर्ष, भक्ति पत्नी दीपक उम्र 30 वर्ष,ज्योति पत्नी प्रदीप उम्र 50 वर्ष, श्रीकांत पिता भिरैया उम्र 32 वर्ष, माधवराव पुत्र रूद्र राव उम्र 55 वर्ष, सुनीता राव पत्नी माधव उम्र 48 को घायल अवस्था में त्रिवेदीगंज व गोसाईगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते जिला अस्पताल बाराबंकी एवं ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एएसपी अखिलेश नारायण सिंह, एसडीएम एमएसटी खान, सीओ आलोक पाठक भी सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचे और हालात का जायजा लिया।



▸ दुर्घटना में 19 लोग घायल, महाराष्ट्र से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 का कार्यक्रम घोषित किया, 22 मार्च को होगा पहला मैच

▸ शेड्यूल के मुताबिक 13 स्थानों पर खेले जाएंगे कुल 74 मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 18वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा और फाइनल 25 मई को खेला जाएगा।

शेड्यूल के मुताबिक इस सीजन 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इसमें 12 डबल-हेडर शामिल होंगे। दोपहर वाले मैच 03.30 बजे शुरू होंगे, जबकि शाम के मैच शाम 07.30 बजे से शुरू होंगे।



इस सीजन का ओपनिंग मैच 22 मार्च को आईपीएल 2024 की विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में होगा। 23 मार्च यानी रविवार को डबर हेडर मुकाबला खेला जाएगा। दोपहर को पहले डबल हेडर में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का सामना राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से हैदराबाद में होगा।

इसके बाद शाम को एक रोमांचक मुकाबला होगा जिसमें दो पांच बार के आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। इस सीजन कुल 12 डबल हेडर्स खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) 24 मार्च को विशाखापत्तनम में एक-दूसरे से भिड़ते हुए सीजन का अपना पहला मैच खेलेंगे।

## महाप्रबंधक हितेश मेहता 21 तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई।** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में हुए 122 करोड़ घोटाला मामले में पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता को रविवार को कोर्ट ने 21 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मेहता को शनिवार शाम को दहिसर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा ने मेहता पर 122 करोड़ की हेराफेरी करने के आरोप लगाया है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता के विरुद्ध मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया था। इसके बाद शनिवार को सुबह पुलिस ने दहिसर स्थित हितेश मेहता के घर पर छापा मारा और तलाशी ली थी। पुलिस ने हितेश मेहता से उनके घर पर पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन जांच में सहयोग न करने पर शाम को पुलिस ने मेहता को गिरफ्तार कर लिया था।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाकुंभ में लगाई पुण्य की डुबकी



डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट की पूजा करतीं राज्यपाल

# पीएम मोदी के कहने भर से देश नहीं बनता एआई लीडर : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एआई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को हमला किया और कहा कि श्री मोदी के कहने भर से देश एआई लीडर नहीं बन जाता है।

श्री गांधी ने आज यहां कहा कि एआई की तकनीकी और डाटा हमारे पास नहीं है। एआई लीडर बनने के लिए तकनीकी और डाटा बुनियादी जरूरत होती है और इसके बिना कोई भी लीडर नहीं बन सकता इसलिए यह समझने की बात है कि श्री मोदी के कहने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन सकता है। श्री गांधी ने कहा, मोदी जी के बस कह देने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन जाएगा। एआई को काम करने के लिए डेटा चाहिए, नयी तकनीक का उत्पादन चाहिए और हमारे पास इनमें से कुछ नहीं है।



उन्होंने कहा, विश्व तेज़ी से बदल रहा है-उद्योग बदल रहे हैं, युद्ध और हथियार बदल रहे हैं। एक नयी औद्योगिक क्रांति हमारे दरवाज़े पर खड़ी है और भारत इस मौके को हाथ से जाने नहीं दे सकता।

लक्ष्य

पीएम मोदी ने भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्सट 2025' का किया भ्रमण

# टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक नौ लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए रविवार को इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा।

श्री मोदी राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्सट 2025' का भ्रमण करने के बाद वहां उपस्थित भागीदारों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा, हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज उद्यमियों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे।



उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान इस समय 11 प्रतिशत है तथा सरकार के प्रयासों के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दो गुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमों की परिभाषा बदलने कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा होगा जो रोजगार का एक बड़ा स्रोत है।

## कपड़ों का प्रयोग कर नयी-नयी चीजें बनाने की अपील

श्री मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की 5एफ (खेत से लेकर विदेशी बाजार तक की मूल्य श्रृंखला को प्रोत्साहित करने की) पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पिछले साल मैंने टेक्सटाइल इंडस्ट्री में फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी.. यह विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है। उन्होंने टेक्सटाइल क्षेत्र को कचरा कम से कम सृजित करने, पुनर्चक्रण और फैशन में बदलवा के कारण दुनिया भर में हर महीने फेंके जाने वाले कपड़ों का प्रयोग कर नयी-नयी चीजें बनाने के अवसर की संभावनाओं के दोहन की अपील भी की। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने स्वागत भाषणा में कहा कि इस बार इस प्रदर्शनी में खरीदारों और प्रदर्शकों की संख्या पिछले साल से अधिक है। प्रदर्शनी में 126 देशों के 6000 खरीदार और 5000 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाली इकाइयां भाग ले रही हैं।

# यात्रियों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि: जिलाधिकारी

- डीएम ने रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टेशन का किया निरीक्षण,
- श्रद्धालुगण, यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ प्रयागराज में जनपद से जाने वाले श्रद्धालुगण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभारी एसपी/एएसपी नेपाल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम अश्विनी सिंह, सीओ सिटी रमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ लखीमपुर रेलवे स्टेशन, और रोडवेज बस स्टेशन लखीमपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



डीएम ने अफसरो की टीम संग पूरे रेलवे स्टेशन का पैदल भ्रमण किया। मौजूद यात्रियों से संवाद करते हुए जाना कि उन्हें किस गंतव्य से और किस ट्रेन के माध्यम से जाना है। इस दौरान मौजूद रेलवे के जिम्मेदार अफसरो से यात्रीगण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम-सीओ को निर्देश दिए कि रेलवे के अधिकारियों से समन्वय रखते हुए यहां से गुजरने वाली ट्रेन में ओवरक्राउडिंग ना हो, इसे सुनिश्चित कराया जाए। प्रयागराज जाने के लिए जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन की रवानगी अपनी देखरेख में सुनिश्चित कराए। इस दौरान उन्होंने आरपीएफ और जीआरपी के अफसरो को भी निर्देशित किया। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल अफसरों के दल बल के साथ लखीमपुर रोडवेज बस स्टेशन पहुंची, जहां उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर से प्रयागराज जाने वाली बसों के संबंध में जानकारी ली, निर्देश दिए कि यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी दशा में ओवरक्राउडिंग ना हो इसे सुनिश्चित कराया जाए।

### बसों, ट्रेनों में न हो ओवर क्राउडिंग, बनी रणनीति, जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक

**डीएम के निर्देश, यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि, अफसर भ्रमणशील रहकर कराएं सुनिश्चित**

भ्रमण से पहले डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने कैंप कार्यालय में ट्रेन और बसों के माध्यम से महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से अफसरो की बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के तहसील क्षेत्र में प्रत्येक एसडीएम, सीओ अपने तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों का भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं और यात्रीगण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी और यात्री कर अधिकारी कौशलेंद्र यादव को निर्देश दिए कि भ्रमणशील रहकर बसों की चेकिंग करते हुए सुनिश्चित कराए कि किसी भी दशा में सरकारी एवं निजी क्षेत्र की वाहनों में ओवरक्राउडिंग ना हो।

# खमरिया खुर्द में नौ साल के बच्चे को लगा करंट



- निर्माणाधीन मकान की सरिया से टकराई 11 हजार वोल्ट की लाइन, गंभीर हालत में भर्ती

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के खमरिया थाना क्षेत्र खमरिया खुर्द गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां 9 वर्षीय बच्चा अंश विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना सुबह 8 बजे की है, जब अंश पुत्र विजय कुमार अपने घर खेल रहा था और तभी निर्माणाधीन मकान की सरिया 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। घटना के बाद परिजन तुरंत बच्चे को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर प्रवीण कुमार ने उन्हें लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है।



स्थानीय क्षेत्र वासियों ने बताया कि गांव में 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइनें घरों के ऊपर और बगल से गुजर रही हैं। कई जगहों पर ये लाइनें महज 4, 5 फीट की ऊंचाई पर हैं।

इस खतरनाक स्थिति से अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व में भी इन लाइनों से कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों और जानवरों को भी करंट लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि जर्जर हाईटेंशन लाइनों का उच्चीकरण किया जाए और पुरानी लाइनों को बदला जाए। अधिकारियों की लापरवाही से क्षेत्र में दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई मगर फोन नहीं उठ सका।

## खबरें एक नजर में

### युवती की हत्या कर शव को फेंकने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** लखीमपुर के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गौरिया गांव में विशेष समुदाय के एक युवक ने गांव की ही एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर देहरादून भगा ले गया था, जहां युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती की हत्या कर शव को देहरादून के पास जंगल में फेंक दिया, आरोपियों की निशानदेही पर उत्तराखंड और लखीमपुर की पढ़ुआ पुलिस ने शव को बरामद कर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछ ताँछ शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर आगे की कार्यवाही में जुट गई थी। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं निघासन सीओ महक शर्मा के पर्यवेक्षण में पढ़ुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में पढ़ुआ चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, कौशलेंद्र, योगेन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल सपना ने युवती के साथ दुष्कर्म, हत्या, विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन सहित कई अन्य संगीन धाराओं में वांछित गुलिस्तान पत्नी सलमान पुत्तु पुत्र छंगा निवासी गण ग्राम गौरिया थाना पढ़ुआ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा।

### क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की पहली बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से इरफान अंसारी को संगठन का जिलाध्यक्ष, अंशुल वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से बहराइच जिले से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी व एनुअल फंक्शन बड़ी धूमधाम में मनाया गया




**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे में सिंगाही पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी व एनुअल फंक्शन बड़ी धूमधाम में मनाया गया। सामूहिक प्रार्थना के साथ छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ाते हुए किया। इस दौरान मोहम्मद क़य्यूम ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों को इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए, ऐसे सांस्कृतिक और मनोरंजन भरे आयोजन से बच्चों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन का विकास होता है। उसके बाद बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने एकल गीत, डांस, सामूहित नृत्य, नाटक प्रस्तुत किए। मनरूप कौर ने मम्मी नु पसंद नहीं तू तेरा गोरा मुँह गीत पर शानदार प्रस्तुत दी। अहा टमाटर बड़े मजेदार पर नन्हे मुन्ने बच्चों डांस करके सबका मन मोह लिया। पार्थ गुप्ता, सार्थक, सुभम, दाऊद आदि ने चुनरी चुनरी पर डांस पर खूब तालियां बटोरी। सिंगाही पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और अभिभावकों का आभार जताया। संचालन अध्यापक फरीना और फरीद अहमद ने किया। इस दौरान, बलविंदर सिंह, मदन गोपाल वर्मा, रमन जायसवाल, विवेक श्रीवास्तव, मोहम्मद लतीफ, जोगेंद्र शाक्या, ऋषभ जैन, दीपिका मिश्रा, हर्षिता मिश्रा, ऋचा गुप्ता सहित स्कूल के विद्यार्थियों समेत उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### सात पारिवारिक विवादों में पति-पत्नी के मध्य हुआ सुलह समझौता



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** महिला थाने में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक साधना यादव एवं काउंसलरों के सहयोग से 07 पारिवारिक विवादों में पति-पत्नी के मध्य सुलह समझौता कराके विदाई कराई गई है । बताते चलें कि पति-पत्नी व परिवारों के मध्य बढ़ाते विवाद जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर एवं पारिवारिक कलह की शिकायती प्रार्थना पत्रों में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक साधना यादव द्वारा प्रत्येक रविवार को महिला थाना परिसर में काउंसलरों के माध्यम से सुलह समझौता करने का प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में काउंसलर कय्यूम अली जरवानी, कुसुम गुप्ता महिला आरक्षी सीता , सारिका चौहान, बबली पवार के अर्थक प्रयास से एक दर्जन शिकायती प्रार्थना पत्रों सुलह समझौते से 07 जोड़ों की विदाई कराई गई। 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों में आए लोगो को एक सप्ताह का सोचने समझने का समय दिया गया है।

# करोड़ों खर्च और वर्षों इंतजार के बाद भी ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अपूर्ण

- फरवरी 2021 में शुरू हुआ था मई 2022 तक पूरा होना था कार्य

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के फरधान कस्बे में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज नौ दिन चले ढाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। करोड़ों खर्च और वर्षों इंतजार के बाद भी इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नही हो सका है। हालत यह है सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी के आगे अब आम-आवाम परेशान है और सिस्टम भी लाचार दिख रहा है। आए दिन सड़क पर जाम लगता है। कार्य कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा व्यवस्था का कोई पुख्ता इंतजाम न होना भी बड़ी दुर्घटना को दावत देना है। रोज की जाम से कस्बे के व्यापारी भी परेशानी झेल रहें है।

फरधान कस्बे में पीलीभीत बस्ती मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर करोड़ों खर्च और वर्षों इंतजार के बाद भी ओवरब्रिज का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। फरवरी 2021 में शुरू हुआ था। मई 2022 तक पूरा होना था कार्य। शुरू में कोरोना की दूसरी लहर की वजह से आधे दिन लाकडाउन लगा रहता था। जिसके चलते कार्य में कुछ समय के लिए रुकावट हुई। लॉकडाउन पूर्ण रूप से खत्म हो जाने की बाद भी कार्य की रफ्तार धीमी रही।

### डेडलाइन के तीन साल बाद भी नहीं पूरा हुआ कार्य

कस्बे में नहर पुल से कस्बे की नितिन तिवारी की दुकान तक 1350 मीटर ओवरब्रिज बनना था। जिसमें लगभग 900 मीटर दूरी दीवार खड़ी करके रेलवे क्रासिंग पर दोनो तरफ दो दो पिलर खड़े करके रेलवे ओवरब्रिज पूरा करना था। लेकिन फरवरी 2024 में तीन वर्ष पूरे हो गए फिर भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। जबकि निर्धारित समय के अनुसार इसे मई 2022 यानी की डेढ़ वर्ष में पूरा करना था।

### निशुल्क न्यूरो चेकअप कैम्प आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** शहर स्थिति स्पन्दन नर्सिंग होम में प्रातः 11बजे से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क न्यूरो चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आये डाक्टर आलोक श्रीवास्तव ने कैम्प में आये मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाई समय से खाकर अगले कैम्प मे आकर हाल बताने का आग्रह किया। बता दें डाक्टर आलोक श्रीवास्तव प्रति माह के पहले व तीसरे रविवार को लखीमपुर में इसी नर्सिंग होम में आकर चेकअप करते हैं। स्पंदन नर्सिंग होम के मालिक डाक्टर अंजित सिंह ने बताया कि वह जन हित में स्वयं व अपनी पत्नी डाक्टर प्रिया सक्सेना के साथ जन सेवा कर रहे हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डाक्टर प्रिया सक्सेना द्वारा भी निशुल्क कैम्प लगाकर मरीजों को अपनी सेवायें प्रदान की गयी। डाक्टर प्रिया सक्सेना ने कहा कि उनके स्पन्दन नर्सिंग होम में प्रत्येक रविवार को महिलाओ को निशुल्क ओपीडी की सुविधा दी जा रही है। डाक्टर अंजित ने कहा कि उनके नर्सिंग होम मे डायबिटीज, थायरॉइड, हार्मोन रोग स्पेशलिस्ट डाक्टर एन खडगवाल भी आकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई की सलाह देते हैं।

# संविलियन विद्यालय में सब्जी खरीददारी के बिल में हुई गड़बड़ी आई सामने

- एक जगह 10 तो दूसरी जगह 110 रुपए प्रति किलो के रेट से खरीदे गए आलू

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा का मंदिर जहां पर बच्चों को शिक्षा दी जाती है, बच्चों को संस्कार दिए जाते है लेकिन जब भ्रष्टाचार के दलदल में डूब जाए तो बच्चों का भविष्य कैसा होगा यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

लखीमपुर विकासखंड का एक ऐसा स्कूल जहां पर वर्ष 2023 के फरवरी माह में दो अलग-अलग दुकानों से मध्याहन भोजन के लिए आलू खरीदे गए जिसमें एक जनरल स्टोर से 110 रुपए प्रति किलो का भुगतान किया गया वही 28 फरवरी 2023 को ही दूसरी दुकान से आलू खरीदा गया तो वहां पर 10 रुपए प्रति किलो मिला। वही इस पूरे मामले को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई।




इस भ्रष्टाचार का खुलासा नयागांव निवासी अनुज शुक्ला ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना से किया गया। अनुज शुक्ला बताते हैं कि संविलियन विद्यालय मूड़ा बुजुर्ग वि. क्षे. लखीमपुर खीरी में 28 फरवरी 2023 को जय मां संतोषी जनरल स्टोर बेहजम रोड से 110 रुपए किलो आलू खरीदा गया जिसका भुगतान भी हो चुका है इतना ही नहीं इसी दुकान से हरी सब्जी रुपए 100 किलो खरीदी गई इसमें भी यह नहीं दर्शाया गया है हरी सब्जी कौन सी थी वही दूसरी दुकान रामू सब्जी विक्रेता फरधान से उसी दिन खरीदी गई सब्जी में आलू का रेट रुपए 10 किलो और हरी सब्जी का रेट रुपए 15 किलो लिखा है।

> इस संबंध में बीएसए लखीमपुर खीरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। रिपोर्ट मंगवाकर कार्रवाई की जाएगी।

एक ही दिन दो दुकानों से खरीदी गई सब्जी के रेट यह बताने के लिए काफी है कि शिक्षा विभाग में सरकारी धन का बंदर बाट कैसे किया जा रहा है।

### तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत बैलहा में एक बार फिर हुई तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है कुछ दिन पहले तेंदुए के द्वारा खेत में लाही काट रहे एक व्यक्ति पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया था। निघासन तहसील की बैलहा ग्राम पंचायत में मंडक फॉर्म के निकट गन्ने के खेतों से लाही के खेत की तरफ तेंदुए को जाते देखा गया हैं जिसका वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है यह वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है पिछले दिनों बैलहा डीह के निकट खेतों में लाही काट रहें,एक व्यक्ति पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया था, अगले दिन ठाकुर पुरवा गांव में एक बछड़े को भी मौत के घाट उतार दिया था, लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आदमखोर तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया था, लेकिन एक बार फिर से तेंदुए को खुलेआम खेतों में घूमता देख ग्रामीण दहशत में आ गए, ग्रामीणों का मानना हैं इस क्षेत्र में दो तेंदुए थे इसमें एक तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ लिया था दूसरे तेंदुए के लिए विभाग का कहना था वह तेंदुआ जंगल की तरफ है, लेकिन आबादी क्षेत्र की तरफ तेंदुए घूम रहा हैं। वहीं वन विभाग का कहना है या क्षेत्र जंगल से जुड़ा हुआ है इसलिए जंगली जानवरों का आबादी क्षेत्र में पहुंचना आप बात है वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए हैं।

# फिराक गोरखपुरी साहित्यिक मंच द्वारा कवि सम्मेलन हुआ संपन्न

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार की शाम उरुवा बाज़ार के कुरावल चौराहे के पास मधुपट्टी गाँव में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फ़िराक़ गोरखपुरी साहित्यिक मंच के तत्वावधान में आयोजित किया गया था जो क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित साहित्यिक संगठन है।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरानुसार दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद सभी कवियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कवियों ने बारी-बारी से अपना काव्यपाठ किया। उपस्थित कवियों में से कुछ प्रमुख नाम थे जिन्होंने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्र के ही युवा कवि आदर्श कौशिक ने जब मणिपुर पर कविता पढ़ी तो लोगों ने खूब सराहा। कवि शीतेश मणि ने फ़िराक़ गोरखपुरी पर शेर पढ़कर लोगों की वाहवाह बटोरी। अब मंच पर आए कवि अजय पटेल वाग्मी ने हनुमान और प्रभु श्रीराम पर कविता सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इसके बाद गोरखपुर के युवा कवि रोहन निष्पक्ष ने जब अपना गीत, मन रोता है किंतु अधर ये हँसते हैं, बिन सीखे ही ये अभिनय सब करते हैं पढ़ा तो श्रोताओं ने तालियों से इसकी सराहना की। अब बारी थी सीवान, बिहार के युवा कवि यशस्वी यशवंत की जिन्होंने पढ़ा, ÷हादसों से रेलगाड़ी को बचाना है तुम्हें, पटरियों मिलना नहीं पर साथ जाना है तुम्हें।÷ इस शे'र को खूब वाह-वाह मिली। इसके बाद आए गोरखपुर के युवा कवि अमर हिंदुस्तानी ने जब




पढ़ा, याद तुमको बहुत आएँगे दौर वो भी ज़रूर आएगा, तुम पढ़ोगी ये अख़बार में इक चमकते सितारे हैं हम। तो श्रोताओं ने इसपर ख़ब तालियाँ बजाई। देवरिया के शायर उजाला उज्ज्वल ने पढ़ा, इतनी मोहलत ही नहीं है कि कोई कल निकले, जिसे दिल से निकलना है वो इसी पल निकले। इसपर खूब वाहवाह हुई। इसके बाद पत्रकार विकास गोस्वामी ने अपनी अहम् ब्रह्मास्मि कविता पढ़कर लोगों की तालियाँ बटोरी। गोरखपुर की ख्यातिलब्ध कवयित्री डॉ. चेतना पाण्डेय ने जब पढ़ा ÷लुटे रंग सारे मेरी ओढ़नी के, पिया तो तिरंगा कफ़न लेके लौटे÷ तो लोग वाहवाह करने पर मजबूर हो गए। गोरखपुर के वरिष्ठ कवि प्रदीप मिश्र ने पढ़ा, बाँटकर खुशियाँ सभी का दुख बँटाना चाहिए, ज़ख़्म अपना बस हकीमों को दिखाना चाहिए। इसपर लोगों ने खूब तालियाँ बजाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोरखपुर के वरिष्ठ कवि आचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने मेरे साये में रहती थी रौनक कभी, आज तन्हा हूँ सूखे शजर की तरह पढ़ा तो लोगों की खूब वाह की। इस कार्यक्रम का संचालन भोजपुर के हास्य कवि बादशाह प्रेमी ने किया जिनके चुटीले अंदाज़ ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। आयोजक महीप श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

यह कवि सम्मेलन ने क्षेत्र में साहित्य और कविता के प्रति लोगों की रुझान के लिए एक अनूठा प्रयास था जिसके सकारात्मक परिणाम दिखे। यह कार्यक्रम साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और कविता के प्रति लोगों की रुचि को बढ़ाने में सफल रहा। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार मल्ल, अखिलेश मिश्रा, पप्पू शेख, विनय श्रीवास्तव, छोटेलाल यादव, संतोष कुमार, विश्वजीत सिंह और तमाम श्रोता गढ़ उपस्थित रहे।

# सामाजिक सेवा करने से अलग ही आत्मीय सुख की अनुभूति होती है: गणेश

- शादी के चंद दिन पहले बेटी के सर से पिता का साया हटतें ही, अनाथ बेटी को मांगलिक सुख देने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।** घुघली के प्रतिष्ठित व्यवसायी गणेश अग्रवाल जो हमेशा गरीबों, असहायों के मदद करने व धर्मार्थ कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने में आगे रहते है। विगत दिनों संविदा पर निचलौल तहसील में अमीन के पद पर कार्य कर रहे बालमुकुंद की 22 जनवरी 2025 को एक मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। बालमुकुंद मूल रूप से ग्राम सेमरहना तहसील निचलौल के स्थायी निवासी थे। बेटी के शादी के चंद दिन पहले पिता बालमुकुंद का साया बेटी के ऊपर से उठ जाने के कारण पूरे परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा। इस विपत्ति से आहत परिवार के दुःख की चर्चा पूरे क्षेत्र में होने लगी, बालमुकुंद के बेटी की शादी 18 फरवरी 2025 को होनी थी। बालमुकुंद के मौत का समाचार क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। मृतक परिवार की खुशी गम में बदल गई। बेटी के विवाह की चिंता परिवार को सताने लगा कि अब बिटिया की शादी कैसे होगी। किसी तरह घुघली के प्रतिष्ठित व्यवसायी गणेश अग्रवाल बालमुकुंद के मरने की बात पहुची। उन्होंने अपनी उदारता दिखाते हुए मृतक बालमुकुंद की पत्नी उषा देवी व पुत्र गोलू के माध्यम से पैतीस हजार नगद व किराना सामग्री देकर मानवता का मिसाल पेश किया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि गणेश अग्रवाल व उनके बेटे संस्कार अग्रवाल हर सामाजिक कार्यो में भरपूर सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते है। गणेश अग्रवाल ने कहा कि समाज सेवा करने में एक अलग आत्मीय सुख मिलता है, ऐसा प्रतीत होता है कि मानो कोई तीर्थ यात्रा कर लिया हो।

# क्रिकेट बड़ीज लखनऊ और अयोध्या क्रिकेट एकेडमी की टीम ने दर्ज कराई जीत

- स्व. राकेश चन्द्र कपूर 'पल्लू भइया' मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-10 अयोध्या मार्बल कप का सातवां दिन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

डा. भीमराव अम्बेडकर स्पोटर्स स्टेडियम मकबरा में चल रहे स्व. राकेश चन्द्र कपूर 'पल्लू भइया' मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-10 अयोध्या मार्बल कप के सातवें दिन दो मैच खेले गये। सातवें दिन के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री तेज नारायण पाण्डेय 'पवन' रहे जिनका गब्बर पाण्डेय व राजा विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के साथ पूर्व राज्यमंत्री अमृत राजपाल व समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव रहे जिन्होंने मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।दिन का पहला मैच क्रिकेट बडीज लखनऊ व जी.पी. इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट बडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 149 रन बनाए।क्रिकेट बडीज के बल्लेबाज संजीव कुमार ने 45 गेंद पर 3 चौके की मदद से 42 रन बनाए जबकि हर्षवर्धन प्रताप सिंह ने 33 गेंद पर 5 चौके व 1 छक्के की



मदद से 39 रन और सलीम रिजवी ने 23 गेंद पर 3 चौके की मदद से 29 रन बनाए। जी.पी. इलेवन के गेंदबाज राहुल,दुर्गा चरन,निशान्त सिंह और सोनू स्वरूप ने 1-1 विकेट हासिल किये।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जी.पी. इलेवन की टीम 124 ही रन बना सकी। जी.पी. इलेवन के बल्लेबाज शाद खान ने 39 गेंदों पर 6 चौके व 3 छक्के की मदद से 59 रन और उदय सिंह ने 25 गेंद पर 26 रन बनाए।वही क्रिकेट बडीज के गेंदबाज अमरेन्द्र ने 3 विकेट और अनन्त व हर्षित ने 2-2 विकेट हासिल किये।दिन का दूसरा मैच अयोध्या स्पार्टन व अयोध्या क्रिकेट एकेडमी की बीच खेला गया। टॉस जीतकर अयोध्या क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अयोध्या क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 18 ओवर में 4 विकेट पर 151 रन बनाए।अयोध्या क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज ने हर्ष गुप्ता ने 34 गेंद पर 35 रन, उत्कर्ष सिंह ने 17 गेंद पर 34 रन श्रेयांश आर्या ने 34 गेंद पर 31 रन और और प्रदीप मौर्या ने 16 गेंद पर 30 रन बनाए। अयोध्या स्पार्टन के गेंदबाज प्रकाश, अमन, अभिनव और अभि ने 01-01 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या स्पार्टन की टीम 17 वें ओवर में 107 रन पर आलआउट हो गई।अयोध्या स्पार्टन की बल्लेबाज ध्रुव गुप्ता ने 27 गेंद पर 04 चौके व 01 छक्के की मदद से 38 रन व सनी शर्मा ने 17 गेंद पर 17 रन बनाए। वहीं अयोध्या क्रिकेट एकेडमी के आशुतोष उपाध्याय ने 21 रन देकर 4 विकेट निमेश, कैफू व उत्कर्ष ने 1-1 विकेट हासिल किये। इस मौके पर सै. आसिफ, अमित श्रीवास्तव, अंकुश गुप्ता, कृष्ण प्रताप सिंह, रत्नेश जायसवाल, सै.मो.हमजा, मो.बिलाल, अमित सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# समूहों की महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में तेजी से हो रहा काम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश लखपति महिला योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न आजीविका संवर्धन क्रियाकलापों से जोड़कर उन्हें लखपति बनाने के गम्भीर व सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच व विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में लखपति महिला योजना को सफल बनाने का कार्य राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की लखपति महिला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 30 लाख स्वयं सहायता समूह की सदस्यों की वार्षिक पारिवारिक आय को एक लाख से अधिक करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न क्रियाकलाप किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में कृषि प्रथाओं को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर उन्मुख करने के उद्देश्य से कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है, इन उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु प्राकृतिक जैविक खेती कृषि पारिस्थितिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षित किया जाना है प्रदेश मे प्राकृतिक खेती के लिए लगभग 10 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 8157 कृषि सखियों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण किया गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन यूपीएसआरएलएम द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय योजना एनआरएलएम के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह सदस्यों में से चयनित ऐसे सदस्य जिनकी आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक हो एवं जो कृषि से संबंधित कार्यों का अनुभव एवं रुचि रखती हो एवं उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अच्छी किसान हों, उनमें उनके कार्यों के प्रचार प्रसार हेतु न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता हो एवं उनके और निकटवर्ती ग्राम में स्थानीय भ्रमण करने हेतु कोई बाधा नहीं हो, का चयन कृषि आजीविका सखी के रूप में किया जाता है कृषि सखियों द्वारा संगठन निर्माण प्रोड्यूसर ग्रुप, प्रोड्यूसर इंटर प्राइज आदि कृषि आधारित आजीविका से जुड़े कार्य, अनुश्रवण, के कार्य उनके सामुदायिक कैडर के रूप में चयनित करते हुए प्रशिक्षण के उपरान्त सम्पादित किये जाते हैं।

### प्रशिक्षण के कार्य किए जाएंगे आवंटित

एनआरएलएम की कृषि सखियों को कृषि, उद्यान, सूक्ष्म सिंचाई, रेशम विभाग निदेशालय को अपने कार्यक्रम विस्तार हेतु पैरा प्रोफेशनल के रूप में समेकित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विभागान्तर्गत कार्यक्रम विस्तार, प्रचार प्रसार, लाभार्थी जोड़ने के कार्यए एवं विभाग के कार्यक्रमों के लक्षित ग्रामीणों के प्रशिक्षण के कार्य आवंटित किये जायेंगे। संबंधित विभाग कार्य आवंटन के आधार पर उनके द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान करेंगे एवं सम्बन्धित विभाग कृषि सखियों को प्राथमिकता के आधार पर अपने कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थी के रूप में चयन करेंगे। इसी प्रकार डे एनआरएलएम के अंतर्गत उन स्वयं सहायता समूह के सदस्य जो कृषि आधारित आजीविका से जुड़े हों उनको सम्मिलित करते हुए कृषि मूल्य श्रृंखला के विकास में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं के विकास में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाना व लाभान्वित किया जाना अनिवार्य होगा। विभिन्न विभागों द्वारा आजीविका मिशन के तहत कृषि सखियों को कृषि विस्तार के कार्यों एवं विभाग की योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थी बनाया जायेगा प् जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती ध् जैविक खेती को बढ़ावा मिले एवं स्वयं सहायता समूह केभि सदस्य परिवारों की स्तत रूप से आय वृद्धि हो सके ।

# ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा

### पहली बार ओएमआर शीट से कैडेट्स ने दी सी सर्टिफिकेट परीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पूरे देश में रविवार को एनसीसी कैडेट्स की सी सर्टिफिकेट परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। राजधानी के लॉमार्ट्स गर्ल्स कॉलेज और श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में लखनऊ एनसीसी ग्रुप ने भी सी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया। सुबह 7 बजे से ही एनसीसी कैडेट्स कॉलेज प्रांगण में पूरी तैयारी और जोश के साथ दिखाई दिए।

सघन तलाशी के बाद एनसीसी कैडेट्स को परीक्षा देने के लिए कक्षाओं में प्रवेश दिया गया और उनके बैठने की व्यवस्था भी ऐसी थी कि नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करवाई जा सके। एनसीसी के इतिहास में पहली बार ओएमआर शीट से यह परीक्षा करवाई जा रही है। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा इंचार्ज कर्नल राजकुमार कमांडिंग ऑफिसर 22 यूपी बटालियन, लेफ्टिनेंट कर्नल कविता सीआर, एओ 20 यूपी गर्ल्स बटालियन रहे। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में कुल पांच एनसीसी बटालियन की परीक्षा एक साथ हुई जिसमें 3 नेवल, 5 एयर, 67 यूपी बटालियन, 63 तथा 64 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने सी सर्टिफिकेट परीक्षा दी। परीक्षा सेंटर इंचार्ज और 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे देश में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। लिखित परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी जिसमें कैडेट्स ने ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट व बैटल क्राफ्ट और संचार की परीक्षाएं दी थी। तीन घंटे की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू हो कर दोपहर 1.30 बजे तक चली। कर्नल श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक एनसीसी कैडेट के जीवन में यह महत्वपूर्ण दिन आता है जब वे एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा देने आते हैं। एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा में सुबेदार मेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सुबेदार जितेन्द्र गुप्ता, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम आनंद कुमार और हवलदार आनंद प्रताप मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात दिखें।

## खबरें एक नजर में

### श्याम बाबा को अर्पित किया सवा मनी भोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री श्याम प्रेमी संघ द्वारा 23 फरवरी को भव्य दिव्य निशान यात्रा के लिए रविवार को सभी श्याम प्रेमियों द्वारा श्री श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग में सवामणी अर्पित की गई। श्याम भक्त विकास गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में पहली बार 2121 फिट लगभग 700 मीटर की लम्बी ध्वजा 23 फरवरी दिन रविवार को सेक्टर क्यू अलीगंज स्थित बाला जी मंदिर से श्री श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग तक यात्रा जाएगी। एक और लखनऊ में पहली बार श्री श्याम बाबा का विग्रह पालकी में विराजमान करके प्रभु का श्रृंगार करके सभी श्याम प्रेमी मिलकर पालकी को अपने कंधों पे उठाकर ले कर यात्रा में चलेंगे।

### पत्नी से झगड़े के बाद, पुरोहित फांसी पर लटका, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा के भटगांव वाले खेड़ा में रोहित उर्फ अमित अवस्थी (32), अपनी पत्नी रोशनी अवस्थी और 5 साल के बेटे स्वास्तिक और 1 साल की बेटी के साथ रहता था। जीविका के लिए पुरोहित का काम करता था। शनिवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए और रोहित अपने दो मंजिला मकान की छत पर हाल में सोने चला गया। रविवार सुबह जब रोहित काफी समय तक नीचे उतरकर नहीं आया। तो रोशनी उसे बुलाने के लिए छत पर गयी। लेकिन जीने के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली। रोहित छत पर बने हाल के छज्जे की निकली सरिया से साड़ी के सहारे मृत लटका मिला। यह नजारा देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बंथरा प्रभारी निरीक्षक राम सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मेडिकल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अढ़ाई बाजार बालागंज ठाकुरगंज निवासी प्रकाश चंद जायसवाल (52) घर में ही उमा मेडिकल स्टोर नाम से दुकान चलाते थे। घर के पिछले हिस्से में परिवार के साथ रहते थे। प्रकाश चंद्र की दुकान में 19 जनवरी की रात को आग लग गई थी। जिसके चलते दुकान का सारा सामान जल गया था। इसके बाद से काफी परेशान रहने लगे थे। शनिवार दोपहर अपने कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ऋचा जब उन्हें बुलाने गई तो उन्हें लटकता देख उसकी चीख निकल गई। आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। भाई उमेश जायसवाल ने बताया दुकान में आग लगने के बाद इंश्योरेंस क्लेम के लिए फाइल किए थे। दुकान का सर्वे होने के बाद भी अभी तक क्लेम नहीं आया था। इंश्योरेंस कंपनी 16 लाख क्लेम के एवज में 6 लाख ही देने की बात कह रही थी।

### मां-बेटियों को टेम्पो ने रौंदा, एक की मौत, चालक फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कोटवा, बीकेटी की रहने वाली सुमन (42) विश्वकर्मा अपनी दो बेटियों आरती (20) और प्रिया (15) के साथ शक्तिपीठ में दर्शन करने गई थीं। वापसी के दौरान जब वे सड़क पार कर रही थीं, तभी अचानक एक बच्चे के सड़क पर आ जाने से टेम्पो बेकाबू हो गया और सड़क किनारे खड़ी तीनों को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को रामसागर मिश्र चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुमन विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों बेटियों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हादसे के बाद टेम्पो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टेम्पो को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

### चिनहट में नि:शुल्क योग केंद्र शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में महिलाओं के स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री परमानंद हरि हर मंदिर की संस्थापिका सपना गोयल के नेतृत्व में ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति ने चिनहट क्षेत्र में पहला नि:शुल्क योगाभ्यास केंद्र स्थापित किया है। 16 फरवरी को रजत डिग्री कॉलेज के सामने सनातन लॉन में शुरू किए गए इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। सपना गोयल ने बताया कि शहर में जल्द ही चार और योग केंद्र खोले जाएंगे।

### महासमिति ने विधायक का आभार जताया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के अथक प्रयास से इंदिरा नगर वार्ड के सेक्टर 8 सुषमा हॉस्पिटल वाली सड़क के किनारे बने नाले के ऊपर नियम विरुद्ध बेंडिंग जोन बना दिया गया था जिसका विरोध लगातार क्षेत्रीय नागरिकों एवं मोहल्ला सुधार समिति द्वारा काफी समय से किया जा रहा था। जिसका कई बार ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक ओ पी श्रीवास्तव को भी दिया गया जिन्होंने गंभीरता से लेते हुए नियम विरुद्ध जोन को हटाने के आदेश नगर निगम द्वारा जारी कराकर जनता को बड़ी राहत दी है जिसके लिए नागरिकों ने उनका आभार व्यक्त किया।

## बेटे ने मां-बाप पर हथौड़े से किया ताबड़तोड़ वार

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बेटे ने मां-बाप की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। पूरी घटना मोहनलालगंज के जबरौनी गांव की है। आरोपी विशनेश जबरौली गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम जगदीश (70), जबकि मां का नाम शिवप्यारी (68) था। एडीसीपी अमित कुमावत ने जगदीश के छोटे बेटे गोलू की शादी तय हो गई थी। 10 दिन पहले तिलक हुआ था। जगदीश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह छोटे बेटे की शादी के लिए जमीन बेचना चाहते थे, लेकिन बड़ा बेटा विशनेश इसका विरोध कर रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसी बात पर बीती रात झगड़ा हुआ, इसके बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी बेटा फरार है। दो टीमें बनाकर उसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वारदात से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी वारदात के बाद गली से भागता हुआ दिख रहा है।

# सुभासपा विधायक ने पाटा नाला, मेयर ने पेपर दिखाने का दिया अल्टीमेटम

### लोगों ने विधायक के नाले की जमीन को पाटने का किया विरोध

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में सुभासपा विधायक वेदी राम ने भरवारा मल्हौर वार्ड में नाला पाटकर उसपर दीवार बना ली है। इसके कारण नाराज लोगों ने मामले की शिकायत नगर निगम महापौर से की।

महापौर सुषमा खर्कवाल रविवार को नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के साथ मौके पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने विधायक द्वारा नाले की जमीन पाटने पर विरोध कर नाराजगी व्यक्त की है। भरवारा मल्हौर वार्ड में एमिटी यूनिवर्सिटी से एसटीपी की तरफ जाने वाले रास्ते पर विधायक की जमीन पर करीब 6 फीट बढ़ाकर नाले का निर्माण कर लिया गया है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा- एक व्यक्ति की वजह से 30 से 40 हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस दीवार को पीछे करिए। उन्होंने कहा लोग 6 महीने से दौड़ रहे हैं। सुषमा खर्कवाल ने कहा अगर दो दिन के अंदर जमीन का कागज नहीं दिया जाता तो विधायक से खुद बात करूंगी। महिलाओं ने महापौर से कहा जलभराव के चलते चार दिनों से घर में बंद हैं। वहीं, मौके पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रजिस्ट्री के अनुसार जमीन की पैमाइश कराने की मांग की। वहीं मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि ने कहा विधायक लखनऊ में नहीं है। कल आएंगे। इसके बाद बात करेंगे।

## ठाकुरगंज पुलिस ने चंद घंटे में चोरों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को वादी शक्ति सिंह निवासी सी 25/30 राजाजीपुरम लखनऊ द्वारा सूचना दी गई कि, उनकी अर्टिगा कार जो उन्होंने बैंक मैनेजर प्रशांत जायसवाल से किराए पर चलाने के लिए लिया था, वह कार अर्टिगा शेखपुरा रोड निकट दुर्गा मंदिर रोड जड़ी बूटी गोदाम थाना ठाकुरगंज लखनऊ के पास से रात्रि में चोरी हो गई, इस सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया, थाना प्रभारी श्रीकांत राय को सूचना मिलते ही पुलिस टीम को गठित कर रवाना किया। मुखबिर की सूचना पर, 1 जीशान निवासी खुशहालगंज थाना पर जनपद लखनऊ, 2 यूनुस अली निवासी प्रभातपुरम कॉलोनी आलमबाग थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार करके सफलता प्राप्त हुई, जिनके कब्जे से कार अर्टिगा बरामद हुई, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही है।

# कांशीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला ही होना चाहिए बसपा का उतराधिकारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में बीते कुछ दिनों से यह हलचल है कि मायावती अपना उतराधिकारी ढूंढ रही है। इन सारी अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर उतराधिकारी के पद पर अपना रूख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि बसपा उतराधिकारी उनके जीते जी कोई कांशीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला ही होगा।

उन्होंने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांशीराम की उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी। ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाने के लिए कांशीराम ने सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते-नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन-हित को सर्वोपरि रखा था। इसी जिम्मेदारी के साथ खासकर कैडर के बल पर, ज़मीनी स्तर पर पार्टी संगठन की मज़बूती व सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने के साथ ही आगे भी हर चुनाव की तैयारी में पूरी दमदारी के साथ लगना है, ताकि बहुजन समाज की एकमात्र आशा की किरण बसपा को अपेक्षित व प्रतीक्षित सफलता मिल सके।

# पत्रकारों को रियायती दर पर इलाज देगा मेदांता, एमओयू पर हस्ताक्षर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ इकाई द्वारा पत्रकारों के हितार्थ एक स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, गठिया, बढ़ती उम्र मे जोड़ो-कमर स्पाइन आदि के दर्द के ऊपर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक विभाग के डायरेक्टर डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने पत्रकारों के साथ ऑडियो वीडियो प्रस्तुति से ऑर्थोपेडिक विषय और उससे सम्बंधित समस्यायों पर विचार और सुझावो को रखा साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि बढ़ती उम्र के साथ या संतुलित आहार न लेने के कारण हर वर्ग के लोग घुटने रीढ़ की हड्डी कंधे या ज्वाइंट आदि की समस्याओं से पीड़ित हो रहे हैं उम्र बढ़ने के साथ-साथ घुटनों में स्थित चिकने तत्व कम हो जाती है जिसका उपचार नी रिप्लेसमेंट द्वारा पूर्णतया संभव है उन्होंने क्रॉनिक अर्थराइटिस के बारे में बताते हुए कहा की शुरुआत में दर्द की शिकायत और जॉइंट्स को हिलाने में मूवमेंट में दिक्कतें आती हैं जोड़ों में अकड़न महसूस होती है तो इन सभी जोड़ों की विकृति और टेड़ापन को दूर करने के लिए सर्वप्रथम तो यथासंभव दवाइयां द्वारा हर मरीज को राहत देने का प्रयास करते हैं। इसके उपरांत मेदांता हॉस्पिटल और उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी महामंत्री अब्दुल वहीद और सचिव जुबेर अहमद ने एक एमओयू पर भी साइन किया। उक्त सफल कार्य शाला को आयोजित करने मे मेदांता हॉस्पिटल के अभिषेक मिश्रा, रवि कुमार सिंह, एवं महेंद्र पाल सिँह का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के अंत पर उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने मेदांता हॉस्पिटल के प्रबंधन और पीआरओ टीम का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## महापौर और नगर आयुक्त ने आश्रम में वृद्धों का लिया हाल

**लखनऊ ।** महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने रविवार को आदिल नगर, कल्याणपुर जोन-7 स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले वृद्धों से मुलाकात की और उनकी स्थिति का जायजा लिया। वृद्धाश्रम में कुल 45 वृद्ध लोग आवासीय रूप से रहते हैं। महापौर ने कुछ को गले लगाया तो कुछ का हालचाल लिया। वायदा भी किया कि उनका प्रयास होगा कि त्यौहार आप लोगों के साथ मनाया जाए।महापौर ने वृद्धाश्रम के प्रशासन से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धों के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मेयर ने वृद्धाश्रम में एक ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ, और योगा क्लास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि वहां रहने वाले वृद्धों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इसके अलावा, उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों की मेंटेनेंस की स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाने की बात की ताकि वृद्धों को और अधिक आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके।

# अलंकरण समारोह में सैनिक व इकाइयां सम्मानित

### उ. भारत क्षेत्र के बरेली सैन्य स्टेशन में समारोह आयोजित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय सेना की मध्य कमान ने 16 फरवरी को मुख्यालय उत्तर भारत क्षेत्र के बरेली सैन्य स्टेशन में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यालय ने अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों व इकाइयों को सम्मानित किया।

मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, ने पुरस्कार विजेताओं को उनकी असाधारण बहादुरी, कर्तव्य के प्रति सराहनीय समर्पण और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने यूनिटों को उनकी असाधारण व्यावसायिकता और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए जीओसी-इन-सी मध्य कमान यूनिट प्रशंसा पत्र भी प्रदान की। समारोह के दौरान, 11 सेना पदक (वीरता), 03 सेना पदक (विशिष्ट) और 06 विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) सहित कुल 20 सैन्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जब प्रत्येक वीर सैनिक के अदम्य साहस के बारे में पढ़ा गया, तो पुरस्कार विजेताओं और पूर्व सैनिकों के परिवार के सदस्यों सहित सभी उपस्थित लोगों का हृदय गर्व और कृतज्ञता से भर गया।

22 इकाइयों को जीओसी-इन-सी सें मध्य कमान यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भारतीय सेना में टिकाऊ जीवन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, सर्वश्रेष्ठ सैन्य अस्पतालों, ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक्स और मध्य कमान के फील्ड अस्पतालों की श्रेणियों में 09 अन्य पुरस्कारों के अलावा स्वच्छ और हरित सैन्य स्टेशनों की श्रेणी के तहत विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों को 09 सूर्या ट्रॉफियां भी प्रदान की गईं। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने अपने कर्तव्यों के प्रदर्शन में पुरस्कार विजेताओं के परिवार के सभी सदस्यों के योगदान को सराहा। उन्होंने सभी रैंकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से राष्ट्र की सेवा में खुद को समर्पित करने का आग्रह किया।

### इन्हें मिला पदक

बार टू सेना पदक (वीरता) लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन कुमार सिंह सेना पदक (वीरता) – लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार सिंह, मेजर पुष्पिंदर सिंह वर्मा, मेजर तुफैल अहमद, मेजर गोविंद सिंह, मेजर रामसागर पांडे, कैप्टन विमान्यु त्यागी, सूबेदार हरवीर सिंह (सेवानिवृत्त), हवलदार सुदेश कुमार, नायक लोकिंदर शर्मा, कार्यवाहक लांस दफादार (एएलडी) राजेश कुमार, पैराट्रूपर सुशील। सर्वश्रेष्ठ घोषित स्वच्छ और हरित सैन्य स्टेशन – श्रेणी –1 (10 हजार से अधिक जनसंख्या) में – सैन्य स्टेशन मुख्यालय महू, लखनऊ और बरेली, श्रेणी – 2 (5 हजार से 10 हजार जनसंख्या) – सैन्य स्टेशन मुख्यालय वाराणसी, कानपुर और अवेरीपट्टी, श्रेणी – 3 (5 हजार 10 हजार से कम जनसंख्या) – सैन्य स्टेशन मुख्यालय लैंसडाउन, जमशेदपुर और शाहजहाँपुर।

# एलडीए ऑफिस में चलेगा लखनऊ फैमिली कोर्ट, चैंबर के लिए मारामारी

### कोर्ट परिसर की जर्जर हालत, तोड़कर नया बनाने का फैसला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ के लालबाग इलाके में पिछले 50 साल से चल रहा फैमिली कोर्ट अब एलडीए के पुराने दफ्तर में शिफ्ट होने जा रहा है। कोर्ट परिसर की जर्जर हालत को देखते हुए इसे तोड़कर नया बनाने का फैसला लिया गया है। इसके चलते 18 फरवरी से फैमिली कोर्ट एलडीए दफ्तर में संचालित होगा।

एलडीए प्रशासन ने कोर्ट रूम, जज रूम और कर्मचारियों के लिए कमरे आवंटित कर दिए हैं, लेकिन वकीलों के चैंबर को लेकर असमंजस बरकरार है। वकीलों को किराए पर चैंबर लेने पड़ रहे हैं, जिनकी कीमत 20 हजार रुपए तक बताई जा रही है। वकीलों ने मांग की है कि उनके लिए उपयुक्त स्थान की व्यवस्था की जाए। फिलहाल, वकीलों को नए चैंबर के लिए भटकना पड़ रहा है और सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है कि उन्हें एलडीए में जगह मिलेगी या नहीं। पारिवारिक न्यायालय प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों को नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस जारी कर एलडीए के पुराने दफ्तर में 18 फरवरी से कोर्ट चलाने का आदेश दिया है। वकील दिव्या मिश्रा ने बताया कि अभी वकीलों को उनके चैंबर कहा जाएंगे। एलडीए या कोई सरकार विभाग अपनी जगह देगा कि नहीं इस तरह के कई सवाल का जवाब नहीं मिल पा रहा हैं। वही अगर कही किराए की जगह ली जा रही है तो वो 20 हजार तक का किराया मांग रहे हैं।

## बिजली निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग

**लखनऊ।** विद्युत मजदूर संगठन उप्र के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज प्रदेश अध्यक्ष विमल चन्द्र पांडेय की अध्यक्षता मे संगठन के केंद्रीय कार्यालय श्यामा चौराहा,नरही लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिजली के निजीकरण का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। संगठन द्वारा मांग की गई कि उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हित में निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त किया जाए। बैठक में वरिष्ठ मजदूर नेता आर एस राय और श्री चन्द्र मुख्य महामंत्री, अरुण कुमार, शोएब हसन, आरसी पाल, इंद्रेश राय, हामिद रजा, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, अजय भट्टाचार्य, अभिषेक सिंह, अवनीश श्रीवास्तव, सतीश तिवारी, उदयभान दुबे, राजीव रंजन राय, आरिफ वेग, विनोद कुमार, अहमद अली, अरविंद कुमार, मनीष श्रीवास्तव आदि लोग सम्मिलित हुए।

योजना

### योगी सरकार ने इस महाअभियान की योजना की तैयार

# शिक्षक, छात्र, डॉक्टर व कारोबारी करेंगे एआई की पढ़ाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में लाखों शिक्षक, डॉक्टर, कारोबारियों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़े किसानों को अब एआई की पढ़ाई करनी होगी। इसके लिए योगी सरकार की महायोजना तैयार है। एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहमियत को देखते राज्य में मानव संसाधन को इसमें पारंगत बनाने की तैयारी है। महाकुम्भ के बाद इस महाअभियान को आगे बढ़ाया जाएगा।

अलग-अलग चरणों में इन लोगों को क्लासरूम ट्रेनिंग के जरिए एआई और मशीन लर्निंग के बारे में बताया पढ़ाया जाएगा और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। ऑफलाइन कक्षाएं लगेंगी। डॉक्टर एआई टूल्स के जरिए बीमारियों की पहचान कर सकेंगे। सरकारी अधिकारी एआई आधारित डिसीजन सिस्टम के बारे में दक्ष होंगे। शिक्षक इसके जरिए शिक्षा प्रबंधन में एआई उपयोग के बारे में सीखेंगे। छात्रों के लिए रोजगार के मौके उपलब्ध होंगे। किसान एआई आधारित फसल योजना, कीटनाशक नियंत्रण व बाजार के बारे में बेहतर काम कर पाएंगे।असल में पिछले दिनों दावोस में वर्ल्ड इकनामिक फोरम की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। वहां से लौटकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक कर इस अभियान की योजना बनाई और आईटी कंपनियों को तैयार कर लिया सरकारी अधिकारी- आईएएस, पीसीएस अधिकारी, जिला, निदेशालय व निगमों के कर्मचारी, शिक्षक व प्रोफेसर- प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक व पालीटेक्निक व आईटीआई के शिक्षक, डाक्टर, माध्यमिक उच्च शिक्षा के छात्र, पालीटेक्निक व आईटीआई छात्र, प्रोफेशनल्स व कामकाजी महिलाएं, प्रधान, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, यूपी में एआई ज्ञान से लैस होंगे लाखों शिक्षक, अधिकारी, डाक्टर, किसान, कारोबारी, कुम्भ के बाद यूपी में निजी आईटी कंपनियां प्रशिक्षण देंगी। ऑफलाइन प्रशिक्षण के लिए बड़े शहर में विशेष कक्षाएं लगेंगी। दावोस समिट में यूपी को एआई तकनीक का हब बनाने की योजना बनी थी।

### लखनऊ पहुंचे विदेशी विशेषज्ञों ने एआई पर दिए सुझाव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती तकनीकें और कानूनी नियम विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी, इजराइली विज्ञान और प्रौद्योगिकी राजनयिक माया शेरमन और अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में डॉ. गोस्वामी ने कहा कि संस्थान भविष्य में अमेरिका, मैक्सिको और गल्फदेशों के विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर एआई से जुड़े विभिन्न विषयों पर काम करेगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता बनाना है। भारतीय प्रतिभा पूरी दुनिया में पहचानी जाती है, और हमें एआई के क्षेत्र में पीछे नहीं रहना चाहिए। इजराइली राजनयिक माया शेरमन ने एआई से जुड़े नैतिक और कानूनी मुद्दों पर बात करते हुए कहा कि, डेटा एआई की क्षमताओं को बढ़ाता है, लेकिन यह गोपनीयता भंग और दुरुपयोग का भी खतरा बढ़ाता है। उन्होंने एआई की निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया।

# खुद मूलभूत सुविधाओं से महरूम है खंड विकास कार्यालय नवाबगंज

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

एक बड़ी ही मशहूर कहावत है कि चिराग तले अंधेरा। यह कहावत खंड विकास कार्यालय पर फिलहाल सटीक बैठती नजर आ रही है। जहां पूरे क्षेत्र में शौचालय, शुद्ध जल एवं कूड़ाघर जैसी सुविधाओं का खाका ब्लाक मुख्यालय पर ही खींचा जाता है लेकिन जब स्वयं मुख्यालय पर ही मूलभूत सुविधाओं का टोटा हो तो क्षेत्र में विकास की कल्पना बेमानी ही होगी।

उसी क्रम में नवाबगंज ब्लाक परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत् लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय महज शो-पीस बनकर रह गया। लाखों की लागत से बनें

> इन तमाम सारी समस्याओं को लेकर मैं कुछ नहीं कह पाऊंगा : वीडीओ नवाबगंज




शौचालय की स्थिति बेहद दयनीय है। जिससे अब यह निष्प्रयोज्य पड़ा है। और ब्लाक परिसर में ही स्वच्छता अभियान फेल साबित हो रहा है।विकास खंड परिसर में ही बाल विकास परियोजना कार्यालय और राजकीय पशु चिकित्सालय भी है। परिसर में बने शौचालय में हर समय ताला लटकने से आंगनबाड़ी की महिलाओं को मीटिंग के दौरान शर्मशार होना पड़ रहा है। वहीं बाल विकास कार्यालय पर अक्सर आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की मीटिंग होती रहती है, जहां हर एक को नित्य क्रिया से निवृत होने की सख्त जरूरत होती है लेकिन उसके बावजूद ब्लॉक की जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्थाओं को नजर अंदाज करते हुए अपनी चौकड़ी बैठने में मशगूल रहते हैं।वहीं पशु चिकित्सालय के कर्मी एंव पशुपालक भी काफी संख्या में आते-जाते रहते हैं। इसके साथ ही विकास खंड परिसर में तीन वर्ष पूर्व स्वच्छ भारत मिशन के तहत् क्षेत्र पंचायत के द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद इसे चालू नहीं किया जा सका। जिससे ब्लाक परिसर में आने वाले फरियादियों सहित स्वयं कर्मचारियों को भी शौच के लिए जाने के लिए खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। और मजबूर होकर उन्हें खुले में शौच जाने के लिए शर्मसार होना पड़ रहा है। पूरे विकास खंड में स्वच्छ भारत मिशन की सीख देने वाले विकास खंड में ही सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं है। आकस्मिक स्थिति में महिलाओं को ब्लाक के बाहर खुले में खेत में जाना पड़ता है। ब्लाक परिसर में पीने के लिए साफ पानी की भी व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र में विकास कार्य की जिम्मेदारी होने के बावजूद ब्लाक परिसर खुद मूलभूत सुविधाओ से दूर है। तथा खंड विकास कार्यालय परिसर में फैली गंदगी स्वयं ब्लॉक हुआ वहां की मजार अधिकारी की कारगुजारी को बयां कर रही है। इसके साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी रमा सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को परेशानी तो होती है परिसर में बने शौचालय को चालू कराने के लिए खंड विकास अधिकारी से बात की जाएगी। तथा इन तमाम समस्याओं को लेकर जब खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इन तमाम सारी समस्याओं को लेकर मैं कुछ नहीं कह पाऊंगा। ऐसे में खंड विकास के प्रमुख अधिकारी बी डी ओ के ब्यान से स्वतः उनकी कारगुजारी स्पष्ट हो रही है, शायद और बहुत कुछ बताने की जरूरत न हो।

## घर से खेलते हुए रास्ता भूले बच्चे पुलिस ने परिवार से मिलाया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी बच्चे खेलते समय रास्ता भटक कर पानी टंकी पहुंच गए। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से परिवार वालों को खोज निकाला। कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी जैनब (3) शेखू और अली (4) पुत्र जाहिद रविवार सुबह घर के सामने खेल रहे थे। खेलते समय सभी शहर के पानी टंकी पहुंच गए। बच्चे रोने लगे तो पानी टंकी पुलिस चौकी के सिपाही अखिलेश कुमार और राम नगीना ने बच्चों को चॉकलेट खिलाया। साथ ही परिवार के बारे में जानकारी ली। कुछ पता न चलने पर चौकी की पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों की तलाश शुरू की तो परिवार के लोगों का पता चला। बच्चों के पिता और मां मौके पर पहुंचे। चौकी इंचार्ज ने लिखापढ़ी के बाद दोनों बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया।

## पहली बार कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी निगरानी में संपन्न हुई एनसीसी सी प्रमाण पत्र की परीक्षा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में दो दिवसीय एन.सी.सी. (सी) प्रमाण पत्र की परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में सकुशल संपन्न हुई दिनांक 15 फरवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा पुलिस परेड ग्राउंड गोंडा में और 16 फरवरी को लिखित परीक्षा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में संपन्न हुई अभी तक (सी) प्रमाण पत्र की परीक्षा गोरखपुर में संपादित होती थी पहली बार 48 यूपी बटालियन एन.सी.सी. गोण्डा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के प्रयास से यह परीक्षा गोंडा में संपन्न हुई बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में बलरामपुर, बस्ती एवं गोंडा के 521 एन.सी.सी. छात्र-छात्रा सम्मिलित





हुए। कड़ी सीसीटीवी निगरानी में कर्नल ए.पी. सिंह कमान अधिकारी 15 गर्ल्स एन.सी.सी. बटालियन गोरखपुर कर्नल यू.पी.एस. पटियाल प्रशासनिक अधिकारी 46 यूपी बटालियन एन.सी.सी. गोरखपुर के नेतृत्व में बलरामपुर के 2 ए.एन.ओ. 11 पी. आई. स्टाफ सहित 48 यूपी बटालियन एन.सी.सी. गोंडा के 10 डिग्री कॉलेज के एन.सी.सी. अधिकारी एवं केयरटेकर अधिकारी मौजूद रहे । यह (सी) प्रमाण पत्र परीक्षा ओ.एम.आर. शीट पर कराई गई। कर्नल ए पी सिंह ने बताया कि इस परीक्षा को संपन्न कराने में सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है यहां की व्यवस्था उत्कृष्ट रही मैं सभी कैडेटों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं परीक्षा को संपादित करने में बटालियन सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट रमेश शुक्ला, लेफ्टिनेंट दीपक, केयरटेकर वेद प्रकाश शुक्ला, पूर्णेंदु मणि त्रिपाठी,लक्ष्मी गौतम, आकाश सिंह मौजूद रहे।

## पीले ईंटों से बन रही पुलिया

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के पंडरी कृपाल ब्लाक में ग्राम पंचायत उकरा में कराए जा रहे पुलिया निर्माण कार्य में इस समय जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत कहे या अन्देखी कहे इस तरह विकास कार्यों में मानक विहीन कार्य कराए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंचे मीडियाकर्मियों ने देखा की पुलिया निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाला ईंट और सामग्री मानकविहीन है तथा पीले ईंटों का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। यही नहीं मौके का नजारा ही कुछ और था पुलिया की चुनाई सूखा भी नहीं था कि भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जल्दी-जल्दी मिट्टी पटाई जा रही है जिससे सच्चाई को छुपाया जा सके।लोगों का कहना है कि मानक विहीन और घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है,जिससे पुलिया कमजोर बन रहा है और आने वाले



समय में हादसे हो सकते हैं।वहीं मानकविहीन पुलिया निर्माण कार्य की जानकारी कुछ अधिकारियों को दे दिया गया है।अब जांच कार्यवाही होगी या सिर्फ खानापूर्ति कर बन्दर बांट यह तो अभी नहीं कहा जा सकता लेकिन इस तरह के निर्माण कार्य कहीं न कही सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त वादे पर धब्बा जरूर बनते जा रहे हैं। विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम सभा उकरा में क्षेत्र पंचायत के द्वारा पीले ईंटों से बनाया जा रहा है पुलिया ऐसे में प्रश्न यह उठता है की इस पुलिया की जिंदगी क्या होगी क्या यह वहां के निवासियों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं है?

## नन्ही आद्या ने बढ़ाया जिले का मान, मिला सम्मान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

गत दिनों जिले के न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी शिक्षक अरुण मिश्र की पुत्री आद्या मिश्रा का नाम इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। जिसको लेकर प्रशासन सहित शहर के कई नामचीन हस्तियों ने जिले का नाम रोशन करने वाली नन्ही आद्या को सम्मानित किया है इसी क्रम में जिले के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान शिवा कंपटीशन हब ने रविवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर नन्ही आद्या और उसके पिता को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नन्ही आद्या का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया तत्पश्चात आद्या मिश्रा ने वहां उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना सुनाया। आपको बता दें आद्या मिश्रा ने देश के सबसे कम उम्र के बच्चे द्वारा सबसे कम समय में संविधान के प्रस्तावना सुनाकर अपनी मेधा और स्मरण

> शिवा कंपटीशन हब ने नन्हीं आद्या को किया सम्मानित



शक्ति का परिचय दिया है जिसके कारण इसका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक अजय पाठक ने कहा मुश्किल नहीं है कुछ भी बस ठान लीजिए अपने सपने को पहचान लीजिए अर्थात जीवन में सब कुछ संभव है जो आप ठान लेते हैं और उस पर लंबे समय तक कार्य करते रहते हैं वह आपके जीवन में प्राप्त हो सकता है एक दूसरी बात संगत ही गुण होते हैं संगत ही गुण जाएं बांस फ़ांस और मिश्री एकइ भाव बिकाएं अर्थात जैसी संगत होती है वैसी ही रंगत हो जाती है उन्होंने कहा अरुण जी का परिवार पढ़ा लिखा और शिक्षित है अरुण मिश्रा स्वयं भी उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और उनकी इच्छा है कि संविधान की बातें जन-जन तक पहुंचे अतः उन्होंने इसकी शुरुआत अपने घर से कर दी है।

कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल संजू मिश्रा दिव्यांशु सुमित आशीष मिश्र आदित्य अरुण और राज मिश्र और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन दिलीप जायसवाल ने किया।

## पेड़ों की कटान के बाद चला दी गई जेसीबी, जांच करने पहुंचे एएसडीएम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोंडा के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत एक गांव में हुई वृक्षों की कटान पर मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा ने सख्त कार्यवाही के क्रम में तहसीलदार सदर के वनकशिया में अपर उप जिलाधिकारी को भेज कर स्थलीय निरीक्षण करवाते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। कोतवाली मनकापुर अंतर्गत वनकसिया शिवरतन सिंह के नारी पार गांव में पेड़ों की कटान पर जिला अधिकारी के निर्देश पर रविवार दोपहर को अपर उप जिलाधिकारी ने पहुंचकर प्रत्येक बिंदुओं पर गहनता से जांच कर मामले से अवगत होते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा को अवगत कराया है। वहीं गांव में बीते दिन हुए सागौन के वृक्षों की कटान पर गांव के ही कुछ लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया था कि 25 की परमिट थी और 138 के आसपास पेड़ काटे थे। जिसके संबंध में जब जिलाधिकारी गोंडा को अवगत कराया गया तो उन्होंने सख्त रुख अख्तियार करते हुए कार्यवाही के क्रम में बड़ा कदम उठाया।वही पेड़ कटान के संबंध में संबंधित ठेकेदार का कहना है कि मौके पर मात्र 25 पेड़ ही हम काटे थे 25 की परमिट थी ,और कुछ पड़े पेड़ बगैर परमिट के लाइन लेकर काटा गया था। ठेकेदार के बयान और गांव वालों के बयान में खास फर्क नजर आ रहा है। वही वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पेड़ों की कटान के संबंध में सूचना मिली थी जिस पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई लेकिन मौके पर जेसीबी चलती पाई गई थी, जिससे किसान अपने खेतों को समतल करने के लिए चलवा रहा था ।इस पर जब वन विभाग से प्रश्न किया गया की जेसीबी साक्ष्य मिटाने के क्रम में चलाई जा रही थी, तो बताया कि नहीं खेत बराबर हो रहा था। वैसे इन तमाम उलझे, अनसुलझे प्रश्नों के साथ जिम्मेदारों की कारगुजारी से स्वतः स्पष्ट है कि सरकार के राजस्व को बचाने के क्रम में कितने संजीदा है और अवैध कामों में कार्यवाही करने के क्रम कितने सशक्त हैं स्वत स्पष्ट है।

## सोशल मीडिया पर युवती की फोटो पोस्ट कर लिखे अपशब्द, पांच के खिलाफ केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के खैरा धोखल गांव निवासी एक युवती की फोटो सोशल मीडिया पर उसके रिश्तेदारों ने पोस्ट कर अपशब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी नामजद रिश्तेदार के हैं। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरा धोखल निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसके घर पर गांव निवासी सूफियान, मुनौवर समेत अन्य का आना जाना था। सभी उसके रिश्तेदार हैं। इसके बाद भी उसकी 18 वर्षीय बेटी की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपशब्दों का प्रयोग किया। जिससे छवि खराब होने के साथ बदनामी हुई। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार राय ने बताया कि महिला की तहरीर पर गांव निवासी सूफियान, मुनौवर, रुखसार, बसारत और ननकऊ के विरुद्ध आईटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

## बिना मरम्मत हुए हैंडपंप 'दुरुस्त'

> ग्राम सचिव की फर्जी रिपोर्ट से खुला भ्रष्टाचार का काला खेल

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

भ्रष्टाचार के दलदल में सरकारी सिस्टम एक बार फिर बेनकाब हुआ है। विकासखंड विशेश्वरगंज के ग्राम शिवपुर बैरागी में ग्राम सचिव सुशील कुमार का फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामला इतना संगीन है कि जनता में आक्रोश फूट पड़ा है।

गांव में महीनों से खराब पड़े सरकारी हैंडपंप की मरम्मत के लिए अटल शुक्ल ने शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन जब उन्होंने पोर्टल पर अपनी शिकायत की स्थिति जांची, तो






### गांव वालों का फूटा गुस्सा, प्रशासन मौन

जब ग्रामीणों को इस फर्जीवाड़े का पता चला, तो पूरे गांव में गुस्से की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। ग्राम सचिव सुशील कुमार पहले भी भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है, लेकिन प्रशासन अब तक आंखें मूंदे बैठा है। गांव वालों ने इस मामले की जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन क्या जवाब देगा या फिर से होगा 'मैनेजमेंट' का खेल?अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है–दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी या मामला रफा–दफा कर दिया जाएगा। इस संबंध मे खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी से जानकारी लेने के लिए फोन किया गया परंतु उनका फोन नही मिला।

चौंकाने वाला सच सामने आया– रिपोर्ट में दिखाया गया कि हैंडपंप ठीक कर दिया गया है!

सबसे बड़ा खेल शिकायत निस्तारण रिपोर्ट में अटल शुक्ल के फर्जी हस्ताक्षर बना दिए गए।

## हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत

> 29 फरवरी 2024 को हुई थी आजीवन करावास की सजा, लगा था अर्थदंड


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



हत्या के मामले में बहराइच जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की रविवार को मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत एलासापुर अगैया गांव निवासी फैयाज अली (40) मुद्दीन जिला कारागार में निरुद्ध था। वह वर्ष 2015 में हुई हत्या के मामले में जेल में बंद था। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि बंदी को हत्या के मामले में 29 फरवरी 2024 को आजीवन करावास की सजा हुई थी। साथ ही 20 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया था।

आजीवन करावास की सजा काट रहे सिद्ध दोष बंदी के सीने में दर्द हुई। जिस पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग लगने से नकदी व सामान जलकर राख




**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आदर्श नगर पंचायत धानेपुर के इंदिरानगर मे ऑटो पार्ट्स मोबिल की दुकान मे अज्ञात कारण से आग लगने से नकदी व सामान जलकर राख हो गया! मिली जानकारी के अनुसार इंदिरानगर धानेपुर मे शनिवार की रात दस बजे ऑटो पार्ट्स मोबिल की दुकान मे अचानक अज्ञात कारण से आग लग जाने से लपटे निकलने लगी। जेसीबी से दुकान का शटर तोड़ा गया दो दमकल सहित कर्मियों और जन सहयोग से बड़ी मशक्क़त से आग पर काबू पाया गया। दुकान दार कृष्ण मोहन वर्मा ने बताया कि नकदी सामान सहित लगभग 12 से 15लाख का नुकसान हुआ है।

## पीड़ितों को शीघ्र व प्रभावी न्याय दिलाने के लिए बेहतर पुलिसिंग आवश्यक : रामनयन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक तथा सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने सम्बोधन में कहा कि पीड़ितों को शीघ्र और प्रभावी न्याय दिलाने के लिए बेहतर पुलिसिंग आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित



> एसपी ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन
> अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त को नियमित और प्रभावी बनाने पर दिया जाए विशेष जोर : एसपी

के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए व उनकी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त को नियमित और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जाए। थानो पर लम्बित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया तथा पॉक्सो एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए।

### शिकायतकर्ता को न हो मुख्यालय आने की आवश्यकता

एसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने तथा थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ समय–समय पर गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थाना क्षेत्र में अवैध शराब, खनन, चोरी, पशु तस्करी, अवैध शस्त्र तस्करी आदि अपराधो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को डायल –112 के अन्तर्गत जनपद में संचालित पीआरवी वाहनों के रूट की समीक्षा कर नियमित प्रभावी पेट्रोलिंग की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निर्देशित किया। आईजीआरएस व सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण के लिए तथा जांच की गुणवत्ता को बढ़ाने और जनपदवासियों के असंतुष्ट फीडबैक को कम करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेने और संवेदनशीलता के साथ उनका निस्तारण करने पर जोर दिया गया। साथ ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए थाना स्तर पर जनसुनवाई को प्रभावी बनाये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे शिकायतकर्ता को मुख्यालय आने की आवश्यकता न हो। लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कर पीड़ितों को न्याय प्रदान किया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रभारियों की सराहना की गयी व जिन प्रभारियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा, उन्हें अपने कार्य में सुधार करने के कड़े निर्देश दिए गए व चोरी/नकबजनी, एनबीडब्ल्यू व विवेचना निस्तारण के लिए 15 दिवसीय अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

## परशुराम सेना में हुई नियुक्ति, अभिषेक चौबे बने देवी पाटन मंडल के प्रभारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परशुराम सेवा संस्थान इकाई परशुराम सेना प्रकोष्ठ से देवीपाटन मंडल प्रभारी पंडित अभिषेक चौबे को बनाया गया। परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित महेंद्र नाथ तिवारी के निर्देशानुसार में सिसई हैदर ब्लॉक तेजवापुर निवासी पंडित अभिषेक चौबे को प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित चन्द्र भूषण द्विवेदी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पंडित स्नेह शुक्ला ने अंगवस्त्र व नियुक्ति पत्र देकर देवी पाटन मंडल का मंडल प्रभारी नियुक्त किया। पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि परशुराम सेना प्रकोष्ठ से हमें मंडल प्रभारी देवी पाटन पद पर नियुक्ति की गई है। साथ में अरविंद कुमार पांडेय को मंडल उपाध्यक्ष व दीपक पांडेय को सदस्य नियुक्त किया गया। पंडित अभिषेक चौबे ने कहा कि संगठन की नीतियों एवं सिद्धान्तों का पालन करते हुए देवीपाटन मंडल के ब्राह्मण समाज का उत्थान करेंगे व संगठन को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाएंगे। पंडित अभिषेक चौबे को मंडल प्रभारी देवी पाटन बनने पर ब्राह्मण संगठनों में खुशी की लहर है और सभी ने बधाई दी। इस मौके पर जिला संरक्षक पुंडरीक पांडेय, जिला संयोजक विश्वसवरूप मिश्रा , जिला प्रभारी दिलीप मिश्रा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा, जिला महासचिव नीरज अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अंबरीष अवस्थी, जिला प्रवक्ता अरून तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष आईटी सेल इंद्रेश मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष पयागपुर विनोद तिवारी, ब्लॉक संरक्षक डीके मिश्रा, आशीष अवस्थी, गौरव मिश्रा, राजू चौबे समेत अन्य मौजूद रहें।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा

> जीजीआईसी में हुई प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए छात्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए रविवार को शहर के जीजीआईसी विद्यालय प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें 117 छात्र और छात्राएं शामिल हुईं। पेपर 100 नंबर का रहा। छात्रों की सघन जांच के बाद विद्यालय में प्रवेश मिला। गोंडा में अटल आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। इस विद्यालय में छात्र और छात्राओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षा सरकार की ओर से दी जाती है। नए शिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए रविवार को शहर के



जीजीआईसी में प्रवेश परीक्षा हुई। सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी ने बताया कि जिले में संचालित आवासीय बालिका और बालिका विहान विद्यालय के छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के लिए एग्जाम दिया। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा में छात्रों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद प्रवेश परीक्षा दी गई। उन्होंने बताया कि कुल 117 छात्रों ने कक्षा छह और कक्षा नौ में प्रवेश के लिए परीक्षा दी। वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि पेपर 100 नंबर का रहा। जिसमें गणित के 50, अंग्रेजी के 20, विज्ञान और हिंदी के 15/ 15 प्रश्न आए। इस दौरान लेबर इंस्पेक्टर सूरज तिवारी, आलोक कुमार,तबरेज, अनुराग, नूर मोहम्मद, धीरज, कृष्ण मोहन और प्रभाकांत मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक, लोकगायन, नृत्य, संगीत व कला प्रतियोगिता आयोजित

> उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को किया पुरूस्कृत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के तत्वावधान में रविवार को किसान महाविद्यालय स्थित सभागार में सांस्कृतिक, लोकगायन, नृत्य, संगीत व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजको की ओर से साहित्य, संगीत व कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरूस्कृत भी किया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृति - पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित मैत्री





महोत्सव में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए संस्कार भारती (उ0प्र0) कार्यालय प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश के समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना प्रवाहित करने के उद्देश्य से सीमावर्ती शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक व राष्ट्र भक्त पूर्ण कार्यक्रमों का प्रभावी आयोजन किया जा रहा है जिसमे स्थानीय शासन व प्रशासन के अलावा संस्कृति निदेशालय तथा संस्कृति- पर्यटन विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध नृत्य, संगीत, गायन, वादन प्रशिक्षिका सोनी श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद के उत्साही विद्यार्थियों को साहित्य संगीत व कला में प्रवीणता लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।संचालन करते हुए मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नशा कारोबारी तरुण व युवाओ को नशा उपभोग की ओर लगातार आकर्षित कर रहे हैं जिसपे पूर्ण विराम लगाने के लिए नशा, उन्मुलन जन जागरूकता अभियान जन सहयोग से चलाया जा रहा है जिसमे जन सहयोग की आवश्यकता है। संस्कार भारती संयोजक समीक्षा जैन ने बताया कि विद्यार्थियों को गायन, वादन, नृत्य, संगीत तथा कला क्षेत्र में पारंगत करने के लिए संस्कार भारती की ओर से समूचे जनपद में प्रभावी कार्यक्रम चलाए जाने की दूरगामी योजना बनाई गई है। प्रतिभागी विद्यार्थियों को निर्णायक कमेटी सदस्य डॉ तस्लीम फातिमा जैदी, गुंजन शर्मा, समाजसेविका सोनी श्रीवास्तव व कला प्रशिक्षक स्वेच्छा जैन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के सुगम यातायात प्रबंधन हेतु किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत सुगम यातायात प्रबंधन हेतु रेलवे स्टेशन, सिविल लाइन चौराहा,जगतपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने ट्रैफिक, प्रकाश ,साफ सफाई, सुरक्षा व श्रद्धालुओं के लिए विश्रामालय, स्वागतकक्ष, शुद्ध पेयजल, शौचालय, महाकुंभ सहायता केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि यातायात, वाहनों के सुगम आवागमन, पार्किंग, सुरक्षा, निगरानी समेत विभिन्न पहलुओं पर पूरी तत्परता के साथ कार्य करते रहे, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संस्कार भारती के बैनर तले वरिष्ठ गीतकार राम करन सिंह का हुआ एकल काव्य पाठ

**मुख्य अतिथि शिव हर्ष सिंह भदौरिया और विशिष्ट अतिथि सत्यपाल सिंह फ़ौजी रहे**

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




संस्कार भारती इकाई लालगंज एवं माँ शक्ति कोचिंग क्लासेज के संयुक्त तत्वाधान में नगर के बरदाही रोड स्थित वर्मा धर्मशाला में जनपद के वरिष्ठ गीतकार राम करन सिंह का हुआ एकल काव्य पाठ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी शिव हर्ष सिंह भदौरिया एवं बतौर विशिष्ट अतिथि युवा समाज सेवी सत्यपाल सिंह फ़ौजी ने शिरकत की।

उपस्थित लोगों ने श्री सिंह का काव्यपाठ बहुत मन से सुना और सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय नवगीतकार डॉ विनय भदौरिया ने और संचालन युवा कवि दीप अमन ने किया। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष वाई पी सिंह ने और आभार प्रदर्शन कोचिंग डायरेक्टर राहुल वर्मा ने किया। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, युवा गीतकार सुनील सरगम, वरिष्ठ गीतकार मुन्नी लाल साहू, गजलकार डॉ शैलेश प्रताप सिंह, अमरीश फ़ौजी, वीरेन्द्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, राम सेवक यादव, रवि प्रजापति, मनीष प्रजापति, राम मिलन शर्मा, अभिनव भदौरिया नीशू साहित कोचिंग के छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

## अज्ञात चोरों ने दो दुकानों से छह पैनल किए पार

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हसनगंज चौराहे पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक व मोटरसाइकिल मैकेनिक की दुकान पर बीती रात छत के ऊपर लगे 6 सोलर पैनलों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह दुकान खुलने के बाद हुई। दोनों दुकानदारों के द्वारा थाने में तहरीर देकर घटना की शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित हरिशंकर ने बताया कि उसकी हसनगंज चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक की

**चोरों के हौसले बुलंद, हाईवे मार्ग किनारे घटना को दिया अंजाम**

दुकान है और दुकान की छत के ऊपर 165 वाट के चार सोलर पैनल और 100 वाट का एक सोलर पैनल लगा हुआ था। जो बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जब सुबह दुकान खुली तो उन्हें इस घटना की जानकारी हुई। इसकी शिकायत उसने प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। वहीं दूसरी घटना इमरान पुत्र स्वर्गीय वारिस की दुकान की है, जिसकी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान है। उसने बताया कि उसकी दुकान की छत के ऊपर 100 वाट का एक सोलर पैनल लगा था, जो बीती रात अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। जब सुबह दुकान खुली तो उन्हें इस घटना की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने घटना की शिकायत प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना के तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## ग्रामीणों ने सरकारी नाली तोड़कर होलिका दहन स्थल पर जबरन कब्जे का लगाया आरोप



**महराजगंज रायबरेली।** सलेथू ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया होलिका दहन स्थल की जमीन कब्जाने के नियत से सरकारी नाली भी तोड़ दी गई तथा लगातार कब्जा किया जा रहा है व घूरा भी लगा दिया। कोतवाली पुलिस को शिकायत भी की गई लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। सलेथू ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि रजीत मौर्य बृजेश मौर्य द्वारा सरकारी नाली को तोड़ दिया गया तथा वहीं पर होलिका का स्थल है जो पांच विश्वा दर्ज भी है। उस पर जबरन कब्जा किया जा रहा है और घूरा लगाया जा रहा है। ग्रामीण रामानंद निवासी सलेथू ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर भी दिया है लेकिन अभी तक कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी साफ-साफ देखी जा सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि चार दिन बाद होली आने वाली है हम लोग होली कहां तापेगे अगर इस तरह लोग कब्जा करते रहेंगे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी तो धीरे-धीरे गांव से गांव की पहचान खत्म होती चली जाएगी।

# सवर्ण समाज की चौपाल का हुआ आयोजन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सवर्ण आर्मी रायबरेली के पदाधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी के नेतृत्व में डीह ब्लाक के पूरे शिवगुलाम सिंह गांव स्थित परमेश्वरी माता मंदिर प्रांगण में सवर्ण आर्मी के मंडल सचिव अनिल तिवारी द्वारा आयोजित सवर्ण समाज की चौपाल में प्रतिभाग कर सवर्ण समाज के लोगो को सवर्ण आर्मी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सवर्ण आर्मी रायबरेली के व. जिला संरक्षक वीपी त्रिपाठी, जिला संरक्षक के के शुक्ला, अरविंद सिंह,जिला संयोजक श्याम सुंदर त्रिपाठी, जिला संपर्क प्रमुख अखंड प्रताप सिंह,जिला महासचिव योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, सलोन तहसील अध्यक्ष सी पी श्रीवास्तव, जिला सचिव विपिन तिवारी, डीह ब्लाक अध्यक्ष विपिन सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत, एक चालक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक



**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार की देर रात दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें एक ट्रक चालक की जान चली गई। जबकि, दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल है। हादसा गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के पोराई के पास हुआ। ट्रक चालकों ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया, इससे दोनों गाड़ियां टकरा गई। हादसे में 30 वर्षीय रामू निवासी अमेठी की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक चालक सुभाष (40) निवासी कानपुर को गंभार रूप से घायल है। उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना इंचार्ज प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हादसा देर रात हुआ। घटनास्थल पर मोड़ है। जहां यह दोनों ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाए। आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक की मौत हुई है। जबकि, दूसरा चालक घायल है।

## कार की टक्कर से वन रोज की दर्दनाक मौत




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महराजगंज रायबरेली रोड पर सोथी गांव के पास हुआ भीषण एक्सीडेंट लखनऊ से प्रयागराज जा रहे हैं परिवार समेत सोथी गांव के पास नीलगाय से टकराई अर्टिगा कार हादसे में बाल बाल बचा परिवार वहीं नीलगाय की दर्दनाक हुई मौत कर सवार के बारे में जब तक जानकारी की जाती तब तक हो कर पर बैठकर जा चुके थे।

# बसंत उत्सव मेला के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र के कंजेश्वर महादेव मंदिर पस्तौर राजामऊ के प्रांगण में हिंदी साहित्य अकादमी भारत की रायबरेली इकाई द्वारा बसंत उत्सव मेला के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कार्यक्रम के आयोजक स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस कवि सम्मेलन में देश के चर्चित एवं प्रसिद्ध कवि विकास बौखल (बाराबंकी), कमलाकांत तिवारी (बरेली), नीता सिंह (गोंडा), कुमार सूरज (कानपुर), कल्याण सिंह विशाल (बनारस), विशाल मिश्र (बाराबंकी) एवं वरिष्ठ कवि राम आसरे सिंधु, मधुप श्रीवास्तव (नर कंकाल), सुखदेव प्रसाद छैल, डॉक्टर वैश्य, निर्मल श्रीवास्तव, उत्कर्ष उत्तम, अमलेश भूषण, श्याम किशोर, विनोद पागल, चंद्रहास का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेट का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कवियों ने अपना काव्य पाठ कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर नीरज पांडे के द्वारा किया जाएगा, वही कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाएं कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजेंद्र वर्मा के द्वारा संपन्न की गई। इस मौके क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, श्रोता बंधु एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सपा की पीडीए पंचायत में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का संकल्प

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




सपा की पीडीए पंचायत में अखिलेश यादव को सी एम बनाने का संकल्प। उतरौला विधान सभा के सादुल्लानगर स्थित हाजी इस्माईल महाविद्यालय में सपा नेता/पूर्व प्रत्याशी उतरौला परवेज उमर के संयोजन में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में परवेज उमर,पूर्व विधायक राम सागर अकेला, जिला पंचायत सदस्य राम दयाल यादव, जिला महासचिव नरसिंह पाल यादव, डॉ. इरशाद अहमद, डाक्टर कमरूद्दीन ने उपस्थित लोगों को पीडीए की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक परवेज उमर ने कहा कि 1995 में पिछड़ों दलितों के लिए ही मुलायम सिंह यादव ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराया था। मुलायम सिंह यादव ने ही अस्पतालों में एक रुपये के पर्ची पर दवाई की व्यवस्था की थी। जिसको आज भाजपा की सरकार डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एक सौ का पर्चा कर दी है। जिसके खिलाफ सपा सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी।आप लोगों ने सपा को लोकसभा में 37 सीटे पीडीए के बल पर जीता कर भेजा। जो संसद में आज संविधान बचाने का काम कर रहे हैं । मुख्य अतिथि जिला प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा की प्रत्येक पंचायत के हर वार्ड में पीडीए पंचायत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पंचायतों का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना, वर्तमान सरकार के कथित झूठ को उजागर करना और समाज के सभी वर्गों को उनका अधिकार दिलाना है।उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी विधान सभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम में सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं पर टैक्स के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के ऑफिसर एसोसिएशन ने सरकार के द्वारा बैंक कर्मचारियों के वेतन से सुविधा कर की कटौती के खिलाफ प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बलरामपुर के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन से सुविधा कर की कटौती किए जाने पर बैंक के कर्मचारी भड़क गए।इसी को लेकर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि सरकार को पहले से ही अपने वेतन के अनुसार अलग-अलग स्लैब में टैक्स देते आए हैं।लेकिन सरकार एक और अतिरिक्त टैक्स लगाकर बैंक स्टाफ के लिए अतिरिक्त बोझ दे दी है. यह टैक्स Perquisites Tax के नाम से सरकार ले रही है जो किसी भी तरह से जायज नहीं है। सभी बैंक कर्मचारियों का विरोध है। कि जब हम एक तरह से अपने वेतन के अनुसार पहले से टैक्स देते आ रहे हैं। फिर बैंक कर्मचारी बैंक से मिलने वाले सुविधाओं पर भी टैक्स नहीं दे सकता है।इस तरह के टैक्स को सरकार वापस ले या हमारा बैंक प्रबंधन इसको वहन करें। इसी को देखते हुए आज यह एक सांकेतिक धरना और ज्ञापन है, अगले चरण में 15 मार्च को एक दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। सरकार अगर फिर भी हमारी समस्याएं नहीं सुनी तो हम मार्च के माह में अनिश्चितकालीन हड़ताल की तरफ बढ़ सकते हैं। जिसका असर बैंक के व्यवसाय पर पड़ेगा जिनकी पूर्णता जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन की रहेगी।कई बैंकों ने इस टैक्स को अपने स्तर पर वहन करने की जानकारी दे दी है तो हम अपने बैंक प्रबंधन से उम्मीद करते । कि अन्य बैंकों की तरह हमारा बैंक भी यह टैक्स अपने स्तर पर वहन करें. इस धरने में एसोसिशन की तरफ से सौरभ यादव, श्रवन पाल, नितिश शर्मा, दीपांकार सिंह, आशीष चौरसिया, योगेंद्र चौधरी, राजन पाण्डेय एंव अन्य साथी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत की विशेष बैठक 22 फरवरी को जिला पंचायत कम्युनिटी सेंटर सभागार में आहूत



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर ने बताया कि जिला पंचायत की विशेष बैठक अध्यक्ष, जिला पंचायत, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 22 फरवरी, 2025 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला पंचायत बलरामपुर के कम्युनिटी सेंटर सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने समस्त जिला पंचायत सदस्यगण/पदेन सदस्यगण से निर्धारित तिथि व समय से नियत स्थान पर पहुँचकर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी, 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च, 2025 को समाप्त होगी। परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें 3 जोनल मजिस्ट्रेट, 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 67 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी गयी है, जो अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी जोनल /सेक्टर / स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें तथा सभी एसडीएम अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में समस्त परीक्षा केन्द्रों की प्रभावी पर्यवेक्षण करेंगें तथा शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। जनपद में परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट, (वि/रा) बलरामपुर को ओवर आल इन्चार्ज नियुक्त किया गया है।

# आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मोहल्ला रफी नगर में शनिवार रात आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुशायरे के मुख्य अतिथि एससीपीएम हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर ओ एन पांडे रहे। सरपरस्ती डॉक्टर सनाउल्लाह खान व अध्यक्षता डॉ एहसान खान ने की। देर रात तक चले मुशायरे का संचालन नदीम फारूक ने किया। डॉक्टर सनाउल्लाह खान, डॉ एहसान खान, डॉ अताउल्लाह खान व डॉ रफीउल्ला खान द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। मुशायरे का आगाज़ शायर डॉ नदीम शाद ने नात ए पाक पढ़कर किया। जमील खैराबादी ने पढ़ा, फज़ा जमाने की इस तरह पाक साफ रहे, वह चाहता है कि जहनों में एख्तिलाफ रहे। हाशिम फिरोजाबादी ने पढ़ा, और क्या चाहिए इक बदन के लिए, यह तिरंगा बहुत है कफन के लिए। सरहदों पर हमें भेज कर देखिए, जान दे देंगे हम भी वतन के लिए। साथी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इल्म हासिल कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए ग़ज़ल पढ़, खूब वह वही बटोरी। सबा बलरामपुरी ने पढ़ा, न जहमत हो तुमको, तो यह है गुजारिश, मोहब्बत को रुसवाईयों से बचाना।



कुंवर जावेद ने अपनी बेहद मशहूर गीत पेश किया, गुलमोहर गुलनार चमेली तुमको फूलों में फूलों की रानी कैसे मानू, मेरे मन के आंगन में एक बार खिलो तो जानू। सायरा चांदनी शबनम ने अपने दिलकश अंदाज में पढ़ा, जो चाहते हो कि रोशन हो नाम दुनिया में तो उसके वास्ते तालीम भी जरूरी है। मालेगांव के मशहूर शायर अल्ताफ जिया ने अपने बेहतरीन अंदाज में पढ़ा, कभी चिराग कभी महताब देखते हैं, अजीब हम हैं हर वक्त ख्वाब देखते हैं। डॉ नदीम शाद ने पढ़ा, चलो यह आज नहीं कल जरूर टूटेगा, गुरुर किसका रहा है गुरुर टूटेगा। शादाब आज़मी ने पढ़ा, किसने आखिर यह कहा शिकवा गिला करने को, रब ने बख्शी है जबां शुक्र अदा करने को, आपसे हो ना सकेगा मुझे है मालूम यह, हौसला चाहिए इजहारे वफा करने को। मशहूर हास्य कवि विकास बौखल की पत्नी व्यथा सुन कर श्रोता लोटपोट हो रहे थे। श्रोताओं की मांग पर हास्य कवि विकास बौखल को कई बार माइक पर वापस आकर हास्य व्यंग सुनने पड़े। जिसका दर्शन को ने खूब आनंद लिया। साहिल इलाहाबादी ने अपनी इंकलाबी शेर, गद्दारी मेरे खून में शामिल ही नहीं ऐ खाके वतन, मैं तो वफादार रहूंगा। सरहद पर मेरी जान लुटाने के लिए, तैयार था तैयार हूं तैयार रहूंगा। पढ़कर लोगों में वतन परस्ती के जज्बात भर दिए। कवि राम प्रकाश गौतम ने पढ़ा, इल्ज़ाम किसका है हमें दे रहे हैं, कसूरवार तो आसमां है जमीं को दे रहे हैं। कवित्री प्रतिभा यादव ने पढ़ा, बिछा के राहों में फूल तेरी दिए वफा के जल रही हूं। वो तार बज रहे हैं मन के, अगर वह आए बहार आए, यूं मेरे दिल को करार आए, इसे ना तुम सिर्फ गीत समझो, सजन मैं तुमको बुला रही हूं। सायरा निकहत मुरादाबादी में पढ़ा, यह दिल के टूटे हुए भी कमाल करते हैं। हजार गम है मगर मुस्कुराए जाते हैं। हम उर्दू वालों की सोहबत में बैठ कर देखो, यहां सऊर और सलीके के सिखाए जाते हैं। डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी व कवि महेश श्रीवास्तव ने पढ़ा, घर मेरा जिसके घर से बहुत दूर नहीं है। सिंपल सी है वह, जन्नत की कोई हूर नहीं है। सब लहरपुरी ने पढ़ा चाहत के हैं जाम हमारी आंखों में, है इश्क के सुबह शाम हमारी आंखों में। मुशायरा आयोजन में रिजवानुल्ला, कलीमुल्लाह, सलमान रज़ा, अशफाक आदि सराहनीय योगदान रहा।

## हादसा या मानवीय त्रुटि

शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की हुई मौत पर यों तो पूरा देश गमगीन है। मृतक आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा दु:ख की इस घड़ी में अपनों को खोने वालों को हिम्मत प्रदान करने और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो की दुआ कर रहा है। घटना कैसे हुई? इसकी गहनता के साथ जांच होनी चाहिए। उत्तर रेलवे ने घटना को पहले साधारण अफरातफरी बताया किंतु एक एक कर हुई 18 मौतों के बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए रेलवे ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर दिया है। जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही पता चलेगा, किंतु शुरुआती रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से यह पता चलता है कि इस अफरातफरी की मुख्य वजह ट्रेनों के नाम को लेकर हुई गलती और उद्घोषण थी और प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के नामों में भ्रम की स्थिति बनी। प्लेटफॉर्म 12 से जाने वाली ट्रेन 'प्रयागराज स्पेशल' के प्लेटफॉर्म 16 पर आने की घोषणा की गई, वहीं 'प्रयागराज एक्सप्रेस' पहले से ही प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और रवाना होने के लिए तैयार थी। इससे यात्री भ्रमित हो गए और यात्री प्लेटफॉर्म 12 और 14 से 16 की तरफ भागने लगे। जबकि प्लेटफॉर्म 14 पर पहले से भारी भीड़ थी। जिन्हें अपनी ट्रेन नहीं मिली, वे भी प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागने लगे और ट्रेन पकड़ने की चाहत में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्लेटफॉर्म 12 एवं 14 से 16 पर जाने के दौरान सीढ़ियों और एक्सलेटर से दो तीन लोग फिसल कर लुढ़क गए और पीछे से आने वाले अन्य लोग अफरातफरी की हालत में उनके ऊपर गिर गए। इससे पहले वे संभलते, पीछे अफरा-तफरी के दबाव ने भगदड़ का रूप ले लिया और देखते ही देखते 18 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए, जबकि प्रयागराज जाने वाली कुल चार ट्रेनों में से तीन देरी से चल रही थीं, जिसकी वजह से स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई थी और प्लेटफॉर्म 12 और 14 पर भारी भीड़ जमा हो गई थी और इन्हीं प्लेटफॉर्मों पर प्रयागराज जाने के लिए यात्री ट्रेनों का इंतजार कर रहे थे। एक कुली का कहना है कि प्रयागराज स्पेशल को प्लेटफॉर्म 12 से निकलना था, लेकिन इसे प्लेटफॉर्म 16 पर शिफ्ट कर दिया गया। जब प्लेटफॉर्म 12 पर खड़े यात्री और बाहर से आए लोग प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागे तो लोग एक-दूसरे से टकराने लगे और एस्केलेटर और सीढ़ियों से लोग गिर गए। 15 शवों को एंबुलेंस में लादकर भेजा गया। प्लेटफॉर्म पर सिर्फ जूते और कपड़े बिखरे पड़े थे। जब प्लेटफॉर्म 12 और बाहर की भीड़ प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागने लगी तो भगदड़ की वजह से लोग गिरने लगे।

# मोदी की फ्रांस-अमरीकी यात्रा से मिले नए संदेश

**प्रेम शर्मा**

अभी चंद दिनों पहले अमरीकी सरकार द्वारा अवैध तरीके से अमरीका में रह रहे भारतीयों को बंधक बनाकर भारत भेजे जाने से देश में तनाव का महौल बन गया था। जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला है, वे कई मामलों में काफी आक्रामक रहे हैं। पदभार संभालने के साथ ही जिस तरह उन्होंने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों की पहली खेप बेड़ियों में जकड़ कर वापस भेज दी, उससे कई तरह की चिंताएं जताई जाने लगी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिका यात्रा को विशेष माने जाने के एक नहीं, कई कारण रहे। यह दो बहुत अच्छे दोस्तों को बेहद टफ नेगोशिएटर की भूमिका में देखने का एक दिलचस्प मौका तो थी ही, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। हालांकि प्रधानमंत्री इस बार राजकीय यात्रा पर नहीं गए थे, मगर डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ पूरी गरमजोशी दिखाई।

इस मुलाकात में कई तरह के भ्रम भी दूर हुए। प्रधानमंत्री की इस बार की अमेरिका यात्रा कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है। इसी तरफ फ्रांस यात्रा में भारत और फ्रांस के बीच दस समझौते हुए है। यानि प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और अमरीकी यात्रा कई मायने में महत्वपूर्ण साबित हुई। कुछ लोग कयास लगा रहे थे कि ट्रंप जिस तरह कुछ देशों के साथ व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क थोप रहे हैं और अमेरिकी हितों को तरजीह दे रहे हैं, उसमें भारत के साथ भी व्यापार प्रभावित हो सकता है। मगर ट्रंप ने इस कयास को साफकर दिया। उन्होंने कहा कि जो देश जितना शुल्क लगाएगा अमेरिका भी उस पर उतना ही शुल्क लगाएगा, न कम न ज्यादा इसका साथ ही उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले की तारीफ की कि उसने अनावश्यक शुल्क हटाना शुरू कर दिया है। जिससे भारतीय बाजार में अमेरिका की पहुंच कुछ और बढ़ेगी। दोनों देशों ने प्रतिरक्षा, तेल-गैस, नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग, आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग और प्रतिरक्षा खरीद मामलों ने महत्त्वपूर्ण समझौते किए।



**उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफकी बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की तर्ज पर अपना नारा - मेक इंडिया ग्रेट अगेन पेश किया। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने राष्ट्रहित का अनुसरण करेंगे। इस कूटनीतिक का नतीजा था कि जो माहौल टकराव की ओर जाता दिख रहा था, वह सहयोग बढ़ाने के प्रयासों की ओर केंद्रित हो गया। न केवल टैरिफजैसे मसलों पर फ्रेमवर्क बनाने की बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी बल्कि अंतरिक्ष यात्रा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर नजरें जम गई।**

अमेरिका भारत को एफ-35 युद्धक विमान बेचने का इच्छुक है। भारत ने इस पर सहमति दे दी है। हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, पर भारत मानता है कि इस विमान की खरीद से उसकी सामरिक शक्ति बढ़ेगी। अमेरिका ने भरोसा दिलाया है कि वह भारत की नागरिक परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा और हर सहयोग उपलब्ध कराएगा। वह भारत की तेल और गैस संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। दरअसल, भारत की चिंता कच्चे तेल की अधिक रहती है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष के बीच आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई, तो कच्चे तेल के मामले में भारत ने रूस से सहयोग लेना शुरू कर दिया। अब अमेरिका से इस क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, तो निश्चय ही उस पर दबाव कुछ कम होगा। निश्चय ही यह अमेरिका के फैसले के प्रति सकारात्मक रुख है। सबसे अधिक चिंता व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता जताई जा रही थी, मगर उस चिंता को दूर करते हुए दोनों देशों ने भरोसा दिलाया है कि वे 2030 तक आप व्यापार को दोगुना करेंगे। इससे न केवल दोनों देशों का व्यापार घाटा कम होगा, बल्कि दोनों का बाजार कुछ और विस्तृत होगा। अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में जिस गतिरोध की आशंका जताई जा रही थी, वह समाप्त हो गई है। यही नही जो थोड़ी-बहुत कसर बाकी थी, वह भी आपसी मुलाकात से ठीक पहले राष्ट्रपति ट्रंप के इस ऐलान से पूरी हो गई कि अमेरिका समान टैरिफ की पॉलिसी पर चलेगा। उन्होंने साफ कह दिया कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उस पर उतना ही टैरिफलगाएंगे। यह भारत को परोक्ष लेकिन सीधी चेतावनी थी। इस माहौल में तनाव को हावी होने दिए बगैर पीएम मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे।

उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफकी बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की तर्ज पर अपना नारा - मेक इंडिया ग्रेट अगेन पेश किया। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने राष्ट्रहित का अनुसरण करेंगे। इस कूटनीतिक का नतीजा था कि जो माहौल टकराव की ओर जाता दिख रहा था, वह सहयोग बढ़ाने के प्रयासों की ओर केंद्रित हो गया। न केवल टैरिफ जैसे मसलों पर फ्रेमवर्क बनाने की बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी बल्कि अंतरिक्ष यात्रा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर नजरें जम गई। सबसे खास बॉत यह कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहब्बुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिका ने सकारात्मक रुख दिखाया है, उससे दोनों के रिश्ते और प्रगाढ़ हुए हैं। इसका सीधा असर पाकिस्तान और उसके आका चीन पर पड़ेगा। अवैध आप्रवासन को लेकर अमेरिका की चिंता पर भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है, बेशक उन्हें ससम्मान वापस भेजा जाए। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने उन मानव तस्करों के खिलाफभी कड़े कदम उठाने का वादा किया, जो भारत से लोगों को बरगला या बहला कर दूसरे देशों में ले जाते हैं। मुंबई टेरर अटैक के एक साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का राष्ट्रपति ट्रंप ने वहीं ऐलान भी कर दिया। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन पीएम मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक फ्रांस यात्रा नई दिल्ली और पेरिस के रिश्तों को मजबूत करने वाली साबित हुई है। इस दौरान दोनों देशों ने 10 एमओयू, समझौतों जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर भारत-फ्रांस घोषणापत्र, भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर के लिए 2026 के लिए लोगो की लॉन्चिंग, फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफमें 10 भारतीय स्टार्ट-अप की मेजबानी के लिए समझौता, उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों और लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों पर साझेदारी स्थापित करने के उद्देश्य की घोषणा, त्रिकोणीय विकास संबंधी सहयोग की घोषणा, मार्सिले में भारत के वाणिज्य दूतावास का संयुक्त उद्घाटन शामिल हैं।

## विचार

# युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता समझिए

**कमलेश पांडेय**

आ चाहे वैश्विक युद्ध की आशंका की बात हो या विभिन्न देशों के बीच जारी द्विपक्षीय युद्ध की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है। इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग हैं से हलंत तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतरराष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं।

ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की आशंका, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। वैसे दुनिया को यह भी पता है कि



पाकिस्तान और बंगलादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बांग्लादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है। उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बांग्लादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए तत्पर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं। भारत इसे बखूबी समझता है। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें क्षमा करता आया है, ताकि इनकी सांप्रदायिक फितरत बदलते। इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। वहीं, दुनियावी मंचों पर अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया। इन बातों का सीधा संदेश है कि जो शांति का दुश्मन है, वो भारत का दुश्मन है। इस नजरिए से यदि देखा जाए तो आतंकवाद और उसको प्रोत्साहित करने वाले देश या उनका गुट भी भारत के दुश्मन हैं। पूरी दुनिया में हथियारों की होड़ पैदा करके एक दूसरे पर कोहराम मचाने वाले देश या उनके संरक्षक भी भारत के दुश्मन हैं। इस वजह से भी भारत हथियारों की होड़ में शामिल हो चुका है, क्योंकि लोहा को लोहा ही काटता है। भारत का बढ़ता रक्षा कारोबार भी उसके इसी

**पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बांग्लादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है। उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बांग्लादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं।**

नजरिए का द्योतक है।

सवाल है कि समकालीन विश्व में शांति का दुश्मन कौन है? इसका जवाब होगा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भले चंद्रायण व्रत करने का संकेत लगातार दे रहा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं उसकी नीतियां ही जिम्मेदार रही हैं। हालांकि, भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है। जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है। अपने साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वश चीन अभी जो दुनियावी तिकड़म बैठा रहा है, देर-सबेर उस पर ही भारी पड़ेंगी, क्योंकि भारत की नीतियां ही ऐसी परिपक्व हैं। वहीं, यह भी कड़वा सच है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह अमेरिकी रणनीतियों से अपने बचाव में किया है या फिर उसे संतुलित रखने के लिए किया है। जबकि चीन जो कुछ भी कर रहा है, वह उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा है।

यह भी अजीबोगरीब है कि दुनिया को आतंकवाद और आतंकवादियों का निर्यातक देश पाकिस्तान (अब बांग्लादेश भी) अब अमेरिका की बजाय चीनी गोद में खेल रहा है। यदि आप अमेरिका, रूस, चीन की बात छोड़ दें तो जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ईरान, तुर्की जैसे दूसरी पंक्ति के बहुत सारे देश हैं, जो अपनी अपनी सुविधा के अनुसार नाटो या सीटो में शामिल होते रहे।

## आस्था के संगम में फिल्मी सितारों की डुबकी

**हेमंत पाल**

धर्म और आस्था का सबसे बड़ा समागम प्रयागराज का महाकुंभ अपनी पूरी भव्यता के साथ चल रहा है। अब तक करोड़ों श्रद्धालु और संतों के साथ देश और दुनिया के हर क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां इस आयोजन के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुकी हैं। ऐसे में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियां भी पीछे नहीं रही। कलाकारों, संगीत से जुड़ी नामचीन हस्तियों और टेलीविजन के लोगों ने महाकुंभ में शिरकत की और गंगा, जमुना और सरस्वती की पवित्र त्रिवेणी के संगम में स्नान कर आध्यात्मिक संतुष्टि महसूस की। प्रयागराज महाकुंभ के इस महाआयोजन का आनंद लेने के लिए करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में कई फिल्मी हस्तियों ने भी महाकुंभ में शामिल होकर सनातन धर्म को करीब से जाना।

ये हस्तियां बिना किसी लवाजमे के यहां पहुंचीं और पुण्य के भवसागर में आस्था की डुबकी लगाई। पवित्र संगम में जिस भी फिल्मी हस्ती ने डुबकी लगाई, उसने बिना किसी दिखावे के अपनी श्रद्धा दर्शाई। ज्यादातर फिल्मी लोग अपनी पहचान बताए बिना महाकुंभ में आए और गंगा नहाए। हेमा मालिनी और रवि किशन जैसे लोगों के आसपास जरूर सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जबकि, दक्षिण के कई बड़े सितारे ऐसे भी आए जो सामान्य व्यक्ति की तरह महाकुंभ में पहुंचे। इस इलाके के एक नामी खलनायक ने तो अपनी पहचान जाहिर करने पर नाखुशी तक जाहिर की। महाकुंभ में हस्तियों को लेकर कुछ अलग प्रसंग भी हुए, उनमें 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी, माला बेचने वाली मोनालिसा और आईआईटीयन संत भी हैं। ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ 2025 के दौरान किन्नर अखाड़ा में शामिल होकर संन्यास ग्रहण किया। उनके इस फैसले को जमकर प्रचार मिला। लेकिन, संतों के विरोध के कारण बाद में उन्हें महामंडलेश्वर पद से हटा दिया गया। हिंदी और भोजपुरी के मशहूर एक्टर और सांसद रवि किशन भी संगम में डुबकी लगाने महाकुंभ पहुंचे।

उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे डुबकी लगाते और पूजा करते दिखे। वीडियो पोस्ट करते हुए रवि किशन ने अपनी भावना जाहिर की- 'तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम में स्नान के पश्चात पूजा किया। देश की आस्था, संस्कृति की प्रतीक पवित्र गंगा और यमुना को निर्मल और अविरल करने का कार्य पूरा हो, इसकी प्रार्थना की!' जाने-माने एक्टर अनुपम खेर ने भी महाकुंभ में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पवित्र स्नान किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर स्नान की झलक शेयर की और इस आध्यात्मिक क्षण में प्रार्थना करते हुए मंत्रों का जाप किया। फिल्म कोरियोग्राफर एंड डायरेक्टर रेमो डिसूजा भी संगम में डुबकी लगाने पहुंचे, फैंस से अपना चेहरा छुपाकर स्नान किया व बाद में सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री नीना गुप्ता और संजय मिश्रा भी महाकुंभ में पहुंचे। दोनों ही कलाकारों ने मेले का भ्रमण किया और संगम में डुबकी के साथ गंगा को नमन किया। दोनों ही कलाकार अपनी अगली फिल्म 'वध-2' के प्रचार के लिए भी प्रयागराज पहुंचे। नीना गुप्ता ने कहा कि मां गंगा के पवित्र जल में स्नान का अवसर एक आध्यात्मिक यात्रा जैसा अहसास था। संजय मिश्रा की भावना थी कि आस्था का सागर देखना इतना सुखद है कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है। फिल्म अभिनेता राजकुमार राव ने पत्नी पत्रलेखा के साथ पवित्र समागम का हिस्सा बनने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। वे महाकुंभ की हवाओं में बिखरे आध्यात्मिक भावों और लाखों-करोड़ों लोगों को कुंभ स्नान करते देखकर अभिभूत दिखे। 'मैंने प्यार किया' से धूम मचाने वाली एक्ट्रेस भाग्यश्री अपने बच्चों अवंतिका और अभिमन्यु दासानी के साथ प्रयागराज पहुंचीं और सोशल मीडिया पर वहां की झलकियां शेयर कीं। प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने भी भक्तों से अपने पवित्र स्नान को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ पूरक करने का आग्रह किया। कलाकार मिलिंद सोमन भी पत्नी अंकिता कोंवर के साथ प्रयागराज आए। इस जोड़े ने मौनी अमावस्या के शाही स्नान वाले दिन संगम में डुबकी लगाई व भक्ति में डूबे दिखे। दोनों ने अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की।



## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : फिल्म शहीद, मनोज कुमार व प्राण

**अजय कुमार शर्मा**

1940 के दशक की बात है। पुरानी दिल्ली में छठी कक्षा के कुछ छात्रों ने घर की चादरों से पर्दों का और चारपाइयों से कुर्सियों का काम निकाल कर एक नाटक करने का निर्णय लिया। नाटक का नाम था शहीद भगत सिंह। इसमें भगत सिंह की भूमिका करने वाला छात्र लोगों की भीड़ देखकर सहम गया और परदे के पीछे दूसरे काम करने लगा। भरपूर ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरे इस लड़के ने सहपाठियों द्वारा मज़ाक उड़ाने के बावजूद अभिनेता बनने के अपने फैसले को नहीं बदला। छात्रों के इसी समूह में एक किशोर की पत्रकारिता में गहरी रुचि थी। इन दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई और कुछ वर्षों बाद दोनों फिल्म जगत में काम और नाम कमाने के लिए बंबई चले गए। यह दोनों थे भगत सिंह यानी मनोज कुमार और पत्रकारिता में रुचि रखने वाले केवल कश्यप।

कुछ समय प्रोडक्शन अस्सिटेंट और छोटी-छोटी भूमिकाओं में अभिनय करना शुरू कर नायक बनने तक मनोज कुमार और कुछ फिल्मी सितारों के प्रचारक बनने से लेकर निर्माता बनने तक केवल कश्यप एक दूसरे के संपर्क में रहे और जब इस लायक हो गए कि वह फिल्म बना सकें तो तय किया गया कि फिल्म भगत सिंह पर ही बनाई जाए। शीर्षक रखा गया ÷शहीद।÷ काफी मेहनत और रिसर्च के बाद मनोज कुमार ने कहानी लिखी। इसके लिए बिना पैसे की परवाह किए वह उस हर व्यक्ति से मिले जो तब जीवित था और किसी भी तरीके से भगत सिंह के संपर्क में रहा था। यहां तक वे भगत सिंह के भाई और उनकी मां जो उस समय 81 वर्ष की अवस्था में भी सक्रिय थीं, उनसे पंजाब जाकर मिले और काफी नई जानकारी प्राप्त कीं। केवल कश्यप ने फिल्म बनाने के लिए अपनी संपत्ति पर बैंक का कर्जा लिया।

अपनी फिएट गाड़ी बेंच दी और सारे पैसे इस फिल्म के निर्माण में लगा दिए। लेकिन किसी को उनकी फिल्म की सफलता पर भरोसा नहीं था क्योंकि उससे पहले 1952 में प्रदर्शित फिल्म जिसमें प्रेम अदीब ने भगत सिंह की भूमिका की थी और दूसरी फिल्म शहीद भगत सिंह जो 1963 में प्रदर्शित हुई थी और इसमें शम्मी कपूर ने भगत सिंह की भूमिका की थी, फ्लॉप हो चुकी थीं। लेकिन इन दोनों को अपनी रिसर्च और स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा था। हालांकि बजट कम होने के कारण ज्यादातर नए सितारों के साथ फिल्म शुरू की गई थी। तब प्राण एक बड़े खलनायक थे और लोग उन्हें देखने सिनेमाघरों पर टूटते थे। उनको ध्यान में रखकर मनोज कुमार ने एक काल्पनिक किंतु एक महत्वपूर्ण पात्र केहर सिंह की रचना की थी। केवल कश्यप ने जब इस भूमिका के बारे में प्राण से बात की तो कम पैसे की वजह से उन्होंने भूमिका करने से इनकार कर दिया। तब मनोज कुमार जो उनके साथ दो बदन फिल्म कर चुके थे, किसी अन्य फिल्म के सेट पर मिले तो उन्होंने यह बताया कि यह छोटी-सी भूमिका उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण साबित होगी क्योंकि यह उनको ध्यान में रखकर विशेष तौर पर लिखी गई है और अगर वह इसे नहीं करेंगे तो वह इसे फिल्म से ही निकाल देंगे। तब प्राण तैयार हो गए और सच में डाकू केहर सिंह की यह भूमिका उनके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हुई। शहीद की शूटिंग लुधियाना के एक वास्तविक जेल में हुई थी। प्राण इस जेल में सत्याग्रहियों के साथ ही बंद थे लेकिन सर्वाधिक उग्र कैदी थे जो अपनी फांसी के दिन का इंतजार करते हुए जेल में हर रोज़ कुछ न कुछ उपद्रव फैलाते रहते हैं। मदन पुरी जेलर की भूमिका में थे। भगत सिंह के बारे में सुनकर उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है। उसे इस बात पर हैरानी होती है कि उसके जैसे अपराधी और भारत माता के सपूत भगत सिंह को एक जैसी सजा कैसे दी जा सकती है यानी फांसी की सज़ा। अंतिम दृश्य में जब केहर सिंह को फांसी के लिए ले जाया जा रहा है तब वह भगत सिंह से मिलने की इच्छा प्रकट करता है और उससे कहता है कि मैं ऊपर जा रहा हूं और भगवान से पूछूंगा कि तुम्हारी दुनिया में यह क्या हो रहा है? भगत सिंह और केहर सिंह दोनों से एक जैसा बर्ताव। अंत में किसी नेक व्यक्ति से हाथ मिलाने की बात वाला दृश्य बहुत भावुक करने वाला है। क्योंकि दोनों के हाथ बंधे थे तो दोनों एक-दूसरे की ओर पीठ करके हाथ मिलाते हैं। फांसी के तख्ते की ओर जाते-जाते वह आंखों में आंसुओं और रुंधे गले से दूसरे कैदियों से कहते है मेरे बच्चों यानी भगत सिंह और उनके साथियों का ख्याल रखना...। बाद में प्राण ने इस किरदार को हमेशा अपना सबसे शक्तिशाली किरदार माना। इस फिल्म में प्राण परदे पर केवल 5 मिनट ही रहे थे लेकिन इस किरदार से अच्छे व्यक्ति का रोल करने की उनकी काबिलियत सबके सामने आ गई थी। शहीद की टीम ने सभी को आश्चर्यचकित करते हुए बहुत नाम और पैसा कमाया।

**शहीद की शूटिंग लुधियाना के एक वास्तविक जेल में हुई थी। प्राण इस जेल में सत्याग्रहियों के साथ ही बंद थे लेकिन सर्वाधिक उग्र कैदी थे जो अपनी फांसी के दिन का इंतजार करते हुए जेल में हर रोज़ कुछ न कुछ उपद्रव फैलाते रहते हैं। मदन पुरी जेलर की भूमिका में थे। भगत सिंह के बारे में सुनकर उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है। उसे इस बात पर हैरानी होती है कि उसके जैसे अपराधी और भारत माता के सपूत भगत सिंह को एक जैसी सजा कैसे दी जा सकती है यानी फांसी की सज़ा। अंतिम दृश्य में जब केहर सिंह को फांसी के लिए ले जाया जा रहा है तब वह भगत सिंह से मिलने की इच्छा प्रकट करता है और उससे कहता है कि मैं ऊपर जा रहा हूं और भगवान से पूछूंगा कि तुम्हारी दुनिया में यह क्या हो रहा है? भगत सिंह और केहर सिंह दोनों से एक जैसा बर्ताव। अंत में किसी नेक व्यक्ति से हाथ मिलाने की बात वाला दृश्य बहुत भावुक करने वाला है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न. UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# दिव्यांग का शव तालाब में मिलने से हड़कंप

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बहन के घर आए दिव्यांग भाई का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में उतराता मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर मृतक के शव को बाहर निकाल परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है पूरा मामला चरखारी कोतवाली कस्बा क्षेत्र के कोठी तालाब का है जहां बीते रोज मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के राजनगर कस्बा के रहने वाले खालिद का 28 वर्षीय पुत्र शफीक चरखारी कस्बा के मोहल्ला अमर गंज में रहने वाली अपनी बहन और जीजा शरीफ के घर आया था। शाम को टहलने के लिए बस स्टैंड की तरफ निकल गया और रात में वापस नहीं लौटा सुबह तालाब में उतराता उसका शव मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर कड़ी मशक्कत के बाद मृतक के शव को बाहर निकाल परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मृतक युवक के जीजा शरीफ ने बताया कि राजनगर का रहने वाला उनका साला शफीक दिव्यांग था जो बीते रोज ही अपनी बहन से मिलने के लिए चरखारी आया था शाम को बस स्टैंड टहलने जाने की बात कह कर निकल गया और रात में वापस नहीं लौटा सुबह पुलिस द्वारा सूचना दी गई की एक युवक का शव तालाब में उतरा रहा है। मौके पर जाकर देखा तो मृतक मेरा साला शफीक था जो पैर से दिव्यांग था। आशंका है कि रात में तालाब के किनारे होने की वजह से उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।




## श्री राम महायज्ञ की कलश यात्रा का आयोजन

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के भौली गांव में आयोजित श्री राम महायज्ञ की कलश यात्रा का आयोजन किया गया। बैंड बाजे के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली गई तथा आज से यज्ञ का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के भौली गांव में ग्रामीणों के सहयोग से श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया गया शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाएं मिट्टी के कलश लेकर चल रही थी। तथा घोड़े नृत्य करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के देवस्थानो से पूजा करके यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई तथा हवन कुंड में अग्नि प्रज्ज्वलित की गई तथा यज्ञ का शुभारंभ हो गया। वहीं क्षेत्र के कुतुबपुर, शेखुपुर, बरुआ आदि गांवों में यज्ञ का कार्यक्रम चल रहा है।

# हादसों के बावजूद नहीं रुकी आस्था, ट्रेनों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। हाल ही में प्रयागराज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसों के बावजूद आस्था का ज्वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को कानपुर से बांदा, चित्रकूट, मानिकपुर होते हुए प्रयागराज जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस यात्रियों से खचाखच भरी रही।

शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। रविवार को रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला कि लोग हादसों की परवाह किए बिना प्रयागराज जाने को उत्सुक हैं। कानपुर से चलकर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पहले से ही भरी हुई थी, जिससे स्थानीय यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। रेलवे ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रेन में तीन अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। स्टेशन पर मौजूद महज दो जीआरपी आरक्षी भीड़ को नियंत्रित करने में असमर्थ नजर आए। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजामों की जरूरत महसूस हो रही है। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि अब पहले से ज्यादा टिकटों की बिक्री हो रही है, जिससे यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। हादसों के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने और अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की जरूरत है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके।

# बालू लादने जा रहे डंपर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के मुंडेरा मार्ग पर शनिवार देर रात एक डंपर में अचानक आग लग गई। हादसा बदनपुर और गौरी गांव के बीच हुआ, जब डंपर खैर मरोली खदान से बालू लोड करने जा रहा था। देखते ही देखते डंपर का अगला हिस्सा धू-धूकर जल उठा, लेकिन चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर जैसे ही बदनपुर और गौरी गांव के पास पहुंचा, उसके अगले हिस्से से धुआं उठने लगा। कुछ ही पलों में धुआं तेज लपटों में बदल गया, जिससे चालक को वाहन रोकना पड़ा। आग तेजी से फैलने लगी, जिसके चलते चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व बालू डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।यदि आग और तेजी से फैलती तो डंपर में विस्फोट भी हो सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि चालक सतर्क था और उसने तुरंत कूदकर जान बचा ली।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रशासन यह भी देख रहा है कि क्या वाहन में आग बुझाने के जरूरी उपकरण मौजूद थे या नहीं। यह घटना एक गंभीर चेतावनी है कि भारी वाहनों में तकनीकी खराबी होने पर संभावित खतरों से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए जाएं।

# बढ़ते तापमान से रबी फसलों पर संकट, किसान चिंतित

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

फरवरी के महीने में सामान्य से 5-6 डिग्री अधिक तापमान रहने के कारण मटर, मसूर और सरसों जैसी दलहनी-तिलहनी फसलें एक माह पूर्व ही पककर तैयार हो गई हैं। आमतौर पर यह फसलें मार्च के पहले पखवाड़े में कटाई के लिए तैयार होती थीं, लेकिन इस बार असमय अधिक गर्मी और तेज धूप ने किसानों के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है। अगले सप्ताह से इनकी कटाई शुरू होने की संभावना है, लेकिन किसान उत्पादन में गिरावट को लेकर चिंतित हैं।

किसानों के अनुसार, इस समय फसलों में फल और फूल आने का समय होता है, लेकिन अचानक बढ़ी गर्मी के कारण दाने पतले पड़ रहे हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। पलरा, विदोखर, इंगोहटा और टेढ़ा आदि गांवों के किसानों का कहना है कि दशकों बाद ऐसा मौसम देखने को मिला है, जब फसलें असमय पककर तैयार हो रही हैं। इससे न केवल पैदावार प्रभावित होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। खेती पर मौसम की मार को देखते हुए किसानों ने खलिहान और भंडारण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। लेकिन समय से पहले पकने वाली फसलों का दाना कमजोर होने से बाजार में उचित दाम मिलने को लेकर भी आशंका बनी हुई है। इस बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और उत्पादन में गिरावट का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी में गर्म तापमान और कम नमी के कारण फसलों की विकास प्रक्रिया बाधित हुई है। जलवायु परिवर्तन का यह असर हर साल अधिक गहराता जा रहा है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आमदनी प्रभावित हो रही है। ऐसी परिस्थितियों में किसानों को सिंचाई प्रबंधन और मौसम के अनुरूप फसलों का चुनाव करना होगा ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचा जा सके। बढ़ते तापमान के कारण रबी की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय में गिरावट की आशंका है। किसानों को इस बदलते मौसम के अनुसार अपनी खेती की रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है। सरकार और कृषि विभाग को भी किसानों की मदद के लिए जल प्रबंधन और फसल बीमा जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा, ताकि किसान प्राकृतिक आपदाओं से बच सकें।

# रास्ते में पानी बहने से ग्रामीणों को निकलने में परेशानी

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव में रास्ते में पानी बहने से लोगो को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए बने चेंबर में भरे पानी से दुर्गंध उठती है। जिससे लोगो को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के पतारा गांव में रास्ते में जल भराव होने व गंदगी रहने से ग्रामीणों को रास्ते से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी जवाहर, सुलखान, मलखान, संदीप, विनोद, बलबीर आदि ग्रामीणों ने जानकारी



देते हुए बताया कि बीच गांव में जवाहर महाराज के दरवाजे के सामने से निकले रास्ते में पानी का भराव रहता है। जिससे रास्ते से निकलने में लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी के लिए बनाया गया चेंबर भी गंदगी से भरा हुआ है। जिससे दुर्गंध उठती है। इसके खुला रहने से छोटे बच्चो को गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते के जलभराव की समस्या से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन इस रास्ते के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। लोग कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हो रहे है। चेंबर की कभी सफाई नहीं होती है। जिससे गंदगी व्याप्त रहती है। ग्रामीणों ने इस रास्ते की सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# कोटरा मंकरन्दपुर में बसपा की कैडर की बैठक सम्पन्न

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 218 घाटमपुर विधानसभा के सेक्टर कोटरा मंकरन्दपुर के ग्राम कोटरा में एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप में बूथ एवं सेक्टर कमेटियों की समीक्षा कर उपस्थित पदाधिकारियों एवं जिम्मेदार साथियों को कैडर देकर (बीएसपी जीतेगी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीती तैयार किया गया मुख्य अतिथि सुरेन्द्र संखवार, विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी, राजू कुरील, बसपा विधान सभा अध्यक्ष संजय कुमार संखवार, रामकेश संखवार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, सेक्टर अध्यक्ष कोटरा मंकरन्दपुर परशुराम, सेक्टर महासचिव आनन्द प्रिय मौर्य, हरगोविंद नेता, राजा बेटी, गुरु प्रसाद, भगवान दास, राजू निषाद, अयोध्या प्रसाद, जय नारायन उस्मानपुर, सन्तोष संखवार, अंकित विश्व प्रताप, काजल, कंचन, शिवानी, विवेक, गुलाब सिंह, मुन्नू लाल प्रेम बाबू, धर्मवीर, रामस्वरूप, जगजीवन लाल आदि कार्यकर्ता गण भी मौजूद रहे।




# संयुक्त टीम ने अवैध बालू परिवहन करते ओवरलोड 7 ट्रकों को पकड़ा

**कालपी (जालौन)।** रविवार की भोर में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा सड़कों में घूम-घूम कर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चौकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 7 ट्रकों को परिवहन करते पकड़ कर टीम के द्वारा सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह व चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर चौकिंग की। तभी जोल्हूपुर मोड़ की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन करते 3 वाहनों को पकड़ लिया। इस दौरान काशी खेड़ा चौराहे बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 2 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। टीम ने हाइवे रोड में भी 2 वाहनों को बिना खनिज प्रपत्रों के परिवहन करते पकड़ लिया। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी 7 वाहनों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया।चौकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। दिलचस्प बात यह कि मोरम खदान के घाटों से बिना खनिज प्रपत्रों के बालू लादकर गाड़ियां कैसे निकाल दी जाती है। कहीं न कहीं बालू घाट के संचालकों का भी रोल प्रतीत होता है।

# डीएम को निरीक्षण में मिले फर्जी मरीजों के नाम

> प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरहाना रोड पटकापुर का है मामला, डॉक्टर व नोडल अधिकारी सहित कई के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह बीते एक सप्ताह से स्वास्थ्य बिभाग के अलावा प्राथमिक विद्यालयों तथा बिकास विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों में नजर बनाये हुए है, शासन के निर्देश में अर्बन एवं रूरल पीएचसी में आरोग्य मेला आयोजित किए जाने के निर्देश के क्रम में जनपद में आरोग्य मेले का आयोजित किये जा रहे है, इसी के चलते रबिवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बिरहाना रोड पटका पुर स्थित नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुबह 10:30 पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया की ड्यूटी में उपस्थित डॉ दीप्ति गुप्ता द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार करते हुए मरीजों के नाम रजिस्टर में दर्ज किए गए थे। जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा एक मरीज से फोन पर वार्ता की गई की क्या आप आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे उनके द्वारा बताया गया कि वह कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं आए थे। इस पर जिलाधिकारी द्वारा डॉक्टर दीप्ति से उनके द्वारा फर्जी तरीके से अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने फर्जी तरीके से नाम दर्ज किए हैं। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित डॉक्टर दीप्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश उपस्थित प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। साथ ही पर्यवेक्षक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

# नौ चौकी प्रभारी समेत 21 उप निरीक्षकों का हुआ स्थानांतरण

> जिले में सुदृढ एवं सुयोग्य न्याय व्यवस्था के लिए पुलिस कप्तान महोबा पलाश बंसल ने किए तबादले

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला मुख्यालय की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिये जिले के पुलिस कप्तान पलाश बंशल जिनका प्रमुख जन जन को बेहतर न्याय व्यवस्था मिले, जिसमें पुलिस और पब्लिक के बीच सुदृढ रिश्ता बना रहे। इसी व्यवस्था को आगे बढ़ाते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 9 चौकी प्रभारियों समेत 21 उप निरीक्षकों का स्थानान्तरण किया गया है। बड़े पैमाने पर दरोगाओं के फेरबदल से पुलिस विभाग में अफरातफरी तो दिखी लेकिन वहीं आमजन में इस आदेश से सकारात्मक भाव नजर आया क्योकि एक स्थान पर ज्यादा समय तक रहने के कारण प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों में कहीं न कहीं उनके कार्यो को लेकर अच्छी बुरी सभी बातों का सामना करना पड़ता है रेगुलर फेरबदल से विभागों में एक नई बेहतर व्यवस्था का संचालन सुचारू रूप से होना शुरू होता है, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आदेश अनुसार कुलपहाड़ एवं पनवाड़ी थाना में तैनात 2 दरोगाओं को पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया गया है। पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा चौकी प्रभारी नगाराघाट थाना पनवाड़ी उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बजरिया कोतवाली महोबा बनाया गया है। चौकी प्रभारी बजरिया महोबा उप निरीक्षक गौरव चौबे को चौकी प्रभारी सुभाष कोतवाली महोबा बनाया गया है। चौकी प्रभारी सुभाष कोतवाली महोबा उप निरीक्षक देवेन्द्र ओझा को चौकी प्रभारी नगाराघाट थाना पनवाड़ी बनाया गया। चौकी प्रभारी भटीपुरा कोतवाली महोबा उप निरीक्षक सुजीत जायसवाल को चौकी प्रभारी सुरहा थाना कबरई बनाया गया है। चौकी प्रभारी मनियादेव कोतवाली महोबा उप निरीक्षक विवेक यादव को चौकी प्रभारी बेलाताल कोतवाली कुलपहाड़ बनाया गया है। चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी उप निरीक्षक सनय कुमार को चौकी प्रभारी मनियादेव कोतवाली महोबा बनाया गया। चौकी प्रभारी बेलाताल धर्मेन्द्र सिंह को चौकी प्रभारी भटीपुरा महोबा बनाया गया है। चौकी प्रभारी सुरहा कबरई उप निरीक्षक प्रकाश सिंह परिहार को चौकी प्रभारी पसवारा महोबा बनाया गया है। कोतवाली महोबा में तैनात उप निरीक्षक हीरामणि तिवारी को थाना खन्ना, थाना कबरई में तैनात उप निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह को चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी बनाया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कबरई उप निरीक्षण महेन्द्र कुमार वर्मा को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना पनवाड़ी बनाया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना पनवाड़ी एस आई सुनील कुमार मिश्र को थाना कबरई, थाना ए.एच.टी.यू. उप निरीक्षक लायक सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना अजनर भेजा गया है। थाना महोबकंठ में वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर तैनात एस. आई. सत्येन्द्र सिंह को कोतवाली महोबा, कोतवाली महोबा में तैनात उप निरीक्षक मनोज तिवारी को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना महोबकंठ, थाना कुलपहाड़ में तैनात उप निरीक्षक बालकृष्ण तिवारी एवं थाना पनवाड़ी में तैनात उप निरीक्षक ज्योतिन्द्र नाथ शुक्ल को पुलिस लाइन भेजा गया है। पेशी नगर में तैनात उप निरीक्षख सत्यप्रकाश पाण्डेय को थाना पनवाड़ी, थाना कबरई में तैनात उप निरीक्षक मधुरेश कुमार त्रिपाठी को थाना कुलपहाड़, पसवारा चौकी प्रभारी रहे उप निरीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा को थाना कबरई एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना अजनर में तैनात एसआई मलखान सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कबरई बनाया गया है।

# हरे कृष्ण-हरे राम की धुन के साथ निकाली गई संकीर्तन यात्रा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

अंतराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ द्वारा भव्य नगर संकीर्तन यात्रा निकाली गई जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तगण हरे राम हरे कृष्ण का कीर्तन करते हुये चल रहे थे इस यात्रा का नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्ष कर स्वागत किया गया मुख्यालय के नवीन गल्ला मण्डी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर से अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृतसंघ की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसके तहत समूचे नगर में भव्य नगर संकीतन यात्रा निकाली गई जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तगण भक्ति के रस में डूब हरे कृष्णा हरे रामा कार संकीर्तन करते हुये चल रहे थे संकीर्तन यात्रा पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा की तथा प्रवक्ता परम पूज्य



जितामित्र प्रभुजी को पुष्प माला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया नगर संकीर्तन यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर, परमानंद चौक, आल्हा चौक, तहसील चौराहा से होकर बाजार के रास्ते से ऊदल चौक होते हुये राम कथा मार्ग से वापस पुनः लक्ष्मी नारायण मंदिर में जाकर समाप्त हुई। संकीर्तन यात्रा में शहर के दर्जनों की संख्या में



समाजसेवी व भक्तगण मौजूद रहे संकीतर्न यात्रा से समूचे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा के उपरान्त प्रवक्ता परम पूज्य जितामित्र प्रभुजी महाराज ने उपस्थित सभी भक्तगणों को श्रीमद भागवत महा पुराण के दिव्य संदेश का विस्तार से दिव्य वर्णन किया। जिसे सुन दर्शकगण भाव विभोर हो गये। अन्त में प्रसाद का वितरण किया गया।

## वाहन के इंतजार में खड़े राहगीर को ट्रक चालक ने रौंद डाला

**कालपी (जालौन)।** हमीरपुर के लिए सवारी वाहन की तलाश कर रहे अधेड़ की दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। विदित हो कि जनपद बाँदा के थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम मेहदू निवासी चुन्ना पुत्र मुनेरा उम्र 50 वर्ष किसी आवश्यक कार्य से उरई गया था जहां से वह रविवार शाम को बस से लौटकर जोल्हूपुर आया था और हमीरपुर की तरफजाने वाले वाहन की तलाश कर रहा था इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गया और दुर्घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त कर सूचना परिजनों को दी है साथ ही शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाभी का कत्ल करने के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

मकान के विवाद में भाभी का कत्ल करने वाले दुर्दांत हत्यारे देवर को रामपुरा थाना पुलिस ने घटना के 46 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। ज्ञात हो कि रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुरा कला में मकान के कब्जे को लेकर चल रहे विवाद में शिवकुमार उर्फ शिववीर पुत्र रमाशंकर कोरी निवासी फतेहपुरा कला ने अपनी भाभी रामश्री पत्नी संतोष कोरी उम्र लगभग 45 वर्ष की 13 फरवरी को कुल्हाड़ी से काटकर उस समय हत्या कर दी जब वह शाम लगभग 6.30 बजे खेतों से पशुओं के लिए घास लेकर अपने गांव फतेहपुरा वापस लौट रही थी । उक्त



घटना में मृतक के पुत्र कृष्णा ने चार लोगों के विरुद्ध रामपुरा थाने में मुकदमा अपराध संख्या 22/2025 बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। कत्ल की उक्त वारदात के बाद से ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा महिला के हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिए रामपुरा पुलिस को लगातार निर्देशित किया जा रहा था। कल 15 फरवरी की शाम रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार को अपने मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कत्ल की उक्त वारदात का मुख्य आरोपी शिवकुमार उर्फशिववीर रामपुरा रोड से कस्बा ऊमरी के विलौहां मोहल्ला की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया है। रामपुरा थानाध्यक्ष ने यह जानकारी तत्काल क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ डॉ राम सिंह को दी। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव, उप निरीक्षक रामकिशोर, उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक आयुष गुप्ता, उप निरीक्षक अनूप कुमार, कांस्टेबल विकास कुमार, जावेद अख्तर चालक ने अलग-अलग टीम बनाकर हत्याभियुक्त को घेर कर कस्बा ऊमरी में विलौहां मोहल्ला की ओर जाने वाले रास्ते पर दबोच दिया। पूछताछ के दौरान हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी ऊमरी फतेहपुरा माइनर पुलिया के पास खड़ी अरहर के खेत में बरामद कर ली गई। रामपुरा पुलिस ने हत्याभियुक्त शिवकुमार के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही न्यायालय में पेश किया गया वहां से उसे जेल भेजा गया है।

# 'जीवन जीने की कला को भी सिखाती है फिजियोथिरेपी'

- मेडिकल कॉलेज में फिजियोकॉन 25 के सेमिनॉर में बोले विशेषज्ञ चिकित्सक
- आज के दौर में प्रत्येक दस में 09 बैकपेन से परेशान
- गर्भवती महिलाओं व वृद्धों के लिए वरदान साबित हो रहा फिजियोथिरेपी का इलाज
- विश्व स्वास्थ्य संगठन भी फिजियोथिरेपी को दे रहा महत्व

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के एलटी-3 सभागार में रविवार को आयोजित फिजियोकॉन 2025 सेमिनॉर में बाहर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने फिजियोथिरेपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसके महत्व को समझा है। यह सिर्फ दर्द निवारण की प्रक्रिया नहीं है, अपितु आर्ट ऑफ लिविंग को भी सिखाती है। आज के दौर में प्रत्येक 10 व्यक्तियों में नौ लोग बैकपेन से परेशान है। पेनकिलर टेबलेट सिर्फ क्षणिक रिलीफ देता है। फिजियोथिरेपी से पूरी तौर पर आराम मिलता है।

फिजियोकॉन 2025 सेमिनॉर का उद्घाटन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने डीएम को बुके देकर सम्मानित किया। सेमिनॉर की शुरूआत में प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि फिजियोथिरेपी का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। कोविड काल के बाद इसका महत्व और बढ़ा है। नोएडा से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.संजू मिश्रा ने कहा कि फिजियोथिरेपी का क्षेत्र एमबीबीएस स्टूडेंटस व पीजी करने वाले स्टूडेंटस के लिए एक चुनौती पूर्ण कैरियर है। इसका क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। कानपुर से आई डॉ.दीपा अनीता अवस्थी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व वृद्धों के लिए फिजियोथिरेपी चिकित्सा वरदान साबित हो रही है। आज के दौर में वृद्धावस्था में अधिकांश लोगों को घुटने में दर्द, चलने में दिक्कतें व डिप्रेशन जैसी समस्याएं आती है। पेनकिलर से इन्हे क्षणिक राहत तो दी जा सकती है, लेकिन फिजियोथिरेपी से पूर्ण रूप से आराम मिलता है। पेनकिलर लेने से शरीर पर साइड इफ्केट भी होते हैं। उन्होने कहा कि 10 में से नौ लोग बैकपेन से परेशान है। इनमें से फिजियोथिरेपी के इलाज से काफी लोगों को राहत मिली है। कहा कि फिजियोथिरेपी सिर्फ इलाज की प्रकिया ही नहीं है, अपितु यह जीवन जीने के आनन्द (आर्ट ऑफ लिविंग) को भी सिखाती है। सेमिनॉर को डॉ. सुधीर पाण्डेय, डॉ.केके शर्मा, डॉ.अभिषेक बाजपेई, डॉ.कपिल श्रीवास्तव, डॉ.प्रदीप शर्मा, डॉ.प्रमोद पाण्डेय, डॉ.एचएस यादव, डॉ.कुलदीप तोमर, डॉ.मुकेश कुमार ने भी संबोधित करते हुए फिजियोथिरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला। मेडिकल स्टूडेंटस से अपील करते हुए कहा कि उन्हे अपना कैरियर बनाने के लिए फिजियोथिरेपी को चुनना चाहिए। सेमिनॉर के आयोजक डॉ.कपिल कुमार, डॉ.प्रमोद पाण्डेय, डॉ.एचएस यादव व आर्थो के विभागाध्यक्ष डॉ.पीपी बाजपेई ने बाहर से आए सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुके, प्रतीक चिन्ह व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया।



बाहरी मेडिकल कॉलेजों से आए विशेषज्ञ चिकित्सक



डॉ. दीपा अनीता अवस्थी को सम्मानित करते आयोजक

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ संदिग्ध गिरफ्तार




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अभियुक्त को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक अपाचे मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अवैध शस्त्र बरामदगी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राकेश कुमार पटेल उ0नि0 संजीव कटारा का0 करनपाल सिंह, का0 हाकिम सिंह, मुखबिर की सूचना पर थाना छिबरामऊ क्षेत्र के इन्द्रा आवास कालोनी कस्बा थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज से लूट या अन्य किसी अपराध के इरादे से बिना नम्बर अपाचे मोटर साइकिल से घूम रहे अभियुक्त नीरज पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम मेरूपुररावी थाना कमालगंज जनपद फर्रूखाबाद को मौके पर 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उक्त बिना नम्बरी मोटर साइकिल के प्रपत्र तलब किये गये तो दिखाने से कासिर रहा जिसको अन्तर्गत धारा 207 MV एक्ट सीज किया गया। अभियुक्त को जेल भेजा।

### अचानक तबीयत खराब होने के बाद बालिका की इलाज के दौरान मौत

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गुलैया निवासी सलीम की पुत्री की अचानक तबीयत खराब हुई परिजन उपचार के लिए 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय जहां चिकित्सीय परीक्षण के समय मृत्यु घोषित कर दिया गया। अंजलि पुत्री सलीम उम्र 17 वर्ष निवासी गुलैया छिबरामऊ जनपद कन्नौज की अचानक तबीयत खराब होने से परिजन सौसैया अस्पताल लेकर आए सो सैया के डॉक्टरों ने पुत्री को मृत घोषित कर दिया परिजनों में कोहरा मच गया परिजन मृत पुत्री को घर पर ले गए।

### राइस मिल मालिक के खिलाफ अभियोग दर्ज

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय रोड पर स्थित राइस मिल में दो मजदूर की हुई थी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद राइस मिल मालिक के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया। कोतवाली क्षेत्र के सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय रोड पर स्थित राइस मिल में दो मजदूर की हुई थी जिसमें बहबलपुर निवासी मानसिंह ने भगवती राइस मिल के स्वामी कौशल दीक्षित उर्फ लड्डू के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया कहा गया है कि 14 फरवरी को बृजेश व राजेश मील में काम कर रहे थे अचानक बोरी गिरने से दोनों मजदूर दब गए साथियों द्वारा बोरा हटाने के बाद बाहर निकल गया दोनों मौत हो गई पंचनामावर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए श्रम विभाग टीम गठन की जांच रिपोर्ट के बाद मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा

### ई-रिक्शा चालक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने ई-रिक्शा चालक से गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सिंहपुर निवासी राधाकिशन पुत्र कल्टर सिंह बाथम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार को ई-रिक्शा में सवारियां बैठाने को लेकर गांव के ई-रिक्शा चालक से विवाद हो चुका था। इसी की रंजिश को लेकर रविवार की सुबह लगभग 10 बजे जब वह अपना ई-रिक्शा लेकर आ रहा था। तभी गांव के बाहर स्थित प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर के पास गांव के तीन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मां-बेटी से छेड़छाड़ कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ले के युवक ने दरवाजे पर आकर मां बेटी से गाली गलौज की और छेड़छाड़ कर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मोहल्ले का युवक शराब के नशे में उसके दरवाजे पर आता है और उसके साथ गाली गलौज करता है। मना करने पर महिला व उसकी पुत्री से छेड़छाड़ करता है और शिकायत करने पर जान से मारने धमकी देता है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### चार लोगों को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भूमि को गिरवीं रखने के विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने दंपति सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बनियानी निवासी संजू देवी पत्नी राकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके जेठ ने 04 बीघा जमीन 04 लाख रुपये में गिरवीं रख दी। जब भाईयों ने अपने हिस्से के रुपये मांगे तो शनिवार की शाम लगभग 06.30 बजे दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर जेठ व उसकी पत्नी, पुत्र ने उसे व उसके पति राकेश, देवर रोहित व देवरानी प्रियंका को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

### रंजिश में महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश को लेकर गांव के चार लोगों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी जरिना बेगम पत्नी मोबिन अहमद ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रंजिश को लेकर उसके गांव के चार लोग रविवार की सुबह करीब 08 बजे दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामल की पड़ताल शुरू कर दी है।

## श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना




प्रयागराज रवाना होने से पूर्व मौजूद श्रद्धालु

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महाकुंभ के लिए नगर में दो बसों के द्वारा श्रद्धालुओं का जत्था भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष की ओर से रवाना किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष के द्वारा सभी श्रद्धालुओं का तिलक कर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

शनिवार की देर शाम को नगर के तिर्वा रोड से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष रामकुमार पाठक के नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ के लिए दो बसों को श्रद्धालुओं से रवाना किया गया। इस मौके पर उन्होंने बस में सवार सभी 110 श्रद्धालुओं को पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कई वर्षों के बाद प्रयागराज महाकुंभ आया है। जिसमें स्नान करने का सौभाग्य सभी सनातनी प्रेमियों को मिलना चाहिए। जिसके लिए सभी श्रद्धालु जाना चाहते हैं। सरकार की ओर से महाकुंभ को लेकर तैयारी की गई थी। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी स्नान से सभी को पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर रामकुमार पाठक, विपिन पाठक, राजेश, बबलू, कमल, राघव, राजू पांडे, संजय सिंह, प्रदीप चतुर्वेदी, संदीप गुप्ता, अजीत, नीलू गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## मोह माया में पड़कर परेशान है संसार का हर इंसान

- संत निरंकारी सत्संग का नगर में हुआ आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा देवेंद्र ने कहा कि संसार में जिधर भी नजर जाती है। हर इंसान परेशान नजर आ रहा है। क्योंकि आज का इंसान अध्यात्म से दूर जा रहा है। वह तमाम सांसारिक चकाचौंध में पड़कर परमात्मा से दूर होता चला जा रहा है। जिसके चलते आज समाज में अनेकों प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

महात्मा देवेन्द्र ने कहा कि जिधर भी देखो कलह, कलेश नजर आता है। हर जगह बेचौनी है।



सत्संग में मौजूद सत्संगी इनसेट में महात्मा देवेन्द्र

व्याकुलता है। इसलिए आज सद्गुरु जगह-जगह जाकर इंसान को अध्यात्म की राह पर चला कर शांति की अदभुत धारा से जोड़ रहा है। मनुष्य जब तक परमात्मा की शरण में नहीं जाता। तब तक चाहे जितने भी सुख साधन इकट्ठे कर लिए जाएं। वह हमारे लिए सुखदाई नहीं हो पाएंगे। क्योंकि हमारी ज़रूरतें और ज्यादा बढ़ती जाती हैं। हमारी इच्छाएं बेकाबू होती चली जाती हैं। लेकिन जब इस परमात्मा का ज्ञान हो जाता है और परमात्मा से इंसान रूबरू होता है। तब यह सारी इच्छाएं समाप्त हो जाती हैं। फिर वह व्यक्ति हर स्थिति का खुशी-खुशी आनंद प्राप्त करता है। सुख ही सुख का एहसास करता है। संसार में सुख प्राप्ति के लिए परमात्मा की जानकारी आवश्यक है। लेकिन परमात्मा के साक्षात्कार के लिए गुरु की शरण में जाना आवश्यक है। क्योंकि बिना गुरु के परमात्मा की जानकारी संभव नहीं है। इसलिए हर इंसान को आज समय की सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव यही आवाज दे रही हैं। कि आप सब इस परमात्मा को जान लो और जानकर अपने जीवन को आनंद से भरपूर करो। क्योंकि यह जो जीवन मिला है। ये अदभुत और अनमोल है। यह इन सब चीजों के लिए नहीं है। जिसमें कि इंसान उलझा हुआ है। हमें परमात्मा की जानकारी करने के लिए यह जीवन प्राप्त हुआ है। यही इस जीवन का मूल लक्ष्य है। तो इस परमात्मा को जानकर अपने जीवन के लक्ष्य को पूरा करें। जिससे कि जीवन सुखद बन पाए। सत्संग में विपिन कुमार, ईश्वर दयाल, चुन्नू लाल, अशोक, सुरेंद्र जी छोटेलाल, आकाश, जोगराज, चंद किशोर, रामबाबू, मुन्नी देवी, दिशा, प्रियंका, सुनीता, रेखा, उषा, पम्मी आदि रहे।

## आलू भंडारण के लिए, हवन पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

- चिप्स कपंनियों द्वारा चिप्सोना आलू खरीद की है व्यवस्था
- लिली कोल्ड स्टोरेज में नए सत्र की हुई शुरुआत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

आलू भंडारण की कवायद शुरू हो गई है। शीतगृह पर नए सत्र की शुरूआत से पहले हवन पूजन किया गया।

क्षेत्र के लिली कोल्ड स्टोरज हजरतपुर में भंडारण का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। कोल्ड स्टोरेज के स्वामी बाबू जगदीश चंद्र पटेल, पुष्कर पटेल, पुरुषोत्तम पटेल ने विधि विधान से हवन पूजन कर मशीन रूम में मशीनों की पूजा अर्चना की।



पूजा-अर्चना करते कोल्ड स्टोरेज स्वामी व अन्य

संचालक पुष्कर पटेल ने किसानों व्यापारियों से कहा कि किसान भाई जो पिछली 45 वर्षो से इस कोल्ड से जुड़े हैं। उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। जिस तरह आप लोग सहयोग कर रहे हैं। उसी तरह सहयोग करते रहे। उन्होंने किसानों से अच्छी किस्म के आलू उत्पादन की बात कही। जिससे किसानों को आलू का अच्छा भाव मिले उन्होंने किसानों से चीपसोना आलू की पैदावार करने की बात कही। इसके लिए आप लोग नए बीज लगा कर अच्छा उत्पादन करे। उन्होंने कहा जब आलू की क्वालिटी अच्छी होगी तभी अच्छा भाव मिलेगा। कहा कि इस वर्ष चिप्स कपंनियों द्वारा चिप्सोना आलू खरीद की व्यवस्था की गई है। और इस बार ऊर्जा आलू की भंडारण क्षमता भी बढ़ा दी गयी है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में किसान रहे।

### मंडल अध्यक्ष के पद पर राशिद का मनोनयन



**छिबरामऊ कन्नौज** भारतीय किसान यूनियन प्रधान राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता की स्वीकृत के बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। भारतीय किसान यूनियन प्रधान युवा के प्रदेश अध्यक्ष मोहित यादव ने कानपुर मंडल अध्यक्ष के पद पर राशिद फारूकी पुत्र रशीद अहमद को कानपुर मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष शीघ्र ही किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करेंगे व संगठन को बुलंदियों पर पहुंचाएंगे।

## सपाइयों ने कैंडिल जलाकर तीर्थ यात्रियों की मौत पर जताया शोक



कैंडिल जलाकर शोक जताते सपा नेता

**तिर्वा समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मेडिकल कॉलेज के निकट एक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन कर मृत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की। कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन रखा।

सपा नेता अवनीश यादव के नेतृत्व में करीब एक दर्जन सपाई रविवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचे। सपाईयों ने श्रद्धालुओं की हुई मौत को लेकर कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। सभी मृत आत्माओं की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर बिट्टू सिद्दीकी, सुखेन्द्र यादव, मेराज खां, सौरभ, दिलशाद, श्यामजी, शनि पटेल, शोभित समेत कई सपा नेता मौजूद रहे।

## सीओ सिटी ने की प्रपत्रों की समीक्षा




थाने में समीक्षा करते सीओ कमलेश कुमार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने थाना कोतवाली पर थाने के सभी विवेचकों का ओआर किया गया। विवेचना निस्तारण, प्रार्थना पत्रों, आइजीआरएस निस्तारण, टॉप 10 और सक्रिय अपराधियों पर कृत कार्यवाही, पिछले 06 माह में जेल से छूटे अपराधियों के सत्यापन की समीक्षा कर विवेचनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## मृतक दुराचारियों के खाका जलाकर किए गये नष्ट

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में एचएस चैकिंग/खाका विनिष्टीकरण अभियान के तहत थाना कोतवाली पर एच एस नं0 72A मृतक पूजन कटियार उर्फ अमन कटियार पुत्र सुदामा कटियार निवासी ग्राम कपूरापुर, एचएस नं0 161A मृतक शिवशरन उर्फ मुनुआ उर्फ मुन्नू सिंह यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम भग्गापुरवा, एचएस नं0 250A मृतक होरीलाल पुत्र बुद्धा जाटव निवासी ग्राम वलारपुर, एचएस नं0 42A मृतक संजय कुमार पुत्र प्रताप नारायण दुवे निवासी ग्राम युसुफपुर भगवान, एचएस नं0 60A



सीओ की मौजूदगी में खाका जलाकर नष्ट करते पुलिसकर्मी

मृतक फारुख पुत्र अल्ताफ निवासी ग्राम कुसुमखोर की मृत्यु हो जाने के कारण क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार की उपस्थित में उपरोक्त मृतक दुराचारियों के खाका जलाकर नष्ट किए गए।

### डिजिटल क्रांति लाएंगे सीमावर्ती गांव के लोग : डीएफओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सीमावर्ती गांव में चल रही कंप्यूटर कोर्स प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान सभी को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सशस्त्र सीमा बल 59वीं बटालियन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता 59 बटालियन के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की। जबकि उप-कमांडेंट अभिनव कश्यप ने मुख्य अतिथि डीएफओ बहराइच वन प्रभाग अजीत प्रताप सिंह का स्वागत कर किया। संबोधन में अभिनव कश्यप ने बताया कि एसएसबी न केवल सीमाओं की सुरक्षा में तत्पर है, बल्कि समाज के कल्याण और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह ने एसएसबी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाने में सहायक होंगे, बल्कि यहां के युवाओं को नई तकनीकों से अवगत कराने और उनके कौशल को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
उन्होंने युवाओं को सीखने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखने, नए विषयों की खोज करने और अपने अर्जित ज्ञान का सदुपयोग समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में करने की प्रेरणा दी ।30 दिनों तक चले इस कोर्स में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें कंप्यूटर संचालन, टाइपिंग, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट उपयोग और साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सिकंदरपुर को हराकर फाइनल में पहुंची फर्रुखाबाद क्रिकेट टीम

- गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया गया उद्घाटन
- फर्रुखाबाद क्रिकेट टीम ने सिकंदरपुर टीम का छुड़ाया पसीना

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मैच सिकंदरपुर व फर्रुखाबाद क्रिकेट टीम के बीच मैच कराया गया कस्बा समधन के मोहल्ला दारासराय कालोनी के पास ग्राउंड में चल रहा चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को आखरी सेमीफाइनल मैंच सिकंदरपुर व फर्रुखाबाद क्रिकेट टीम के बीच कराया गया जिसमें टॉस जीतकर पहले फर्रूखाबाद क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 14 ओवर के खेल में 132 रन बना पाए जीत के लिए 133 रनों का लक्ष्य रखा दूसरी पारी में जबाब उतरी सिकंदरपुर क्रिकेट टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 11 वां



ओवर खेलते हुए केबल 70 रन बनाकर पूरी टीम आलाउट हो गई। 64 रनों से फर्रूखाबाद क्रिकेट टीम ने जीत दर्ज कर ली विजय हुई टीम के खिलाड़ी अभीषेक कुमार को चमन क्लॉथ हाउस की तरफ से अब्दुल्ला खान ने मैन ऑफ द मैच भेंट किया गया। इससे पहले क्रिकेट टूर्नामेंट का नगर पंचायत समधन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुजम्मिल हुसैन व पत्रकार अल्लाह रक्खा ने ग्राउंड पर पहुंचकर टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन किया गया कमेटी द्वारा दोनों मेहमानों का गर्मजोशी के साथ फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

फर्रूखाबाद क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अभीषेक कुमार ने मंच पर पहुंचकर जीत की खुशी में पूरी टीम का हौंसला अफजाई की गई। मौजूद हजारों की संख्या में दर्शको को जीत की मुबारकबाद दी गई टूर्नामेंट की कमेन्ट्री मोहम्मद आरिफ ने की इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजक मो0 नफीस उर्फ बम्बईया, अब्दुल्ला खान, मोहम्मद सगीर, इमरान खान, रुकसाद पहलवान, शीरू खां, जेएमटी ई रिक्शा के प्रबंधक मोहम्मद राजू , के अलावा स्थानीय सभासद मोहम्मद आजम मौजूद रहे। कल का फाइनल मैच का कड़ा मुकाबला गुरसहायगंज क्रिकेट टीम व फर्रुखाबाद टीम के बीच होंगा।

# अमृतपुर 193 विधानसभा में पीडीए जागरुकता जन चौपाल कार्यक्रम का रोस्टर जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर 193 विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सेक्टर स्तरीय पीडीए जागरुकता जन चौपाल कार्यक्रम के लिए सेक्टर, कार्यक्रम स्थल बूथ, आयोजक व संगठन से प्रभारी अधिकृत करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 193 अमृतपुर विधानसभा में सेक्टर स्तरीय पीडीए जागरुकता कार्यक्रम 19 फरवरी समय 12 बजे सेक्टर जिठौली कार्यक्रम स्थल सलेमपुर बूथ संख्या 126, 127 के आयोजक रमाकांत, आदेश यादव, सुधीर यादव व प्रभारी के रुप में सुधांशु पाठक विधानसभा अमृतपुर, सेक्टर 14 सरह कार्यक्रम स्थल महमदगंज बूथ संख्या 142, आयोजक पंडित ब्रह्मानंद, पृथ्वी राज यादव, विवेक कुमार व प्रभारी उदय प्रताप सिंह भोला यादव विधानसभा अध्यक्ष होंगे। सेक्टर 15 सुंदरपुर कार्यक्रम स्थल भरखा बूथ संख्या 147, 148 आयोजन हर्ष सोमवंशी प्रधान (सदस्य जिला कमेटी), प्रदीप (सोनू) व प्रभारी अनुराग यादव जिलाध्यक्ष सलोवा होंगे। 20 फरवरी को सेक्टर 16 संतोषापुर कार्यक्रम स्थल संतोषापुर/भिडौर बूथ संख्या 164, 157, 158 आयोजक नरेश चन्द्र पाल प्रधान/जि0सचिव, जगदीश यादव, सुभाष चन्द्र बूथ प्रभारी व प्रभारी अमीर सिंह यादव जिला सचिव होंगे। सेक्टर 17 चम्पतपुर कार्यक्रम स्थल गढ़िया हैवतपुर/अजीजाबाद-बूथ संख्या 167, 173, आयोजक धर्मेन्द्र राजपूत, अब्दुल अदीव खां व प्रभारी डा0 सुभाष पाल प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग होंगे।

सेक्टर 18 हुसैनपुर तराई, कार्यक्रम स्थल हुसैनपुर तराई बूथ संख्या 177 चिलसरा, बूथ संख्या 180, 183 आयोजक संजय राजपूत स0जि0कमेटी, रफ्फन खां, मुनीम खां व प्रभारी साहब खां जिला सचिव होगें। 21 फरवरी को सेक्टर 19 बैरमपुर कार्यक्रम स्थल अमलैया आशानंद बूथ संख्या 189 आयोजक बी0के0 गंगवार, अखिलेश मिश्रा, केडी गंगवार, अतिन पाल व प्रभारी सुरेन्द्र सिंह गौर जिला उपाध्यक्ष होगें। सेक्टर 20 नटवारा कार्यक्रम स्थल हरसिंगपुर बूथ संख्या 200, 201 आयोजक आदेश यादव, पंकज कुमार, सुमित (छोटू), अभय यादव व प्रभारी सुमित शाक्य जिला उपाध्यक्ष होंगे। सेक्टर 21 तुर्कीपुर कार्यक्रम स्थल सादिकपुर बूथ संख्या 210 आयोजक बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, अंशुल यादव व प्रभारी साजिद अली जिला अ0अ0सं0सभा होंगे। 22 फरवरी को सेक्टर 23 भारत नगर मंझना, कार्यक्रम स्थल कांधेमई मिल्किया बूथ संख्या 230, आयोजक प्रधान शेर सिंह, रवेन्द्र कुमार, नागेन्द्र यादव, आलोक गंगवार पू0 ब्लाक अ0 व प्रभारी अमित कठेरिया जि0अ0अनु0जा0 अमन सूर्यवंशी जि0अ0बाबा0 सा0वा0 होंगे। सेक्टर 24 नवाबगंज कार्यक्रम स्थल बेग बूथ संख्या 234, आयोजक बिजेन्द्र सिंह प्रधान (जिला सचिव) गोपेन्द्र सिंह, साजिद अली, रवि यादव व प्रभारी प्रतिपाल सिंह सदस्य जिला कमेटी होगें।

सेक्टर 25 गनीपुर जोगपुर कार्यक्रम स्थल गनीपुर जोगपुर बूथ संख्या 248 से 251 तक माया गेस्ट हाउस नवाबगंज, आयोजक अश्वनी यादव, डा0 नवरंग सिंह, प्रदीप यादव टीटू, राहुल सभासद, अरविन्द्र जि0अ0शि0स0 होंगे। 23 फरवरी सेक्टर 27 बरखिरिया, कार्यक्रम स्थल दहेलिया बूथ संख्या 264 आयोजक अमित यादव (गौरव) पूर्व जि0आ0छात्रसभा व प्रभारी हरीश यादव पूर्व चेयरमैन विशेष आ0सदस्य, सुभाष शाक्य एडवोकेट होंगे। सेक्टर 28 संकिसा बसंतपुर कार्यक्रम स्थल संकिसा बसंतपुर बूथ संख्या 276 से 279 तक, आयोजक बृजेश यादव नगर अध्यक्ष, अनिल यादव पूर्व प्रधान व प्रभारी उदय प्रताप सिंह भोला यादव (वि0स0अ0) होंगे। सेक्टर 29 पमरखिरिया कार्यक्रम पमरखिरिया बूथ संख्या 281, 182, 283, आयोजक प्रधान अशोक पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत, पंकज यादव जि0स0 व प्रभारी उदय प्रताप सिंह भोला यादव (वि0स0अ0) होंगे। 24 फरवरी को सेक्टर 31 नीव करोरी, कार्यक्रम स्थल नीवकरोरी बूथ संख्या 305 से 309 तक आयोजक धीरज मिश्रा जिला सचिव, अनिल यादव (रामवरन) सेक्टर प्रभारी व प्रभारी सुरेन्द्र सिंह गौर जिला उपाध्यक्ष होंगे। सेक्टर 32 बराकेशव कार्यक्रम स्थल बराकेशव बूथ संख्या 219, 220, 221, 222 आयोजक नहार सिंह, राजीव, दीपू, संजीव व प्रभारी इलियास मंसूरी जिला महासचिव होंगे। सेक्टर 33 पुखरा बूथ संख्या 329 आयोजक मित्रसेन यादव, छविराम, आशीष यादव व प्रभारी रामपाल सिंह यादव जिला सचिव, अनुराग यादव जि0अ0सलोवा होगें।

25 फरवरी को सेक्टर 36 दनियापुर कार्यक्रम स्थल कन्हूयाकूबपुर बूथ संख्या 351, 352, 353, आयोजक अनुराग यादव जि0अ0सलोवा, अमित कठेरिया जि0अ0अनु0जाति, विवेक राजपूत व प्रभारी डा0 जेपी वर्मा वि0आ0स0जिला कमेटी, सुरेन्द्र सिंह गौर जिला उपाध्यक्ष, रमेश चन्द्र कठेरिया जिला उपाध्यक्ष, जंगाली लाल बाथम प्रदेश स0पि0 वर्ग, हरगोविन्द यादव पिन्टू प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग होंगे। सेक्टर 34 सिरौली कार्यक्रम स्थल सिरौली बूथ संख्या 334 से 339 तक आयोजक रामपाल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रिसीपाल सेक्टर प्रभारी व प्रभारी अरविन्द कश्यप जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग होंगे।

# शिवम अवस्थी को भारत के उप राष्ट्रपति कार्यालय में विशेष इंटरशिप का अवसर



उप राष्ट्रपति के साथ शिवम अवस्थी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर के रहने वाले शिवम अवस्थी जो पिछले 10 वर्षो से भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत हैं। हाल ही में भारत के उप.राष्ट्रपति के कार्यालय में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरशिप कार्यक्रम का हिस्सा बने।

इस एक महीने की इंटरशिप के दौरान उन्होंने उच्च स्तरीय सरकारी कार्य प्रणाली को समझने और राष्ट्रपति के साथ महत्वपूर्ण चर्चा करने का अवसर प्राप्त किया। शिवम अवस्थी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि को मान्यता देते हुए आगामी 21 फरवरी 2025 को उप राष्ट्रपति ने उन्हें आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत कैरियर के लिए बल्कि उनके गृह क्षेत्र और देश के लिए भी गर्व की बात है। शिवम अवस्थी ने इस अवसर के लिए भारत सरकार और संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह अनुभव उनके कार्यक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने में सहायक होगा और वे इसी समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा में कार्यरत रहेंगे।

# चीवर पहनने से कोई भिक्षु महान नहीं होता : सुशील शाक्य

- विधायक ने किया बुद्ध व स्व. मुंशीलाल की मूर्ति का अनावरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण करने के बाद विधायक सुशील शाक्य

भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने आज यहां सजतीय लोगों को सुधर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध को और सम्मान देने के लिए समाज को आगे बढ़ने पर ताकत लगाओ।

विधायक ने नगर क्षेत्र के ग्राम अजमतपुर स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में भगवान बुद्ध एवं शिक्षक स्वर्गीय मुंशीलाल शाक्य की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने महान कार्य के लिए शिक्षक मुकेश शाक्य को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपना संकल्प पूरा कर दिया है।

विधायक ने कहा कि अक्सर ग्राम अजमतपुर निवासी मुंशीलाल शाक्य व दिलेराम शाक्य मेरे घर पर पिताजी दयाराम शाक्य से मिलने आते थे। उन्होंने भगवान बुद्ध के पंचशीलों का पालन कर विपश्यना करने की सलाह देते हुए कहा कि हमारे शरीर के अंदर भगवान बुद्ध के अंश है। उन्होंने सलाह दी कि केवल भगवान बुद्ध की बात करने से समाज आगे नहीं बढ़ेगा। जब समाज के लोग शिक्षित होकर उद्योग लगाकर व्यवसाय करेंगे तभी समाज आगे बढ़ेगा। आर्थिक युग में उसी की इज्जत है जिसके पास चार पैसे हैं। चीवर पहनने से कोई भिक्षु महान नहीं होता है।

विधायक ने भिक्षुओं की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि उन्हें देखकर कष्ट होता है कि उनकी ऐसी वाणी होनी चाहिए की सुनने वाला व्यक्ति तुरंत ही प्रभावित हो जाए। समाज की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे समाज के अलावा अन्य सभी समाजों के अधिकांश विद्यालय हैं। हम चाहते हैं कि लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होकर उच्च पदों पर आसीन हो। लेकिन मनोबल बढ़ाने के लिए सिपाही, दीवान, दरोगा लेखपाल होना जरूरी है। उन्होंने लोगों को ध्यान दिलाया कि हम लोग सम्राट अशोक महान के वंशज हैं। शिक्षक मुकेश शाक्य ने बताया कि मैं भगवान बुद्ध एवं पिता मुंशीलाल शाक्य की मूर्ति लगवाई है। इससे पूर्व महेंद्र सिंह शाक्य, आरडी राजपूत, प्रज्ञानंद शाक्य, राम प्रकाश शाक्य, भंते मिलिंद्र रत्न, भंते नागसेन एवं भदंत सील सागर महाथैरो आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन धर्मपाल शाक्य ने किया। कार्यक्रम के दौरान भिक्षुओं को चीवर भेंट किए गए। आगंतुकों को भोजन दान किया गया। कार्यक्रम में धम्म कीर्ति, विधायक के निजी सचिव रोहित कुशवाहा, महावीर शाक्य, राधेश्याम शाक्य, फकीरे लाल शाक्य, गिरजा शंकर शाक्य, अवधेश सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह शाक्य, जयपाल शाक्य, शिक्षक प्यारेलाल शाक्य, डॉ सुरेंद्र शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# रिश्वत लेने के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समृद्धि न्यूज खबर का असर

बीते दिनों ग्राम पंचायत अधिकारी का रिश्वत लेते व शराब पीने के संदर्भ में हमारे समाचार पत्र ने सबसे पहले प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान उच्चाधिकारियों ने लिया और सचिव के खिलाफ जांच के लिए कमेटी बनायी गई। जांच में प्रथम दृष्टया सचिव की भूमिका संदिग्ध पाये जाने पर सचिव को निलंबित कर दिया गया है। रिश्वत लेने के मामले की जांच चल रही है।

बताते चले कि ब्लाक कायमगज की ग्राम पंचायत रायपुर चिनघटपुर, इकलहरा, कमलाईपुर आदि ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी जयवीर सिंह राजपूत जो कि अपने आपको एक भाजपा के प्रतिनिधि का रिश्तेदार बताकर धौंस जमाता है, पर उनकी ही ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान शमी खां सहित इकलहरा ग्राम प्रधान जायरा बेगम ने आवास जांच व विकास कार्य कराये जाने के नाम पर तय की गई धनराशि में से 40 हजार रुपये रिश्वत बतौर कार्यालय परिसर में लिए जाने का आरोप लागते हुए प्रधान शमी खाँ व जायरा बेगम ने मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा से शिकायत की थी। जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने दो लोगों की टीम गठित कर जांच रिपोर्ट देने को कहा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेन्द्र पाण्डेय व कायमगंज बीडीओ राजेन्द्र प्रसाद को जांच सौंपी गयी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीडीओ श्याम कुमार तिवारी ने बताया की सचिव जयवीर को दण्डित करते हुए निलम्बित कर दिया गया है। रिश्वत के मामले की जांच चल रही है। बताते चले कि सचिव का बीच बाजार शराब पीने व ब्लाक परिसर में खुलेआम रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



सचिव का शराब पीते व रिश्वत लेते वीडियो हुआ था वायरल

# तीन मंजिला इमारत से गिरकर राजमिस्त्री की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

तीन मंजिला इमारत से गिरकर राजमिस्त्री की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम मेदा श्यामपुर निवासी 25 वर्षीय आशीष कुमार जाटव पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम घाटमपुर में निर्माणाधीन मकान में लेटर का गाटर हटाने के दौरान अचानक नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फनन में उसे गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस से सीएचसी कमालगंज भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सक डाक्टर विकास पटेल नें उसे मृत घोषित कर दिया। राजमिस्त्री आशीष की मौत पर परिजन आक्रोशित हो गये। उन्होंने शव रखकर जाम लगाने की योजना बनायी। जिससे पुलिस एलर्ट हो गयी। पुलिस और मृतक के परिजनों में जमकर नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी माधुरी, माँ शर्मिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सीएचसी में थानाध्यक्ष कमालगंज अनुराग मिश्रा, थानाध्यक्ष जहानगंज जितेन्द्र पटेल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे।

# दो लुटेरे बाइक, स्कूटी व 3600 रुपये की नकदी सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में लुटेरे

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0स0 16/25 धारा-140(2)/127(2)/123/115(2)/351(2)/309(6)/308(5) बीएनएस व 66 आईटी एक्ट में नामित अभियुक्त कुशाग्र मिश्रा पुत्र राजन मिश्रा निवासी नुनहाई स्ट्रीट थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व प्रकाश में आया अभियुक्त आर्यन मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा निवासी 4/29 नाला सिम्त सुमाल थाना कोतवाली फर्रुखाबाद को मय घटना में प्रयुक्त 03 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन व एक अदद मोटर साइकिल व एक अदद स्कूटी व लूटे हुए 3600 रूपये नगद सहित गिरफ्तार किया है।

पीड़ित द्वारा दिनाँक 15.02.2025 को कोतवाली फर्रुखाबाद पर सूचना दी गयी कि दिनांक 14.02.2025 को अभियुक्तगणों द्वारा वादी मुकदमा को मॉल में सस्ते कपड़े दिलाने के नाम पर मोटरसाईकिल पर बैठाकर नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर अपहरण कर लिया गया तथा उसे एक कमरे में बन्द करके निर्वस्त्र कर मारपीट कर वीडियो बनायी गयी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी एवं फिरौती हेतु 5 लाख रूपये की मांग की गयी। अभियुक्तगण द्वारा रूपये ना देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये वादी से 3600 रूपये छीन लेना तथा क्यूआर कोड के माध्यम से 25 हजार रूपये मंगाकर कई बार में खाते में ट्रांसफर कराये गये। अभियुक्तगणों द्वारा वादी को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये 10 हजार रूपये महीने की रंगदारी की मांग की गयी। वादी की सूचना पर कोतवाली फर्रुखाबाद पर 16/25 धारा-140 (2)/ 127(2)/ 123/ 115 (2) /351(2)/ 309(6)/ 308(5) बीएनएस व 66 आईटी एक्ट बनाम कुशाग्र मिश्रा पुत्र राजन मिश्रा निवासी नुनहाई स्ट्रीट थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व 03 नफर अज्ञात पंजीकृत किया गया।

विवेचना के क्रम में दिनाँक 16.02.2025 को नामित अभियुक्त कुशाग्र मिश्रा पुत्र राजन मिश्रा निवासी नुनहाई स्ट्रीट थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व प्रकाश में आया अभियुक्त आर्यन मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा निवासी 4/29 नाला सिम्त सुमाल थाना कोतवाली फर्रुखाबाद को मय घटना में प्रयुक्त 03 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन व एक अदद मोटर साइकिल व एक अदद स्कूटी व लूटे हुए 3600 रूपये नगद सहित गिरफ्तार कर लिया है।

## बाइक फिसलने से कांस्टेबिल घायल



घायल कांस्टेबिल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कुत्ते को बचाने में बाइक सवार कांस्टेबिल अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कुआँखेड़ा चौकी पर तैनात कांस्टेबिल विकास बाबू पुत्र बाबू नन्दन बाइक द्वारा किसी काम से पुलिस लाइन फतेहगढ़ गये थे। वहाँ से वापस लौटते समय रास्ते में कुत्ते को बचाने में उसकी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार कांस्टेबिल गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

## पीड़िता की तहरीर पर पति सहित तीन पर मुकदमा दर्ज




**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसको पांच दिन पूर्व घरेलू हिंसा कोर्ट अलीगंज के द्वारा उसको ससुराल भेज दिया गया। तीन दिन बाद शुक्रवार को पति आलोक दुबे उर्फ राजू, देवर अभिषेक दुबे, चचेरे देवर रमन दुबे ने उसको बदनीयती से दबोच लिया। दुष्कर्म करने की कोशिश में कपड़े फाड़ दिए। सभी आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## डीएम की अध्यक्षता में शीतगृह मालिकों की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोल्डस्टोरेज में आलू भाड़ा निर्धारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक 17 फरवरी को 12 बजे होगी। जिसमें आलू किसान समय से पहुंचकर भाग लें।

## दस माह के शिशु की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव कटरा निवासी हमजा उम्र 10 माह पुत्र बबलू जो कि परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। बीते दिनों वह वापस अपने गाँव आये और आज हमजा की हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## होने वाली मंगेतर पर लांछन लगाने से क्षुब्ध मंगेतर ने पिया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव पपड़ी निवाली रुमा उम्र 20 पुत्री मुन्ने ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाॅ परिजनों ने उपचर के दौरान बताया कि रुमा का विवाह हमने तालिब निवासी नागा सैय्यद थाना कम्पिल के साथ तय किया था। दोनों के बीच फोन द्वारा बातें होने लगीं। बात होते-होते इतनी बढ़ गई कि तालिब ने होने वाली मंगेतर पर उपलक्ष्य लगाते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। जिससे क्षुब्ध होकर रुमा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

वहीं परिजनों का कहना है कि दोनों की शादी होने में चन्द महीने रह गये हैं। शादी से पहले वो हमारी रूमा को इतना प्रताड़ित कर रहा है, तो शादी के बाद तो उसे ताने दे देकर मार देगा। हम यह शादी नहीं करेंगे।

# टेंपो को बचाने में आलू से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल



आलू से भरा पलटा पड़ा ट्रक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव महेशपुर में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। मथुरा जा रहा 30 टन आलू से लदा ट्रक टेंपो को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने ट्रक से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार हरदोई जिले के थाना मझोला के ग्राम जबरा निवासी चालक कन्हैया ने बताया कि वह शनिवार को खुटार से आलू लोड कर मथुरा जाने को निकला था। दुर्घटना में ट्रक में लदा आलू सड़क पर बिखर गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल चालक को एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 प्रमीत राजपूत ने चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया। चालक को विशेषकर आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पिकअप में भरकर जा रहे गोवंशों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

- कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई तीखी नोंकझोंक

**शममशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद के ठंडी कुइयां मार्ग पर गोवंश की तीन गाड़ियां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ीं। जिसमें गोवंश बुरी तरीके से भरे थे। जिन्हें ठंडी कुइयां से किसरोली मार्ग पर रोक लिया और शमशाबाद थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फैजाबाद चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने गोवंश से भरी गाड़ियों को कब्जे में लिया। गोवंश को लेकर जा रहे बृजेश गुप्ता निवासी कलान को भी पकड़ लिया।

बजरंग दल गौ रक्षा टीम में मनमोहन सिंह राणा, जिला गौ रक्षा विज्ञान प्रमुख मनोज, गौरक्षक आकाश सिंह, नगर प्रमुख शिवम, अंकित, अमित, कृष्ण आदि के अलावा जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद अखिलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अभिषेक शाक्य, बजरंग दल और शमशाबाद के श्रीनिवास चतुर्वेदी नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद शमशाबाद नगर मंत्री करण पाल सिंह, सुदीप राजपूत जिला संयोजक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गाड़ियों में भरे गोवंश



पुलिस से वार्ता करते हिन्दूवादी नेता

# तकीपुर में पीडीए जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के द्वारा मोहम्मदाबाद ब्लाक के तकीपुर में पीडीए चौपाल का आयोजन हुआ। रविवार को ग्राम तकीपुर में पीडीए पंचायत में मोहम्मदाबाद के नगर मनोज यादव द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

गिहार बस्ती में हुई पीडीए चौपाल में आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने भाग लिया। हमें सबसे जरूरी कार्य अपने वोट की निगरानी करना है और उसके लिए यहां के समाज को शिक्षित होना पड़ेगा एवं जागरूक होकर के अपने परिवार के जितने भी वोट हो उनका नाम वोटर लिस्ट में चढ़वाना आवश्यक होगा, तभी आप आने वाले समय में अपने वोट की ताकत से अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। साथ ही जितेन्द्र यादव सिरौली वाले ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा कि पीडीए की संख्या देश में सबसे अधिक है और अगर यह समाज एकजुट हो गया तो भाजपा की पूंजीवादी सरकार एक कदम भी नहीं चल सकती। ऐसे में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज को समाजवादी पार्टी के झंडे के नीचे आकर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना होगा, तभी वह आगे की लड़ाई आप लोगों के लिए लड़ सकेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने गिहार बस्ती में उनके हक और अधिकारों को विस्तार पूर्वक समझाया।

इस मौके पर अशोक कठेरिया, आशीष शर्मा, अशर्फीलाल दिवाकर, धर्मवीर गिहार, गोपी गिहार, विक्रांत गिहार, आयुष यादव, अभिषेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।



पीडीए जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद लोग

## लोक समिति का सत्याग्रह 24 फरवरी को कायमगंज में

**कायमगंज व देवरामपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराए जाने की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने मांग की कायमगंज व देवरामपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिजों का निर्माण कराया जाये। साथ ही 7 सूत्रीय ज्ञापन कायमगंज रेलवे स्टेशन पर सत्याग्रह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विगत पांच जनवरी को रेल मंत्री सम्बोधित ज्ञापन दिया जा चुका है। 24 फरवरी सोमवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्याग्रह होगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोक समिति के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# महाकुम्भ में भारती मिश्रा की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाकुम्भ में परमारथ निकेतन में हिन्दी साहित्य भारती के अन्तर्गत आयोजित चतुर्थ उपवेशन 14 फरवरी से 16 फरवरी तक चला। राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षिका व महामंत्री हिन्दी साहित्य भारती की दो पुस्तकों का लोकार्पण हुआ।

महाकुम्भ में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री रवींद्र शुक्ल, वैज्ञानिक सलाहकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई, ओमप्रकाश पाण्डेय, आई0पी0एस0 एसटीएफ प्रभारी महाराष्ट्र कृष्ण प्रकाश, निदेशक एमिटी यूनिवर्सिटी गुड़गांव संजय झा, प्राचार्या हंसराज विश्वविद्यालय दिल्ली डा0 रामा शर्मा, विजयलक्ष्मी मध्य प्रदेश, पू0 आईएस राजीव शर्मा, आचार्य देवेन्द्र देव के कमलों से भारती मिश्रा की उपन्यास श्राप व निबन्ध संग्रह नारी अवतरण से उद्धार तक का लोकार्पण किया गया।

अकादमिक सत्र भारतीय ज्ञान परम्परा तथा कुम्भ एवम् धर्म बनाम पंथ कार्यक्रम का संचालन फर्रुखाबाद की भारती मिश्रा ने किया। इस मौके पर कवि गजेंद्र, आचार्य दिलीप, परमारथ निकेतन कनाडा से वैभव, बलदाऊ राम साहू, डा0 अनिल शर्मा, डा0 सन्तोष, मंजू पाण्डेय उदिता, सौरभ शर्मा, हिमाद्रि मिश्रा, डा0 चन्द्रभान, चैतन्य चेतन, डा0 प्रभात अवस्थी, अमरनाथ दुबे आदि मौजूद रहे।




पुस्तक का विमोचन करते अतिथि

# जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने रविकांत को बनाया प्रतिनिधि

**भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में फिर बढ़ा विवाद**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने पत्र जारी कर फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता को मुख्यालय पर अस्थायी रुप से कार्य करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। पत्र जारी करने के बाद जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने समृद्धि न्यूज को बताया कि पिछले दिनों प्रयागराज में हुई बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता व उनके साथ नगर अध्यक्ष अजय मल्होत्रा पहुंचे थे।

प्रमोद गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री के समक्ष फर्रुखाबाद की स्थिति को लेकर चर्चा की और पूर्ण रुप से जिलाध्यक्ष बनाये जाने की मांग रखी। दोनों लोगों के बीच सहमति न बन पाने के कारण प्रमोद गुप्ता ने यहां तक की यह भी कहा था, की इससे तो अच्छा है कि हम इस्तीफा देंगे। प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री ने नाराजगी जतायी थी की अभी ही इस्तीफा दे दीजिए। तब से विवादों की अटकले तेज हो गयी।

यह बात जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री को पता चली तो उन्होंने वरिष्ठ नेताओं की सहमति पर प्रमोद गुप्ता के कार्य को शून्य मानते हुए फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता को मुख्यालय पर उद्योग बंधु एवं संगठन के हितों को ध्यान में रखते हुए अस्थायी रुप से प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इससे अटकले लगायी जा रही है कि आदेश अग्निहोत्री के अनुसार आगे प्रमोद गुप्ता की जगह कार्यकारी जिलाध्यक्ष रविकांत गुप्ता को बनाया जा सकता है।

वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मेरा किसी से कोई विवाद नहीं है। आदेश अग्निहोत्री क्या कह रहे है यह उनका मत है। हम अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व्यापारी हित में कार्य कर रहा हूं। मेरे द्वारा बनाये गये पदाधिकारियों को वह तोड़ने का कार्य कर रहे है। जबकि सांसद विधायक जनता द्वारा चुने जाते है, उनके प्रतिनिधि होते है।

व्यापार मण्डल में प्रतिनिधि पद नहीं होता है। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि कुछ विवाद की स्थिति बनी है, हम व्यापारी सब एक है। आपस में बैठकर निपटा लिया जायेगा। एक दूसरे पर टीक-टिप्पणी करना व्यापारी हित में ठीक नहीं है। इस विवाद की स्थिति से महसूस होता है भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में फिर विवाद पुनः उत्पन्न हो गया है।



व्यापारी रविकांत गुप्ता

# करथिया काण्ड पर जिंदगी फ्यूज फिल्म की शूटिंग शुरु



जिंदगी फ्यूज का शूट देखते डॉ. भारत गौड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद की स्क्रीन फीचर फिल्म के बैनर तले बन रही हिंदी फीचर फिल्म जिंदगी फ्यूज की शूटिंग शुरू हो गई है।

रविवार को फतेहगढ़ स्थित एक स्थान पर निर्माता/निर्देशक डॉ0 भारत चन्द्र गौड के निर्देशन में समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद अब फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। निर्देशक डॉ0 भारत गौड ने बताया कि यह फिल्म बहुचर्चित करथिया काण्ड गांव के ऊपर बन रही है। जिसमें अपराधी सुभाष बाथम की भूमिका मुख्य रूप से दर्शाई गई है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए गए आपरेशन मासूम पर आधारित है, जिसकी अनुमति उत्तर प्रदेश सरकार से पहले से ही मिल चुकी है। यह फिल्म जिंदगी फ्यूज है, एक सत्य घटना करथिया काण्ड पर आधारित है। फिल्म का निर्माण उत्तर प्रदेश की नई फिल्म नीति के अनुसार हो रहा है, जिसमें प्रदेश के कलाकारों को मौका दिया गया है।

# विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने वृद्धाश्रम में बांटे फल

**नर सेवा नारायन सेवा, प्रत्येक मनुष्य का सम्मान करना चाहिए : आदित्य दीक्षित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देशन पर फर्रुखाबाद नगर इकाई द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में 12 फरवरी से 18 फरवरी तक कार्यक्रम किये जा रहे है। जिसके तहत रविवार को नगर इकाई अध्यक्ष रवि बाजपेयी के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद स्थित वृद्धाश्रम पर फल एवं बिस्कुट आदि वितरित किये गये। रवि बाजपेयी ने कहा कि सत्य मार्ग पर चलकर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर एवं संत रविदास द्वारा बताये गये रास्ते पर चलना चाहिए। साथ ही सहयोगियों ने विचार व्यक्त किये। आदित्य दीक्षित ने कहा कि नर सेवा नारायन सेवा प्रत्येक मनुष्य का सम्मान करना चाहिए। धार्मिक व समाजिक दायित्वों को समझते हुए संकल्प लें की जीवन भी सत्य के मार्ग पर चलेंगे। साथ ही संत रविदास की जयंती पर वृद्ध जनों को फल वितरित किये गये। इस मौके पर समर दुबे, सत्यम तिवारी, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।



फल वितरित करते रवि बाजपेयी

# शिविर में सुनी गई दिव्यांगों की समस्यायें




शिविर में मौजूद दिव्यांगजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रिप्स दिव्यांग कल्याण समिति का 848वां दिव्यांग जागरुकता शिविर का आयोजन हुआ। आवास विकास स्थित दिव्यांग शिविर में दिव्यांगों ने अपनी समस्यायें रखी।

संस्था अध्यक्ष धीरेन्द्र फौजी ने बताया कि अभी तक 41 बार हम रक्तदान कर चुके है। 36 से ज्यादा दिव्यांगज जनों को दुकान हेतु लकड़ी का खोखा भेंट कर चुके है। दिव्यांगों को आवास दिलाना, आयुष्मान कार्ड बनवाना, बीपीएल कार्ड बनवाना, स्वरोजगार बनाना, दिव्यांग पेंशन दिलाना, दिव्यांग वृद्धा पेंशन दिलाना, शिक्षित दिव्यांगों को नौकरी दिलाना, दिव्यांगों को शादी अनुदान दिलाना व उन्हें हुनरबंद बनाना मेरा प्रमुख उद्देश्य है। शिविर के दौरान कीर्ति अवस्थी, कुंती देवी, राजकुमार पाठक, रामाधीन, आनंद बाबू, सुनीता, किशन लाल, नन्ही देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर द्वारा काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक में रेल गाड़ियों के परिचालन एवं रेल यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक के बाद हुई फागुनी काव्य गोष्ठी में कवियों ने श्रृंगार रस की कविताओं से रसज्ञ श्रोताओं को सराबोर किया।

पक्कापुल स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित हुई बैठक में रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश हजेला ने कहा कि रेल यात्रा में यात्रियों को आने वाली दिक्कतों और उनका निदान किए जाने के सम्बन्ध में रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा।

संयोजक प्रदीप सक्सेना एवं सह संयोजक विनोद सक्सेना ने आमंत्रित अतिथियों तथा सदस्यों का स्वागत किया। काव्य गोष्ठी का प्रारम्भ प्रीति तिवारी की वाणी वन्दना से हुआ। महेशपाल सिंह उपकारी, ज्योति स्वरूप अग्निहोगी, दिनेश अवस्थी, श्याम चतुर्वेदी परवाना, कौशलेन्द्र यादव बेबाक, डॉ0 रेजीना सहर, डॉ0 अर्चना त्रिपाठी, हेमलता मिश्रा, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ0 पी0एन0 सक्सेना, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ, रामशंकर अवस्थी अबोध, नरेश चन्द्र द्विवेदी, राजेश निराल, विशाल श्रीवास्तव आदि कवियों ने काव्य पाठ किया।

संयोजक प्रदीप सक्सेना ने कवियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन सचिव नारायन प्रसाद अग्रवाल ने किया। समारोह में राम मोहन भल्ला, हरिनन्दन सिंह यादव, खालिद रऊफ खां, विजय हजेला, जितेंद्र कमठान, राजीव सरन, शिव प्रकाश सक्सेना, उमेश बाबू राठौर, आलोक सक्सेना, संजय गर्ग, हेमलता मिश्रा, दुर्गा गुप्ता, साक्षी, ब्रहमानंद राजपूत आदि मौजूद रहे।




काव्य पाठ करते कवि

# नशा मुक्ति अभियान के तहत 1200 मरीजों का हुआ परीक्षण



शिविर में परीक्षण कराते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नशा मुक्ति अभियान के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन चौक किराना बाजार स्थित डा0 मोहसीन के क्लीनिक पर सम्पन्न हुआ। नशा मुक्ति समाज हमारा संकल्प के तहत चिकित्सा शिविर में 1200 रोगियों का परामर्श व निःशुल्क दवायें वितरित की गई। कैम्प सद्भावना मंच फर्रुखाबाद व राजस्थान औषधालय के सहयोग से सम्पन्न हुआ। यूएनओडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले ज्यादातर 21 से 30 वर्ष के होते है। 12 से 15 साल के ही बच्चे इस बुराई में पड़ जाते है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर साल 26 लाख लोगों की नशें से मौत होती है। जिसमें 25 लाख लोग भारत के होते है। लीवर की खराबी, मुहं का कैंसर, गले की परेशानी आदि मुख्य कारण है। इस अभियान में जरदोजी कारखानों व नवाब दिलावर जंग, भीकमपुरा आदि में जाकर कारीगरों को भी संबोधित किया गया कि नशीली चीजों का इस्तेमाल न करें, इससे नुकसान होता है। इस मौके पर डा0 रामकृष्ण राजपूत, हफीज खां, मोहम्मद नसीर खां, अब्दुल मन्नान, सुशील कुमार, युसूफ खान, अहमद आदिल आदि लोग मौजूद रहे।

## ननद ने हड़पा भाभी का जेवर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ननद ने भाभी का जेवर हड़प कर लिया। पीड़ित भाभी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर जेवर दिलवाये जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पांचाल घाट चौकी पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में मधू पत्नी संदीप निवासी गढ़िया नगला ने कहा है कि मैंने 11.01.2025 को अपना किराये का कमरा खाली किया था, तभी मैंने अपनी शादी के पचाड़ के बर्तन व बक्सा जिसमें मेरा सोने चांदी का सामान रखा हुआ था। मैंने यह सारा सामान अपनी ननद पिंकी पत्नी गिरजा शंकर निवासी भगुआ नगला नोनमगंज को रखने के लिए दे दिया था। जिस पर मैंने दूसरा कमरा किराये पर 13.02.2025 को लिया, तो मैंने ननद पिंकी से अपना उपरोक्त सामान वापस मांगा, तो पिंकी व मुझसे व मेरे पति से गंदी-गंदी गाली-गलौज करने लगी व सामान देने से मना कर दिया। बहुत करने पर उसने मेरा बक्सा भेज दिया। जब बक्सा खोलकर देखा, तो उसमें से सोने की चेन, चांदी के कंगन व करधनी गायब थीं। वहीं पचाड़ के बर्तन देने को भी पिंकी तैयार नहीं है। दूसरे दिन जब मेरा पति पुनः पिंकी के पास गया, तो पिंकी ने मारपीट कर उसे भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस से बर्तन व जेवरात दिलाने की मांग की है।

# गुरु मंत्र : इतिहास में तारीख व मुख्य हेडिंग एवं लेखनी का बहुत महत्व होता है

**परीक्षा पर चर्चा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ की प्रधानाचार्या इतिहास प्रवक्ता डा0 नीतू मसीह ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर के बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्रायें विशेष बातों का ध्यान रखें। परीक्षा एक जीवन का हिस्सा है। आत्मविश्वास बनाये रखें और खुद को सकारात्मक ऊर्जा से भरे। परिणाम से ज्यादा महत्वपूर्ण आपकी मेहनत है। अगर आपने सही प्रयास किया है तो सफलता निश्चित है। खुद की तुलना दूसरों से न करें। प्रत्येक छात्र की अपनी अलग विशेषता व योग्यता होती है। अपनी क्षमता को पहचाने और आगे बढ़े। अच्छी नींद लें और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। ब्रेक लेकर पढ़ाई करें। लिख-लिखकर देखें और जोर से बोलकर याद करें तो अपनी आवाज को शांत होकर सुनोगे तो रिवाइज्ड हो जायेगा। सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें, एवं क्रम वार प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण विषय अंडर लाइन करें। विज्ञान में डायग्राम जरुर बनाये। समीकरणों को लिखकर रिवीजन करें। इतिहास विषय में तारीख का अति महत्व होता है। लिखकर याद करने से अच्छे अंक प्राप्त होते है। सभी विषयों की तैयारी करें एवं पिछले दस वर्षों के परीक्षा प्रश्न पत्र से देखकर लिख-लिख प्रैक्टिस करें, इससे बोर्ड परीक्षा में अवश्य सफलता मिलेगी और अच्छे अंक प्राप्त होंगे।



डा0 नीतू मसीह, प्रवक्ता



संदीप यादव, अध्यापक

डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया जहानगंज के इतिहास व समाजिक विज्ञान अध्यापक संदीप यादव ने बताया कि बच्चे हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़े और घबरायें ना, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को भी पढ़े। प्रश्न पत्र में जो पूछा गया है उसी का उत्तर लिखे। परीक्षा से पहले अपने नोट्स बनाकर तैयार कर लें और उन्हें दोहराते रहे। मुख्य बिन्दुओं की हेडिंग लिखकर याद करें। लेखनी साफ सुथरी होनी चाहिए। इतिहास में तिथियों का भी महत्व है। सभी प्रश्नों को हल करने के बाद समय रहते उन्हे चेक जरुर करें।



छात्र - सनी दिवाकर

### लिख-लिखकर प्रश्नों के उत्तर याद किये है, जिससे अच्छे अंक मिलेः सनी दिवाकर

मेधावी छात्र सनी दिवाकर ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर मैं उत्सुक हूं। पहले से तैयारी की है। अध्यापकों द्वारा पढ़ाये गये प्रश्नों के उत्तर लिख-लिखकर याद किये है। समाजिक विज्ञान व इतिहास के प्रश्नों का ध्यान रखा है। इसमें समय विभाजन व मानचित्र भी तैयार किये है। जिससे मुझे दस अंक आसानी से मिल सकते है। मुख्य प्रश्नों की हेडिंग प्रमुख है।



छात्र- असजद खान

### मुख्य प्रश्नों की हेडिंग अवश्य याद होनी चाहिएः असजद खान

मेधावी छात्र असजद खान ने बताया कि सभी प्रश्नों के उत्तर प्वांइट के अनुसार याद किये है। निर्धारित शब्दों में उत्तर लिखने से समय बर्बाद नहीं होता है। समय प्रबंधन का भी ध्यान रखना चाहिए। पुराने प्रश्न पत्रों को भी पढ़कर याद किया है। महत्वपूर्ण प्रश्नों व बहुविकल्पीय प्रश्न लिखकर याद करने से आसानी से याद हो जाते है। जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने की उम्मीद है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को कादरीगेट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला शांतिनगर निवासी गगन ठाकुर पुत्र राजेंद्र सिंह का अपने परिजनों से विवाद हो गया। परिजनों ने घटना की सूचना 112 डायल को दी।

सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस गगन को मौके से पकड़ लायी और उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। दूसरी घटना में हरिपाल सिंह पुत्र अशोक कुमार अपनी ससुराल पांचाल घाट आया था। जहां पर उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर हरिपाल ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी।

पत्नी ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस हरिपाल को पकड़ लायी और उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

# पवन गौतम बने भीम आर्मी के जिला सचिव



मनोनयन पत्र के साथ मौजूद पंकज गौतम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ एवं प्रदेश संगठन मंत्री व कानपुर मण्डल प्रभारी रामगोपाल, प्रभारी धीरेन्द्र कबीर के निर्देशन में जिलाध्यक्ष नितिन कुमार गौतम द्वारा सदर विधानसभा का पंकज गौतम को सचिव बनाया गया है। साथ ही विधानसभा स्तरीय संगठन को मजबूत करना व बूथ स्तर पर काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे २०२७ में पार्टी के प्रत्याशी को जिताया जा सकें। जिलाध्यक्ष ने बताया कि २०२७ में पार्टी पूरी दमदारी से प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और फर्रुखाबाद में प्रत्याशी खड़े किये जायेंगे। इस मौके पर रंजीत गौतम, विकास कुमार, मिथुन गौतम, अमिताभ गौतम, नरेंद्र जाटव, अनमोल कुमार, सूरज जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 शरीफपुर छिछनी विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः/ ग्रा0पं0/एसएलडब्लूएम टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 16/02/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/एसएलडब्लूएम योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/02/2025 से 22/02/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/02/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कचरा वाहन ई-रिक्शा क्रय कार्य | 1.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (पर्वत सिंह) ग्रा0पं0 शरीफपुर छिछनी, शमशाबाद सचिव (मो0 जीशान)

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मां गंगा से देशवासियों के आरोग्य व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

# महाकुंभ हमारी परंपराओं की जीवंतता का प्रमाण

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** आस्था, आध्यात्म और सनातन परम्परा के अद्भुत समागम एवं भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनवरत प्रवाह महाकुम्भ में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रविवार को प्रयागराज पहुंचे ।

उन्होंने मां गंगा, मां यमुना एवं अन्तः सलिला सरस्वती की पावन त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रयागराज, हर-हर गंगे ! लिखकर दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ को याद किया है। उन्होंने लिखा है कि मैं आज पवित्र संगम में स्नान और पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त हुआ ! पवित्र, निर्मल माँ गंगा का आशीर्वाद मिला। मैं माँ गंगा से समस्त देशवासियों के आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि महाकुम्भ 2025 में भाग लेने का अवसर मिला। हम यहां आकर बेहद खुश हैं। उन्होंने संगम में डुबकी लगाने के बाद अपने संदेश में कहा है कि महाकुम्भ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुंभ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। माँ गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है। हर हर गंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी तीर्थराज प्रयाग में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कुंभ कलश प्रदान कर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्व को भारत की सनातन संस्कृति से परिचित कराता यह महाकुम्भ देश की सांस्कृतिक पुनरोत्थान और जागरण का प्रतीक बना है।



## वैदिक मंत्रों का जाप कर विद्वानों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ मेला में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शिविर में 504 ब्रह्मज्ञानी विद्वानों ने लगातार वैदिक मंत्रों का जाप कर रविवार को विश्व रिकॉर्ड बनाया। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स टीम के अधिकारियों ने जाग्रति संस्थान को इसका प्रमाण पत्र दिया। 14 जनवरी 2025 को महाकुम्भ मेला के दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शिविर में इन ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों के बिना रुके हुए (24×7) किए गए वैदिक मंत्रों (रुद्री पाठ) पाठ को लाखों लोगों ने देखा और सुना। इस भव्य आध्यात्मिक परंपरा को शिविर में आने वाले श्रद्धालु, भक्त देखकर चकित थे। यह असाधारण तप कर्म 33 दिनों तक चला, जो आध्यात्मिक भक्ति और अनुशासन में एक अद्वितीय उपलब्धि का उदाहरण प्रस्तुत करता है। दिव्य ज्योति वेद मंदिर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) सेक्टर-9 में एक परियोजना के शिविर में इस पवित्र तप कर्म रिले के लिए 504 ब्रह्मज्ञानी वैदिक विद्वानों को एक साथ लाया। जिन्होंने 792 घंटों तक लगातार जाप किया। जिसमें कुल 25,61,328 वैदिक मंत्र शामिल हैं।

# स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को मिल रही वैश्विक पहचान : धर्मेंद्र प्रधान

▸ महाकुंभ में लगी ओडीओपी प्रदर्शनी में केन्द्रीय मंत्री ने की खरीददारी



समृद्धि न्यूज

**महाकुंभ नगर ।** महाकुंभ में आयोजित एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रदर्शनी में रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कुशीनगर जिले के प्रसिद्ध केले के रेशे से निर्मित कालीन की खरीददारी की और इसकी गुणवत्ता को जमकर सराहा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना न केवल स्थानीय कारीगरों को सशक्त बना रही है, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रदेश के उत्पादों को नई पहचान दिला रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने ओडीओपी योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना न केवल कारीगरों और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

अब यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान व्यवस्था के चलते कारीगरों को सीधे उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे व्यापार में पारदर्शिता और सुगमता आई है। महाकुम्भ के आयोजन से प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को व्यापक पहचान मिल रही है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा बाजार उपलब्ध हो रहा है। यह प्रयास भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में इससे प्रदेश के लाखों कारीगरों को आर्थिक मजबूती मिलेगी।

प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न जनपदों के ओडीओपी उत्पादों के कारीगरों और उद्यमियों ने भी केंद्रीय मंत्री से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों की विशेषताओं से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया।

# उत्तराखंड बजट सत्र की तैयारियां तेज, ई-नेवा के तहत पहली बार होगा संचालन

▸ सत्र के दौरान बिना विस परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (ई-नेवा) के तहत संचालित होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों की टेक्नोलॉजी सहायता के लिए दो इंजीनियरों को सत्र अवधि में विधानसभा भवन में नियुक्त करने का निर्देश दिए हैं। इंटरनेट सेवा में सुधार के लिए विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिए गए कि नेटवर्क की बैंडविड्थ स्पीड बढ़ाई जाए और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों सत्र के दौरान विधानसभा भवन में मौजूद रहें। पूरे विधानसभा परिसर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर शासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान प्रवेश पत्र के बिना विधानसभा परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, विधायकों की संस्तुति पर एक आगंतुक को और मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। विस अध्यक्ष ने स्कूल बसों या अन्य किसी भी साधन से परीक्षा केंद्रों को जा रहे परीक्षार्थियों व एम्बुलेंस की आवाजाही में किसी भी प्रकार के व्यावधान उत्पन्न न करने के निर्देश दिए हैं।

## अमेरिका से डिपोर्ट आठ अप्रवासी अहमदाबाद पहुंचे

**अहमदाबाद ।** अमेरिका में अवैध रूप से घुसे गुजरात के आठ अप्रवासियों को लेकर विमान रविवार सुबह करीब 11.30 बजे अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंचा। हवाईअड्डे पर जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी लोगों को पुलिस बंदोबस्त के साथ काले पर्दे वाले वाहन में बिठाकर उनके घर के लिए रवाना किया गया। डिपोर्ट सभी लोगों में मेहसाणा जिले के छह और गांधीनगर दो नागरिक बताए जा रहे हैं। अमेरिका में अवैध रूप से घुसे भारतीयों को वहां के प्रशासन ने डिपोर्ट करने का क्रम जारी है। दूसरे चरण में 116 अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। इसके तहत 15 फरवरी शनिवार की रात 11.40 बजे अमेरिकन एयरफोर्स का विमान अमृतसर पहुंचा, जिसमें 8 गुजराती समेत कुल 116 अप्रवासी भारतीय थे। जहां से गुजरात के रहने वाले नागरिकों को दिल्ली लाया गया। रविवार सुबह गुजरात के सभी नागरिक दिल्ली से अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंचे।

# जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे है। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं। यहां 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विविध परंपराओं का प्रतिनिधित्व भी है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं, खान-पान, वस्त्र और आभूषण, चिकित्सा पद्धतियां, घरेलू उपकरण तथा खेल-कूद हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं। वे न केवल पारंपरिक हैं, बल्कि आधुनिक और वैज्ञानिक भी हैं। वे पर्यावरण के साथ एक प्राकृतिक सद्भाव प्रदर्शित करते हैं और एक स्थायी जीवन शैली का अनुकरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में आदिवासी समुदायों के व्यापक विकास के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं।




▸ ट्राइफेड 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ

## खबरें एक नजर में

### पीएम के भाई प्रह्लाद मोदी ने श्रीरामलला के किए दर्शन

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी ने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के बाद उन्होंने रविवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रभु राम के दर्शन करके हमारा जीवन धन्य हो गया हमें बहुत खुशी मिली। जो कुछ अयोध्या में परिवर्तन हो रहा है यह आने वाले दिनों के लिए और अयोध्या के युवाओं के लिए बड़ा रोजगार देने वाला माहौल बन रहा है। प्रह्लाद ने कहा कि 500 वर्षों के त्याग और समर्पण के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। राम मंदिर आंदोलन में जिन्होंने भी अपना बलिदान दिया है वह अमर हो गए। महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सरकार की व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी और अतुलनीय हैं। स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं नहीं जा पाया लेकिन लोगों के मुंह से अच्छा ही सुन रहा हूँ। पहले जिस प्रकार से ऋषि मुनि यज्ञ करते थे उसी प्रकार महाकुंभ भी एक यज्ञ है जिसमें देश और दुनिया के लोग आ रहे हैं। लोग वहां जाने के लिए इतने उत्साहित है कि पूरा मार्ग जाम हो जा रहा है। व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

### मोबाइल की वजह से परिवारों में बढ़ रही दूरियां : देवकीनंदन

**जालौन।** जनपद की गल्ला मंडी में चल रही श्री मदभागवत कथा में आस्थावानों का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने मोबाइल से टूटते हुए परिवारों को संवाद कर बचाने की सलाह दी है। राठ रोड स्थित गल्ला मंडी में श्रीविष्णु महायज्ञ के साथ श्रीमदभागवत कथा का आयोजन चल रहा है। इसमें शामिल होने के लिए विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, अरविंद सिंह, गंगाचरण राजपूत, विधायक विनोद चतुर्वेदी, विधायक मूलचंद्र निरंजन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, डीएम राजेश पांडेय, एसपी दुर्गेश कुमार, संयोजक प्रदीप महेश्वरी ने कथा श्रवण किया। कथावाचक ने कहा कि आधुनिकता में लोग संस्कार भूलते जा रहे हैं। बची कसर मोबाइल की लत ने पूरी कर दी है। इसकी वजह से आज के दौर में परिवारों में तेजी के साथ बिखराव हो रहा है। उन्होंने कहा सब कुछ कर्मों पर आधारित है। इसलिए जीवन में अच्छे कर्म करें। इस दौरान संयोजक प्रदीप महेश्वरी, देवीदीन राजपूत, उदय टिमरो, रविंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

### हिंदू राष्ट्र खत्म करने के लिए अमेरिकी फंडिंग की हो जांच

**काठमांडू।** नेपाल को संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म करके धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने के पीछे अमेरिकी फंडिंग की जांच करने की मांग राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद ने रविवार को सदन के भीतर की है। नेपाल को हिन्दू राष्ट्र खत्म करने और धर्मांतरण के लिए 100 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग होने का दावा किया गया है। प्रतिनिधि सभा में रविवार को शून्य समय में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद धवल शमशेर राणा ने नेपाल के संवैधानिक हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त कर धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने और धर्मांतरण के लिए अब तक 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठन करने की मांग की है।

### कलश यात्रा में शामिल हुए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर शिवाय टिम शिवाय फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए। जिसमें नगर के अन्य जगहों से भक्तों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बता दे 16 फरवरी से 22 फरवरी तक सीटी क्लब प्रांगण मे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव आयोजन किया गया है। इस कथा को सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नपाध्यक्ष ने कथा समारोह में सम्मिलित होकर पादुका पूजन किया एवं व्यास पीठ का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर काशी धर्म पीठाधीश्वर, जगतगुरु शंकराचार्य श्री नारायणानंद तीर्थ महाराज की पावन उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। नगरवासियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा श्रवण कर धर्म और सत्संग का लाभ उठाया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा का समापन 22 फरवरी को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

### अनियंत्रित डीसीएम बिजली पोल को तोड़ती हुई तालाब में घुसी

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के चुनार कछवा मार्ग पर शनिवार की रात को अनियंत्रित डीसीएम ट्रक 11000 केवीबिजली के पोल टकरा कर पोल को तोड़ते हुए सड़क किनारे 15 फीट नीचे तालाब में जा गिरी। हादसे में चालक बाल बाल बच गया। जिस समय डीसीएम बिजली पोल से टकराई उस समय 11000 बोल्ट बिजली का प्रवाह हो रहा था। दुर्घटना होते ही ग्रामीणों ने उप खंड अधिकारी अमित गुप्ता को सूचित कर बिजली सप्लाई कटवाई। दुर्घटना के बाद क्षेत्र के कई गावों की बिजली आपूर्ति ठप है। चालक अभय के अनुसार डीसीएम वाहन पर चुनार दुमदुमा स्थित एक सरिया फैक्ट्री सेसरिया लेकर कछवा पहुंचाने गया था। डीसीएम खाली कर वापस चुनार दुमदुमा स्थित सरिया फैक्ट्री जा रहा था।

### श्रद्धालुओं से भरी टवेरा गोल चौक से टकराई, भर्ती

**जिगना (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौराहे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आनेके कारण गोल चौक से टवेरा टकरा गई। महाकुम्भ प्रयागराज से स्नान कर महाराष्ट्र जा रहे श्रद्धालुओं में दो की हालत गंभीर है। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को पीएचसी सर्रोई ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल रेफर किया।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** बहला-फुसला के भगाने व दुष्कर्म करने का आरोपी को अहरौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना प्रभारी अहरौरा को अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना अहरौरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करउप-निरीक्षक संजय सिंह मय पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रदुम कुमार पुत्र स्व0 असरफी निवासी जिगना थाना अहरौरा जनपद मिर्जापुर कोगिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बिजली कर्मियों का राष्ट्रीय सम्मेलन 23 को नागपुर में

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** बिजली के निजीकरण के विरोध में 23 फरवरी को नागपुर के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर आन्दोलन का निर्णय होगा। बिजली कर्मियों ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद यूपी में आन्दोलन की धार तेज करने का निर्णय बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं का राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन हो रहा है। प्रांतीय स्तर के बिजली कर्मियों के फेडरेशन के देश भर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। इस मौके पर ई0 दीपक सिंह, विनीत मिश्रा, बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार, राम सिंह, रामजन्म यादव, राजेश कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

# बाउंड्री वॉल का विधायक ने किया शिलान्यास




▸ एक करोड़ 95 लाख से परेड ग्राउंड बाउंड्री का होगा निर्माण

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर पालिका अंतर्गत चकईपुर मोहाना स्थित परेड ग्राउंड के बांउड्री वाल के निर्माण कार्य का रविवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने भूमि पूजन कर शिलापटट् का अनावरण किया। पं0दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अंतर्गत एक करोड़ 95 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने विधायक के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य से नगर को सम्मान मिला है इसके लिए उन्होंने नगर की जनता की ओर से विधायक के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज चुनार विधान क्षेत्र के विकास की चर्चा आस पास की जनपदों में हो रही है जिसके लिए क्षेत्र के लोग बधाई के पात्र हैं जिनके सहयोग से विकास कार्य करने, कराने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है।विधायक ने कहा कि चुनार पहला विधान सभा है जहां चार राजकीय महाविद्यालय है। विधायक ने कहा कि चुनार में सब्जी मंडी, बस स्टैंड, अग्निशमन केंद्र के स्थापना की स्वीकृति मिल चुकी है, शीघ्र ही वह धरातल पर दिखाई देगा। इसके अलावा अन्य तमाम विकास कार्य भी प्रस्तावित है। इस मौके पर आलोक सिंह, महेंद्र सिंह, मंगल साहनी, बचाउ लाल सेठ, नंदलाल केशरी, चन्द्र हास गुप्ता, ज्योति प्रकाश सिंह, अजय शेखर पांडेय, जगदीश गुप्ता, बच्चा सेठ, चेत नारायण मौर्य, अख्तर अली, हेमंत पाण्डेय, किशन मोदनवाल, मदन लाल, गौतम जायसवाल, विजय बहादुर सिंह, शेषमणी, रविंद्र भूषण मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघ : मोहन भागवत

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह शनिवार को पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 139 लोगों का हुआ उपचार



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में कुल 139 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है।

मतवार जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 51मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कंनौजिया के देखरेख में 42 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 139 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस मौके पर फार्मासिस्ट मनोज कुमार, संजय श्रीवास्तव, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहे।

# पीडीए जनपंचायत में बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान पर हुई चर्चा



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। जनपचांयत 2027 विधानसभा चुनाव तक अनवरत चलेगा। जन पंचायत में बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिये भी संकल्प लिया गया।

चुनार के अधवार, छानबे विधानसभा के पतार कलां, सदर के सेमरा, मझवां के सण्डवा, मड़िहान के जमुई विधानसभा आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने कहा सपा सरकार के कार्यो को भाजपा अपना बता रही है। पीडीए ही एनडीए को हराएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश सरकार का सत्ता से जाना तय है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिये हमें आगे आना पड़ेगा।

जन पंचायत में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रामराज पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, कीर्ति कोल, आशीष यादव, सुरेश पटेल, अरूण पटेल, शिवपूजन यादव, पंकज उपाध्याय, मुमताज अहमद, सदर के जनपंचायत में सत्यप्रकाश यादव, राममिलन यादव, मझवां के जनपंचायत में झल्लू यादव, सौरभ सिंह, भोला यादव, वहीं छानबे के पतार कलां में आयोजित जनपंचायत में हरिशंकर यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, जयनेन्द्र सिंह, अशोक मिश्रा, गणेश केशरी, राणा प्रताप सिंह, सूर्यकान्त सिंह, दिनेश यादव, विजय पटेल, विरेन्द्र यादव, शैलेष पटेल, सन्तबीर मौर्या आदि मौजूद रहें।

## अंडर 64 वर्ग में कांबले हिमानी व 71 किलो वर्ग में सनपती को गोल्ड

**धर्मशाला।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर 64 और अंडर 71 कैटेगरी के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंडर 64 कैटेगरी में भारतीय विद्यापीठ की कांबले हिमानी नागेश को गोल्ड, डॉ बी. आर. अंबेडकर विवि की गुज्जाला वर्षिता को सिल्वर और एमजी काशी विद्यापीठ की ज्योति यादव को ब्रॉन्ज मेडल हासिल हुआ। अंडर 71 कैटेगरी में आंध्र विश्वविद्यालय की सनपती पल्लवी को गोल्ड, मैंगलोर विश्वविद्यालय की तनुषा एम को सिल्वर और भारती विद्यापीठ की नाम्बरे प्रणोती पांडुर को ब्रॉन्ज मेडल से प्राप्त हुआ। उक्त दोनों कैटेगरी के विजेताओं को प्रतियोगिता के अंतिम दिन 17 फरवरी को मेडल दिया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कल सोमवार को समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विस के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के संरक्षक तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो, सत प्रकाश बंसल, विशिष्ट अतिथि, धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. हरमहेंद्र सिंह बेदी भी मौजूद रहेंगे।

# तमिल छात्रों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम-3 के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के बाद दूसरे दिन रविवार को तमिल शिक्षकों और छात्रों के दल ने हनुमान घाट पर पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान की खुशी दल के चेहरे से साफ दिखती रही। गंगा स्नान के बाद दल के सदस्यों ने मां गंगा की आराधना की और सुख समृद्धि की कामना की। दल के सदस्यों ने उत्तर वाहिनी गंगा के पथरीले अर्धचंद्राकार घाटों के इतिहास के बारे में दिलचस्पी दिखाई। वहां मौजूद आचार्यो और काशी के स्थानीय तमिल विद्वान पंडित वेंकट रमण घनपाठी ने घाटों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसपा है। इस दौरान दल के सदस्यों ने घाट पर मौजूद मंदिरों में दर्शन कर भी पूजन किया।

काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़े दक्षिण भारतीय विद्वान पंडित वेंकट रमण घनपाठी ने दल को बताया कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं, सदियों पुराना है। काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसता है। जहां एक दो नहीं, बल्कि दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों के हजारों परिवार बसते हैं, जो इन दोनों राज्यों के मधुर रिश्ते को दर्शाते हैं। केवल हनुमान घाट पर 150 से अधिक घर तमिल परिवारों के हैं, जिनकी गलियों में हर दिन काशी तमिल संगमम होता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन तमिल ग्रंथों में उत्तर भारत के तीन तीर्थ नगरों प्रयागराज, काशी व गया की महत्ता बताते हुए कहा गया है। प्रयागराज में आत्मऋण, काशी में देवऋण व गया में पितृऋण से मुक्ति मिलती है तथा मृत्यु के पश्चात आत्मा को बैकुंठ लोक में वास या मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने तमिल छात्रों को बताया कि इस धार्मिक प्रक्रिया को मुंडन व वेणीदान कहा जाता है। इसके पश्चात काशी पहुंचकर सभी यहां काशीवास करते हैं। काशी में यह धार्मिक यात्रा कम से कम पांच दिनों की होती है। इस दौरान लोग बाबा विश्वनाथ व माता विशालाक्षी का दर्शन-पूजन करते हैं। गंगा स्नान के बाद तमिल छात्र हनुमान घाट स्थित तमिल महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के आवास पर पहुंचे। यहां महाकवि के वंशजों ने महाकवि के बारे में युवा छात्रों को बताया गया। छात्रों ने महाकवि के घर के समीप स्थित पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। पुस्तकालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्रों का दल हनुमान घाट स्थित कांची मठ पहुंचा। यहां मठ के इतिहास और शंकराचार्य के बारे में जानकारी ली।



▸ काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर बसता है मिनी तमिलनाडु, तमिल छात्रों के समूह ने काशी के गंगाघाटों के इतिहास में दिखाई रूचि